www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, गुरुवार, 24 जुलाई 2025 | वर्ष – 67 | अंक – 99 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59



चोल सम्राट के प्रतीकों का जीर्णोद्धार करेगी तमिलनाडु सरकार : स्टालिन पृष्ठ 2
■ उन्मादी कठपुतलियों का देश
■ अडिग संघर्ष की परंपरा के प्रतीक थे वी.एस. अच्युतानंदन पृष्ठ 6
■ ट्रंप ने ओबामा पर लगाया देश से विश्वासघात करने का आरोप
■ गाजा युद्ध में पूरी जीत जरूरी : काट्ज पृष्ठ 7
विलियम्स बनीं टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी पृष्ठ 8

# लगातार तीसरे दिन नहीं चली लोक सभा

## बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को वापस लेने की मांग को लेकर विपक्ष का विरोध जारी

**नई दिल्ली**, 23 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के अपनी मांगों के समर्थन में जबरदस्त हंगामा करने के कारण लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी कोई

- **पहले प्रश्न काल और फिर शून्य काल हुआ बाधित**
- **सदन के बीचोबीच आकर सदस्यों ने की नारेबाजी**

कामकाज नहीं हो सका। बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को वापस लेने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण पहले प्रश्न काल और फिर शून्य काल बाधित हुआ। दो बार के स्थगन के बाद पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गये। पीठीसीन अधिकारी ने हंगामे के दौरान कहा कि आज गोवा की जनजातियों से जुड़ा बहुत महत्वपूर्ण विधेयक कार्यसूची में है। गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन-क्षेत्र अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024 पर चर्चा करनी है। यह आदिवासियों से संबंधित मामला है, इसलिए सभी सदस्यों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हंगामे के कारण पहले ही दो दिन खराब हो चुके हैं। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा, आप तख्तियां लेकर आए हैं, यह सही नहीं है। आप गोवा की जनजातियों से संबंधित विधेयक पर चर्चा नहीं करना चाहते। श्री तेन्नेटी के बार-बार आग्रह करने के बाद भी हंगामा नहीं रुका, तब उन्होंने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।



**एसआईआर एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में पेश हो रहा हूं, इसलिए मैं इस पर ज्यादा नहीं कहूंगा। अगर आप सिर्फ कागजी दस्तावेजों के आधार पर कहते हैं कि सभी लोगों का नामांकन हो गया है, तो यह सही नहीं है : अभिषेक मनु सिंघवी, कांग्रेस सांसद**

**राज्यसभा में एसआईआर पर बढ़ी रार**

बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में लामबंद विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। मानसून सत्र के तीसरा दिन भी बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का विरोध कर रहे विपक्षी दलों के हंगामे के कारण राज्यसभा में पिछले दो दिन से कोई विधायी कामकाज नहीं हो सका है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में 16-16 घंटे होगी बहस

**लोकसभा में 28, राज्यसभा में 29 को चर्चा**

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी।

**मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट जारी**

# भारत 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

**नई दिल्ली**, 23 जुलाई (एजेंसियां)। दिग्गज इन्वेस्टमेंट कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ओर से बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। साथ ही, 2035 तक अर्थव्यवस्था का आकार 10.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में बताया गया कि यह अनुमान इस संभावना पर आधारित है कि 2030 और 2035 के बीच तीन से पांच राज्य (महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक) की अर्थव्यवस्था लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर की होगी और ये शीर्ष 20 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में रैंकिंग में अच्छा सुधार दिखाने वाले राज्य छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश हैं। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, दुनिया की कुल जीडीपी वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी आने वाले दशक में करीब 20 प्रतिशत रहेगी। ऐसे में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आय वृद्धि के लिए देश काफी अहम बाजार है।

- **भारत की हिस्सेदारी आने वाले दशक में 20 प्रतिशत रहेगी**
- **अच्छा सुधार दिखाने वाले राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश शामिल**

**राज्यों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण**

मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने कहा, इस परिणाम को सुनिश्चित करने के लिए, अन्य चीजों के अलावा, भारत के 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। राज्य न केवल राजकोषीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि उपयुक्त नीतियां बनाकर और प्रोत्साहन देकर व्यावसायिक परिस्थितियों को आसान बनाते हैं। साथ ही, निवेश के लिए प्रतिस्पर्धा भी करते हैं। उनके पास अलग-अलग जनादेशों वाले स्वतंत्र राजनीतिक चक्र होते हैं जो विकास को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं और उन्हें उत्पादन के कारकों को नियंत्रित करने के लिए कानून द्वारा सशक्त बनाया जाता है। रिपोर्ट में बताया गया, भारत के प्रतिस्पर्धी संघवाद की सफलता यह तय करने में मदद करेगी कि क्या वह दुनिया के लिए एक कारखाना बनेगा, आने वाले सात वर्षों में अपनी प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करेगा और क्या शेयर बाजार अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखेगा।

## सार संक्षेप

### ड़ॉ. सारस्वत बने पंडित सुन्दरलाल शर्मा विवि के कुलपति

**रायपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने प्रोफेसर डॉ. विरेन्द्र कुमार सारस्वत को पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर का कुलपति नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल, परिलब्धियां तथा सेवा शर्तें विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। वर्तमान में डॉ. सारस्वत, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

### गुजरात एटीएस ने अलकायदा के चार आतंकियों को किया गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने अलकायदा के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और चार आतंकियों को गिरफ्तार किया। चार आतंकियों में से दो गुजरात से, एक दिल्ली से और एक नोएडा (यूपी) से गिरफ्तार किए गए हैं। आतंकियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच बताई जा रही है। गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद में एक बड़े आतंकवाद रोधी अभियान में आतंकवादी संगठन अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईए) से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

### ईडी ने मिंत्रा के खिलाफ फेमा का केस दर्ज किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड, उसकी संबंधित कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के तहत कथित उल्लंघनों के लिए एक शिकायत दर्ज की है। यह कार्रवाई ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की गई है, जिसमें कंपनी पर 1,654.35 करोड़ रुपए के अवैध विदेशी निवेश का आरोप लगाया गया है। सरकारी एजेंसी को विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि मिंत्रा और उसकी संबंधित कंपनियां कथित तौर पर मल्टी-ब्रांड रिटेल ट्रेडिंग (एमबीआरटी) में शामिल थीं।

### दूसरे स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' का जलावतरण

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए बनाये जा रहे दूसरे स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' का बुधवार को गोवा में जलावरण किया गया। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) इस समुद्री पोत को बना रहा है और इसकी लंबाई 114.5 मीटर, चौड़ाई 16.5 मीटर और वजन 4,170 टन है। दोनों प्रदूषण नियंत्रण पोत अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किये जा रहे हैं।

**बिहार विस में भी एसआईआर पर सवाल**

# नीतीश और तेजस्वी के बीच तीखी हुई नोक-झोंक

**पटना**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। तेजस्वी यादव विधानसभा में एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग को भी घेरा। इसी बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को टोकते हुए उनके आरोपों का जवाब दिया। बिहार विधानसभा में तेजस्वी यादव ने कहा कि संविधान में 18 साल से ऊपर के नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम एसआईआर के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसकी प्रक्रिया का हम विरोध करते हैं। पारदर्शिता होनी चाहिए और ईमानदारी से निष्पक्ष होकर चुनाव आयोग को काम करना चाहिए था, लेकिन वह नहीं हो रहा है।



'बाहरी वोटर' के विषय पर तेजस्वी यादव ने कहा, चुनाव आयोग ने दावा किया कि कुछ बाहरी लोग भी मतदाता सूची में शामिल हैं, इसकी जानकारी उन्हें सूत्रों से मिली। शर्म की बात है कि एसआईआर ड्राइव चल रहा है और चुनाव आयोग ने बाहरी वोटर्स पर सामने आकर जवाब नहीं दिया है। उन्होंने सदन में दावा करते हुए कहा, सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और मंगलवार को चुनाव आयोग ने 780 पेज का हलफनामा दिया। उसमें कहीं भी बाहरी लोगों का जिक्र नहीं है। भाजपा के 52986 पंजीकृत बीएलए ने विदेशी नागरिकों के मामले चुनाव आयोग के सामने नहीं उठाए।

**नीतीश ने लालू राबड़ी का कार्यकाल का याद कराया**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में खड़े हुए और तेजस्वी यादव के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के कार्यकाल का याद कराया। नीतीश कुमार ने कहा, जब आपकी उम्र कम थी, तब आपके पिताजी (लालू प्रसाद यादव) मुख्यमंत्री थे। तुम्हारी माता भी मुख्यमंत्री रहीं। उस समय क्या स्थिति थी?

# शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों को कौशलयुक्त बनाना लक्ष्य : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विकसित भारत @2047 के लक्ष्य तभी साकार हो सकते हैं, जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में समाज कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि समय की माँग है कि शतप्रतिशत दिव्यांगजनों को कौशलयुक्त बनाया जाए, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस दिशा में कार्ययोजना बनाकर त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।



- **प्रदेश में 137 विशेष शिविरों के माध्यम से 7669 दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण, 6671 को प्रदाय किए गए कृत्रिम व सहायक उपकरण**

बैठक में मुख्यमंत्री साय ने वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सेवा-भावना के साथ प्राथमिकता में रखा जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर उनका अधिकार प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और निराश्रितों के कल्याण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वृद्धाश्रमों, अनुदान प्राप्त दिव्यांग संस्थाओं और पुनर्वास केंद्रों की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और सुदृढ़ किया जाए। दिव्यांगजनों ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

**रायपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे और पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के बेटे 19 वर्षीय निखिल कश्यप की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत नवा रायपुर में सुबह करीब 4-5 बजे के बीच बाइक के डिवाइडर से टकराने से निखिल कश्यप की मौके पर मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सत्य साईं अस्पताल के पास हुई, जहां निखिल अपनी बुलेट बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना जोरदार था कि बुलेट के परखच्चे उड़ गए। (पूरी खबर नीचे) हादसे में निखिल की मौत हो गई, वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित विधायक कॉलोनी में आयोजित शोक सभा में शामिल होकर वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे एवं बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के सुपुत्र स्वर्गीय निखिल कश्यप को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने स्व. निखिल कश्यप की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना प्रकट की।

# चुनाव याचिका पर भूपेश बघेल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**रायपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। राज्य के 2023 विधानसभा चुनाव में आचार संहिता के तहत 'मौन अवधि' (साइलेंस पीरियड) के उल्लंघन के आरोपों को लेकर उनके खिलाफ दायर की गई चुनाव याचिका रद्द कराने की मांग वाली अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।



- **याचिका वापस लेने की अनुमति दी**

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने याचिका को वापस लेने की अनुमति देते हुए खारिज किया और उन्हें उच्च न्यायालय-कम-चुनाव न्यायाधिकरण में याचिका की वैधानिकता (मेनटेनेबिलिटी) पर प्रारंभिक आपत्ति उठाने की छूट दी। पीठ ने कहा, यदि ऐसा आवेदन दायर किया जाता है, तो हाईकोर्ट से अपेक्षा की जाती है कि वह विपक्षी पक्ष को सुनवाई का अवसर देकर, पहले प्रारंभिक आपत्ति पर निर्णय करे। उच्च न्यायालय के पूर्व आदेश की टिप्पणियां ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई गवई

**नई दिल्ली**, 23 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई करने की सहमति दे दी है। इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग कपिल सिब्बल ने की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भरोसा दिया है कि इस मामले के लिए जल्द ही एक विशेष बेंच का गठन किया जाएगा। हालांकि चीफ जस्टिस बी.आर. गवई इसका हिस्सा नहीं होंगे। वकील कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी और सिद्धार्थ लूथरा जस्टिस यशवंत वर्मा की ओर से पेश हुए। कपिल सिब्बल ने सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने मामला उठाते हुए कहा, इस मामले में कई संवैधानिक पहलू जुड़े हैं। हम आग्रह करते है कि इस अर्जी पर जल्द सुनवाई के लिए बेंच का गठन करें। सिब्बल के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने इस दिशा में कदम उठाने का फैसला किया। विशेष बेंच के गठन के बाद इस मामले की सुनवाई की तारीख जल्द तय की जाएगी। सीजेआई बी. आर. गवई इस मामले के लिए ऐसी बेंच का गठन करेंगे, जिसमें वह खुद न हो।



विभिन्न विपक्षी दलों के 63 राज्यसभा सांसदों ने सोमवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए सभापति को प्रस्ताव का नोटिस सौंपा। कैश कांड में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ यह नोटिस सौंपा गया था। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को इसकी जानकारी दी थी। न्यायमूर्ति शेखर यादव को हटाने के लिए इसी तरह का प्रस्ताव 13 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा के सभापति को सौंपा गया था। इससे पहले संसद के मानसून सत्र का आगाज होते ही 145 लोकसभा सांसदों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए लोकसभा स्पीकर को ज्ञापन सौंपा। सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत यह कदम उठाया है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद अब उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी अपने राजपत्र (गजट) के माध्यम से धनखड़ के इस्तीफे को अधिसूचित किया। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव आयोजित कराने का अधिकार प्राप्त है। यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974 के अंतर्गत संपन्न कराया जाता है। निर्वाचन आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण होते ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

**अब संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का दावा**

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष को सुलझाया था

**संयुक्त राष्ट्र**, 23 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को दोहराया है कि उन्होंने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच विवाद को सुलझाया था, लेकिन भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि यह मामला द्विपक्षीय रूप से हल किया गया।

कार्यवाहक अमेरिकी प्रतिनिधि डोरोथी शीया ने कहा कि पिछले तीन महीनों में 'अमेरिकी नेतृत्व' की भूमिका में जिन तनावपूर्ण संघर्षों को कम किया गया, उनमें भारत और पाकिस्तान के बीच का तनाव भी शामिल है। यह तनाव पहलगाम में 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' की ओर से आतंकवादी हमले के बाद पैदा हुआ था। इसके साथ ही उन्होंने ट्रंप को उस दावे को दोहराया, जो अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर करते आए हैं। डोरोथी ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने दोनों पक्षों को इन प्रस्तावों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसकी हम सराहना और समर्थन करते हैं। दूसरी ओर, भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने दृढ़ता से कहा कि यह पाकिस्तान के भारत से अनुरोध पर 'सीधे तौर पर संपन्न' हुआ था। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने जब अपने प्राथमिक लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया, तो पाकिस्तान के अनुरोध पर सैन्य गतिविधियों को सीधे तौर पर रोक कर दिया गया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' एक केंद्रित, नपी-तुली और गैर-उत्तेजक कार्रवाई थी। हरीश ने बताया कि यह अभियान सुरक्षा परिषद के उस बयान से प्रेरित था, जिसमें पहलगाम हमले के अपराधियों, योजनाकारों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जिम्मेदार ठहराने की जरूरत पर जोर दिया गया। इस अभियान के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में स्थित आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया। डोरोथी और पी. हरीश, सुरक्षा परिषद में 'बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान' विषय पर खुले विमर्श के दौरान बोल रहे थे, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इसहाक डार ने की।

**उपलब्धि** बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय, ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स में 8 पायदान ऊपर चढ़ा

# पासपोर्ट रैंकिंग में 77वें स्थान पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली, 23 जुलाई (एजेंसियां)। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के मिड-ईयर अपडेट में भारत आठ पायदान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत की यह उपलब्धि प्रभावशाली है, क्योंकि पिछले छह महीनों में किसी भी देश की रैंकिंग में यह सबसे बड़ी वृद्धि है। इस वर्ष की शुरुआत में भारत 85वें स्थान पर था।**

*ब्रिटेन स्थित हेनले पासपोर्ट इंडेक्स, उन देशों के नागरिकों को उनके पासपोर्ट द्वारा दी जाने वाली यात्रा स्वतंत्रता के आधार पर देशों की एक ग्लोबल रैंकिंग है। भारतीयों के लिए आगमन पर वीजा लिस्ट में दो और देशों के शामिल होने के साथ, अब देश को 59 देशों में वीजा-मुक्त प्रवेश मिल गया है। यह रैंकिंग उन गंतव्यों की संख्या को दर्शाती है, जहां पासपोर्ट धारक बिना पूर्व वीजा के प्रवेश कर सकते हैं। मलेशिया, इंडोनेशिया, मालदीव और थाईलैंड कुछ ऐसे देश हैं, जो भारतीय पासपोर्ट धारकों को वीजा-मुक्त प्रवेश प्रदान करते हैं। श्रीलंका, मकाऊ, म्यांमार आदि देश आगमन पर वीजा की सुविधा प्रदान करते हैं। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के आंकड़ों पर आधारित यह रैंकिंग दर्शाती है कि एशियाई देशों की पासपोर्ट क्षमता में वृद्धि हो रही है और भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और चीन जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पारंपरिक दिग्गजों के करीब पहुंच रही हैं। यह रुझान आईएटीए के आंकड़ों में भी दिखाई देता है, क्योंकि 2025 के पहले पांच महीनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की एयरलाइनों ने 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वैश्विक हवाई यात्रा वृद्धि में अग्रणी स्थान हासिल किया। उत्तरी अमेरिका में बाजार स्थिर रहा। सिंगापुर ने 227 में से 193 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त पहुंच के साथ इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। जापान और दक्षिण कोरिया 190 गंतव्यों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। फ्रांस, जर्मनी और इटली सहित सात यूरोपीय संघ के देश तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन चौथे स्थान पर रहे, जबकि न्यूजीलैंड, ग्रीस और स्विट्जरलैंड के साथ पांचवें स्थान पर रहा। विश्व स्तर पर कभी पहले स्थान पर रहने वाले अमेरिका और ब्रिटेन में गिरावट जारी रही। ब्रिटेन 186 गंतव्यों तक पहुंच के साथ छठे स्थान पर खिसक गया, जबकि अमेरिका 182 गंतव्यों के साथ दसवें स्थान पर खिसक गया।*

# देश

**उवाच**

"संसद के वर्तमान मानसून सत्र के दौरान पहलगाम नरसंहार के मामले में भारत के 'ऑपरेशन सिन्दूर' पर चर्चा के लिए सरकार को सकारात्मक होना चाहिए तो यह बेहतर होगा, क्योंकि देश की जनता व सीमाओं की सुरक्षा अन्तत: सरकार का पूर्ण उत्तरदायित्व बनता है।

–मायावती, बसपा प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 28.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का एकीकरण अत्यंत आवश्यक : द्रौपदी मुर्मु

## रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को राष्ट्रपति ने किया संबोधित



### नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करने पर दिया जोर

सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में, युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा अवसंरचना के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्तियों के रिकॉर्ड के रख रखाव के लिए ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का कामकाज में इस्तेमाल करने को कहा है। मुर्मु ने बुधवार को यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को

> **कृत्रिम बुद्धिमत्ता व ब्लॉकचेन जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें अधिकारी : मुर्मु**

संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति से अवगत रहना और उन्हें कामकाज में लाना उनका कर्तव्य है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्ति रिकॉर्ड रख रखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि यह शासन का हिस्सा बन रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से बुनियादी ढांचे के विकास में पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने, अपव्यय को कम करने और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी। केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एमईएस 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जल संसाधनों का सतत विकास और कुशल प्रबंधन जल सुरक्षा और विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल और जल संरक्षण को बढ़ावा देकर जन स्वास्थ्य में सुधार, कृषि उत्पादकता को बढ़ावा और प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है।

# कोयला परिवहन को लेकर चीफ जस्टिस ने एसईसीएल पर जताई घोर नाराजगी

**बिलासपुर,** 23 जुलाई (देशबंधु)। एसईसीएल द्वारा खदानों से बेचे गए कोयले के परिवहन के दौरान उड़ रहे डस्ट और जनता को हो रही परेशानी को देखते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा भड़क गए। इस मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने एसईसीएल की कार्य प्रणाली पर सख्त टिप्पणियां की। नाराज चीफ जस्टिस ने यहां तक कह दिया कि एसईसीएल का रवैया इस प्रकार है कि हम कोयला बेचते हैं,बाकी परिवहन करने वाले जानें। यह तो वही बात हुई कि शराब बेचने वाला कहे हम तो शराब बेचते हैं बाकी पीने वाला जाने।

पूरे मामले में जरूरी बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी करने के अलावा चीफ जस्टिस ने एसईसीएल नया शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

> ■ **वाहनों से उड़ रहे डस्ट और जनता की परेशानी को चीफ जस्टिस ने गंभीरता से लिया**

एसईसीएल की खदानों से निकले कोयले की ट्रांसपोर्टिंग के दौरान उड़ रहे डस्ट के मामले मे बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। पूर्व में हुई सुनवाई में इसमें शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान कोल परिवहन के दौरान जनता को हो रही परेशानियों के लिए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने एसईसीएल को खरी खरी सुनाई। चीफ जस्टिस ने कहा कि आप प्लांट चलाइए कोई दिक्कत नहीं है कोई रोकता नहीं है। पर इसका मतलब यह नहीं कि आपके कारण कोई अस्थमा से मर जा रहा है, बरसात का मौसम है, सड़के खराब है,कीचड़ है, आदमी चल नहीं पा रहा, एक्सीडेंट हो जा रहा, इस तरह का रवैया तो मत रखिए।

एसईसीएल द्वारा प्रस्तुत एफिडेविट और जवाब पर नाराज चीफ जस्टिस भड़क गए। एसईसीएल का जवाब कुछ इस तरह का था कि हम कोयला खदान से कोल प्रोडक्शन करते हैं पर इसका ट्रांसपोर्टेशन हमारे द्वारा नहीं किया जाता। इसे खरीदने वाले ट्रांसपोर्टर करते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या बात है भाई, यह तो बड़ी अच्छी बात कह दी आपने। यह तो उसी प्रकार है कि शराब बेचने वाला कहे हम तो शराब बेचते हैं बाकी शराब पीने वाला जाने। हमने परिवहन का काम ट्रांसपोर्टर को दे दिया है यह कहकर आप अपनी जिम्मेदारियां से बच नहीं सकते।

एसईसीएल के एडवोकेट ने कहा कि हम बैरियर के फोटोग्राफ्स दे देंगे, कोयले का परिवहन पूरे नियम कानून के साथ किया जाता है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि हम खुद ट्रैवल करते हैं, हम खुद आपको फोटो खींचकर दे देंगे की क्या स्थिति है। आप तो कोल वाले हैं, आप तो कोल परिवहन कर रही गाड़ियों की ओर देखेंगे नहीं, उल्टा दूसरी तरफ मुंह घुमा लेंगे। हमने एसईसीएल की लिटिगेंसी देखी हैं, आप एसईसीएल वाले तो एक मजदूर के लिए बड़े से बड़ा वकील खड़ा कर देते हैं ताकि उसे नौकरी ना मिले।

यदि ऐसा है तो हम ट्रांसपोर्टिंग बंद करवा देते हैं, आप रखे रहिए अपना कोयला अपने पास।

चीफ जस्टिस ने कहा कि एनटीपीसी, एसईसीएल बाकी जितनी भी ऐसी कंपनियां हैं वे देश के विकास के लिए जो काम कर सकते हैं वह करें। पर इसका मतलब यह भी नहीं है कि आप दूसरों को इसके लिए तकलीफ दे। आपके कोल परिवहन करने वाले 18 चक्के वाली व्हीलर गाड़ियों से सड़कों की स्थिति खराब है सड़के धंसी हुई है। 5 किलोमीटर में 25 गड्ढे हो गए हैं, जो हम आपको दिखा सकते हैं और आप कहते हैं कि ये हमारी जवाबदारी नहीं है। हम केवल कोयला प्रोडक्शन करते हैं बाकी ट्रांसपोर्ट करने वाला जाने। चीफ जस्टिस ने कहा कि यदि ऐसा है तो हम ट्रांसपोर्टिंग बंद करवा देते हैं, आप रखे रहिए अपना कोयला अपने पास आप मैन्युफैक्चरर है आपके रिस्पांसिबिलिटी है ऐसा नहीं है कि छोड़ दिए ट्रांसपोर्टर पर।

**नाराज सीजे की तल्खी आई सामने**

एसईसीएल के अधिवक्ताओं ने अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि माइनिंग एरिया में इस बात का बराबर ध्यान रखा जा रहा है कि नियमों का पालन हो। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या ध्यान दिया जा रहा है, माइनिंग एरिया में मर्डर हो गया कल आप ही तो आए थे उसको अपोज करने के लिए। ट्रांसपोर्टरों की आपसी लड़ाई में कि कौन पहले कोयला निकालेगा,कौन ट्रक ले जाएगा। 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर हुआ हैं,सीधा मर्डर है ये। और आप कह रहे हैं कि हमारा काम सिर्फ कोयला निकालना है। ऐसा न करें।

चीफ जस्टिस ने कहा कि हम सिर्फ इसी काम के लिए नहीं है। आपके पास बड़े-बड़े सलाहकार हैं, आप फायदा कमाए पर नागरिकों की सेहत और सुरक्षा का भी ध्यान रखें। हम इस मामले में आंखें थोड़ी ना बंद रख सकते हैं।

चीफ जस्टिस ने इंस्ट्रक्शन जारी करते हुए कहा कि आप ऐसा करेंगे कि जितनी गाड़ियां आपके यहां से निकलेंगी उसे बिना कोल कवर के परमिट नहीं करेंगे। उसकी फोटो के साथ हाईवे पेट्रोलिंग टीम चेक करेगी।। यदि खुले में कोयला परिवहन करते मिला तो उस ट्रांसपोर्टर की एग्रीमेंट ,रजिस्ट्रेशन रद्द कर दीजिए। चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि हम पूरी फोर्स लगवा कर चेक करवाएंगे इसके साथ ही फ्रेश एफिडेविट फाइल करने के निर्देश सीजे ने दिए हैं।

## सार संक्षेप

### लखीसराय से चुनाव लड़े तेजस्वी यादव : विजय सिन्हा

**पटना।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को जिस तरह से डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को लेकर बयान दिया। उसके बाद अब विजय सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने तेजस्वी को लखीसराय से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। विजय सिन्हा ने कहा कि 'सदन की मर्यादा को अपशब्दों से रौंदने वाला, जनता की समस्याओं पर मौन और अपनी वंशवादी राजनीति पर गर्व करने वाले तेजस्वी यादव, सुन लीजिए हिम्मत है तो लखीसराय आकर चुनाव लड़िए। सोने की चम्मच मुंह में लेकर जन्म लेने वाले, जन्मदिन भी चार्टर्ड प्लेन में मनाने वाले, जनता की धूल से दूर रहने वाले युवराज को ये भ्रम हो गया है कि सत्ता खानदानी विरासत है। लेकिन 2025 में जनता का जनादेश, आपके घमंड का समाधि बनेगा।

### बांदीपोरा में हथियारों के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार देर रात तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त रूप से स्थापित एक सुरक्षा चौकी को देखकर संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

# मप्र में वाहन की चपेट में आने से चार कांवड़ियों की मौत

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की राहत राशि की घोषणा



**ग्वालियर/भोपाल,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से चार कांवड़ यात्रियों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिजन के लिए चार-चार लाख रुपए की राहत राशि की घोषणा की है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ग्वालियर में सड़क हादसे में पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान चार कांवड़ियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों की पुण्यात्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दें। प्रत्येक मृतक के निकटतम परिवारजनों को राज्य शासन द्वारा 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। शोकाकुल परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें अपार दु:ख सहन करने का संबल प्रदान करें। ग्वालियर जिले में मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार कांवड़ियों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। कंपू पुलिस सूत्रों के अनुसार शीतला माता हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार कांवड़ियों को कुचलते हुए पलट गई। कांवड़िए गंगा जल भरकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जलाभिषेक करने के लिए सभी लोग भदावना से कांवड़ भरकर सिड़ाना गांव जा रहे थे। इसी बीच एक बेकाबू कार ने लगभग दर्जन भर कांवड़ियों को रौंद डाला।

# संसद में काले धन पर उठा सवाल तो सरकार ने दिया जवाब

## वित्त राज्यमंत्री बोले, दस सालों में काले धन से जुड़े मामलों में 338 करोड़ की वसूली की गई

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। भारत में कालेधन का मामला लंबे समय से चला रहा है। काले धन का मामला एक बार फिर संसद में उठा है। उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी के सांसद जावेद अली खान ने पूछा कि क्या स्विस बैंकों में जमा भारतीय संपत्ति तीन गुना से अधिक बढ़ गई है, इस पर वित्त राज्य मंत्री ने लिखित में जवाब दिया कि पिछले 10 सालों में काला धन से जुड़े मामलों में 338 करोड़ रुपए की वसूली की गई है।

सांसद जावेद अली खान की ओर से राज्यसभा में कालेधन से जुड़े कई सवाल पूछे गए, क्या स्विस नेशनल बैंक के अनुसार, 2024 में स्विस बैंकों में जमा भारतीय धन तीन गुना से अधिक बढ़कर 3.5 बिलियन स्विस फ्रैंक यानी करीब 37,600 करोड़ रुपए हो गया है, जो 2021 के बाद का उच्चतम स्तर है। साथ ही यह भी पूछा गया कि 2022, 2023, 2024 और 2025 के दौरान अब तक विदेशी खातों से वापस लाए गए काले धन का साल के हिसाब से और देश के हिसाब से ब्यौरा क्या है। इस पर सरकार ने बताया कि स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) के आंकड़ों पर आधारित कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में जिक्र किया गया है कि स्विस बैंकों में भारतीयों द्वारा जमा की गई धनराशि 2024 में पिछले साल की तुलना में बढ़ी है। मीडिया रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है कि स्विस अधिकारियों के अनुसार, एसएनबी के आंकड़ों में, अन्य बातों के साथ-साथ, ग्राहकों की जमा राशि (किसी भी देश में स्थित स्विस बैंकों की विदेशी शाखाओं सहित), अन्य देनदारियों के साथ-साथ बैंकों को देय राशि भी शामिल है। स्विस अधिकारियों ने बताया है कि एसएनबी के सालाना बैंकिंग आंकड़ों का उपयोग स्विट्जरलैंड में भारतीय नागरिकों की जमा राशि के विश्लेषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए। आगे यह भी कहा गया है कि स्विट्जरलैंड 2018 से ऑटोमैटिक एक्सचेंज ऑफ इंफार्मेशन फ्रेमवर्क के तहत भारतीय लोगों के बारे में सालाना वित्तीय जानकारी उपलब्ध करा रहा है। भारतीय अधिकारियों को पहला डेटा ट्रांसमिशन सितंबर 2019 में हुआ था, और तब से यह लगातार जारी है। इसके अलावा, भारत 100 से अधिक विदेशी कर क्षेत्राधिकारों से विदेशी संपत्तियों और आय के बारे में जानकारी हासिल करता है।

### टैक्स चोरी मामले में की जाती है उचित कार्रवाई : सरकार

सरकार के अनुसार, जब भी टैक्स चोरी का कोई मामला सामने आता है, तो डायरेक्ट टैक्स कानूनों के तहत उचित कार्रवाई की जाती है, जिसमें तलाशी, सर्वेक्षण, पूछताछ, आय का आकलन, कर, जुर्माना आदि लगाना और जहां भी लागू हो, आपराधिक अदालत में अभियोजन शिकायत दर्ज करना शामिल है। सरकार ने बताया कि 1 जुलाई, 2015 को बीएमए लागू होने के बाद से, 1 जुलाई, 2015 से 30 सितंबर, 2015 तक बीएमए के तहत एकमुश्त तीन महीने की अनुपालन अवधि में 4164 करोड़ रुपए मूल्य की अघोषित विदेशी संपत्ति से संबंधित 684 खुलासे किए गए। इन मामलों में टैक्स और जुर्माने के रूप में जमा की गई राशि करीब 2476 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा, 31 मार्च तक, काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत 1021 एसेसमेंट पूरे किए जा चुके हैं। कुल 163 अभियोजन शिकायतें भी दर्ज की गई हैं और कुल 35,105 करोड़ रुपए का टैक्स एकत्र किया गया है। खास बात है कि 1 जुलाई 2015 से 31 मार्च 2025 तक काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) एवं कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 यानी के अंतर्गत कर, जुर्माना और ब्याज के साथ 338 करोड़ रुपए की वसूली की गई है।

# चोल सम्राट के प्रतीकों का जीर्णोद्धार करेगी तमिलनाडु सरकार : स्टालिन

**चेन्नई,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि महान सम्राट राजेंद्र चोल द्वारा गंगा के मैदानों में अपने सफल सैन्य अभियान की स्मृति में स्थापित विजय स्तंभ को उसके प्राचीन गौरव के अनुसार पुनर्स्थापित किया जाएगा। वर्तमान समय में यह अरियालुर जिले में जीर्ण शीर्ण अवस्था में है।

स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सम्राट राजेंद्र की महानता का वर्णन करते हुए लिखा मुझे चोल गंगम के जीर्णोद्धार और इसके जल संसाधन विकास के साथ-साथ इस स्थान को एक पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करने की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 27 जुलाई को चेन्नई से 250 किलोमीटर दक्षिण स्थित गंगईकोंडा चोलपुरम में सम्राट राजेंद्र चोल की 1000वीं जयंती में भाग लेने और एक स्मारक सिक्का जारी करने की उम्मीद है। ऐसे में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार इस वीर तमिल राजा से जुड़े किसी भी मुद्दे का श्रेय भारतीय जनता पार्टी को नहीं लेने देना चाहती है। सम्राट राजराज चोल के पुत्र राजेंद्र प्रथम की जयंती तमिल माह आदि के तिरुवाथिरई नक्षत्र में मनाई जाती है। यह गंगईकोंडा चोलपुरम स्थित बृहदेश्वर मंदिर में मनाई जाती है जो ग्रेनाइट से निर्मित अद्भुत तंजावुर विशाल मंदिर की प्रतिकृति है। नेवेली शहर के पास स्थित अब यह गुमनाम शहर 250 वर्षों से भी अधिक समय तक चोल वंश की एक जीवंत राजधानी रहा था।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस नं.:** TRS-RSP-25-26-Bogie-OH-07 **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई के एसी इलेक्ट्रिक इंजनों के WAG9HC बोगी की इंटरमीडिएट ओवरहालिंग (IOH) हेतु। **काम की लागत:** ₹39,59,419/- (रुपये: उनतालीस लाख उनसठ हजार चार सौ उन्नीस मात्र), **बोली सुरक्षा / बयाना राशि जमा:** ₹ 79,200/- (रु. उनहत्तर हजार दो सौ मात्र), **कार्य की पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) महीने। **निविदा समाप्ति की तिथि और समय:** दिनांक 14.08.2025 को 11:30 बजे। **वेबसाइट विवरण** और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं: **http://www.ireps.gov.in**

**सहायक मंडल विद्युत अभियंता (क. च. स्टा), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भिलाई**

PR/R/ADEE/TRS/FL/110

South East Central Railway @secrail



**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/आब/ठेका/2025-26/4083 — कबीरधाम दिनांक 22/07/2025

**//निविदा सूचना-पत्र //**

कार्यालय छ.ग. स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक/सी.एस. एम.सी.एल/उ.प्र.(1)/169/2017/1240 रायपुर दिनांक 27.11.2017 में प्राप्त निर्देश के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु देशी/विदेशी/कम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए सामान्य प्रयोग नियम के अनुरूप कबीरधाम जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराया लिये जाने के संबंध में निविदा जारी किये जा रहे है :-

| क्रं. | मदिरा दुकान का नाम | दुकान स्थापना हेतु निर्धारित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान कोदवागोड़ान | ग्राम पंचायत कोदवागोड़ान के सीमा अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर मदिरा दुकान हेतु पुरे साज सज्जा से युक्त |

उपरोक्त मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लिये जाने के संबंध में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी (कलेक्टोरेट) कबीरधाम के अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में मुहरबंद निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 05.08.2025 समय 2.00 बजे दोपहर तक है।** निर्धारित मापदण्ड की जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त करेंगें **तथा निविदा प्रपत्र शुल्क-1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट, जिला आबकारी अधिकारी, कबीरधाम (छ.ग.)** के नाम से, जमा कर दिनांक 05.08.2025 को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। सबसे कम दर वाले निविदा स्वीकार किया जावेगा। निविदा स्वीकार करने का या न करने का अंतिम निर्णय समिति का होगा। कार्यालय में प्राप्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 05.08.2025 को समय शाम 4.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 07.08.2025 समय शाम 4.00 बजे निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**जिला आबकारी अधिकारी**
**हेतु कलेक्टर**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

जी-252602346


# पटना में विधानसभा घेराव के दौरान जनसुराज के कार्यकर्ता व पुलिसकर्मी भिड़े

## पुलिस लाठीचार्ज में कई कार्यकर्ता हुए घायल

**पटना,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार की राजधानी पटना में बुधवार को जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करने सड़कों पर उतर आए। पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता पटना एयरपोर्ट के रास्ते विधानसभा की ओर कूच कर रहे थे। लेकिन चितकोहरा गोलंबर के पास पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद हालात बिगड़ गए। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पहले धक्का-मुक्की हुई और फिर हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस दौरान कई कार्यकर्ता घायल हो गए। एक प्रदर्शनकारी के सिर से खून बहने का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जन सुराज पार्टी ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा का घेराव कर रहे कार्यकर्ताओं पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद



प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे प्रशांत किशोर ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह जंग की शुरुआत है। सरकार हमें दबाना चाहती है, लेकिन हम ऐसा जवाब देंगे कि पूरा बिहार देखेगा। हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके घर में घेर लेंगे। पुलिस हमें नहीं रोक सकती। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा का मानसून सत्र इन दिनों चल रहा है, जिसके चलते विधानसभा परिसर और आसपास के इलाकों में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

इसके बावजूद जन सुराज कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राजधानी पहुंचे और प्रदर्शन किया। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस आंदोलन का उद्देश्य सरकार से तीन प्रमुख मांगों को लेकर जवाब मांगना था। 1.


**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुशांत रुद्र (कर्ज़दार), आकाश रुद्र (सह-कर्ज़दार), मनीषा सुशांत रुद्र (ज़मानतदार), सुशांत रतन रुद्र (बंधककर्ता), बोलबम आलू भंडार (सुशांत रुद्र द्वारा प्रतिनिधित्व), LBCHM00003618839, LBCHM00004030116, LBCHM00005377605, LBCHM00004963911, 177405500309 & 177460000001. | पीएच नंबर 02, खसरा नंबर 231/1 और 231/2, गाँव-जगदल्ला, आर.एन.एम. और तहसील चाँपा, वार्ड नंबर 26, जिला जांजगीर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 0.07 ए.ओ. 283.64 वर्ग मीटर यानी 3053 वर्ग फीट और निर्मित क्षेत्रफल 6232 वर्ग फीट ज्ञात ऋणभार:- 1. श्री सुशांत रुद्र ने प्रतिभूतिकरण अपीलें, जिनका एसए क्रमांक 1057/2024 है, डीआरटी, जबलपुर के समक्ष दायर कीं, जो निर्णय हेतु लंबित हैं तथापि, प्रकाशन तिथि तक SARFAESI कार्यवाही पर रोक लगाने संबंधी कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। | रु. 1,17,05, 676/- (जुलाई 07, 2025 तक) | रु. 55,50, 000/- / रु. 5,55, 000/- | अगस्त 06, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अगस्त 19, 2025 को सु. 10:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (URL Link-https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अगस्त 18, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **अगस्त 18, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **अगस्त 18, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अगस्त 18, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की चाँपा शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए। संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : जुलाई 24, 2025**
**स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक. 891/NIT-9/2025-26/व.ले.लि. — नवा रायपुर दिनांक 22/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नालिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एनआईटी क्रं. निविदा क्रं. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 9 T0037 | जिला न्यायालय महासमुंद के न्यायालय कक्षो एवं मीटिंग हॉल में फाल्स सीलिंग लाईटिंग का काय। (द्वितीय आमंत्रण) | 3.40 |
| 9 T0038 | जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद में वायरिंग कनसील्ड के लिये विद्युतीकरण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 4.45 |
| 9 T0039 | प्रधान जिला न्यायालय परिसर महासमुंद के चारो ओर लाईटिंग लगाने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 8.36 |
| 9 T0040 | एस डी एम कार्यालय पिथौरा जिला महासमुंद में विद्युतीकरण कार्य (नवीनीकरण कार्य) (द्वितीय आमंत्रण) | 1.69 |

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाक 01/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक है।

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्ते :- 1) उपरोक्त कार्यों के आवंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. वि./यां. संभाग**
**नवा रायपुर छ.ग.**

जी-252602355






## गाने की आत्मा होती है मेलोडी, इसके बिना नहीं हो सकता निर्माण : मिथुन

**नई दिल्ली।** मशहूर संगीतकार मिथुन ने बताया कि वह अपने गानों को कभी कैंसिल नहीं करते, बल्कि उन्हें कुछ समय के लिए होल्ड पर रख देते हैं। यह जरूरी नहीं कि वह गाने से असंतुष्ट हों, बल्कि अन्य वजहें भी इसके पीछे हो सकती हैं। सिंगर का मानना है कि मेलोडी एक गाने की आत्मा होती है, इसके बिना गाने का निर्माण नहीं हो सकता है। मिथुन ने कहा कि मैं गानों को कैंसिल नहीं करता, लेकिन कई बार कुछ आइडियाज और गाने अलग-अलग कारणों से होल्ड पर चले जाते हैं। यह सिर्फ मेरी असंतुष्टि की वजह से नहीं होता। मिथुन ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'जहर' में 'वो लम्हें' और 'कल्युग' में 'आदत' जैसे रीक्रिएटेड गानों से की थी। साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'अनवर' के लिए उनके कंपोज किए गाने 'तोसे नैना लागे' और 'मौला मेरे' आज भी बेहद लोकप्रिय हैं।

## अमिताभ बच्चन के साथ काम करना सौभाग्य की बात : पुनीत मल्होत्रा



**मुंबई,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता पुनीत मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मेगास्टार अमिताभ बच्चन की जमकर तारीफ की। पुनीत ने इंस्टाग्राम पर अमिताभ के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए उनके साथ काम करने के अनुभव को कभी न भूल पाने वाला और शानदार बताया। पुनीत ने लिखा कि कुछ पल जिंदगी में हमेशा याद रहते हैं। मिस्टर बच्चन के साथ काम करना मेरे लिए ऐसा ही एक पल है। उनकी आवाज, उनकी आंखें, उनका व्यक्तित्व और उनकी मौजूदगी को कैमरे के पीछे देखना एक सौभाग्य है। उनकी मौजूदगी हर चीज को और भी खास बना देती है। उनकी मेहनत हर किसी को प्रेरित करती है। सर, आपके अनुग्रह, प्रतिभा और इस अनमोल अनुभव के लिए धन्यवाद।

तस्वीर में अमिताभ बच्चन मजाकिया अंदाज में पुनीत के गले में हाथ डाले दिख रहे हैं, जबकि पुनीत मुस्कुराते हुए कैमरे की ओर देख रहे हैं। वहीं, डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने हार्ट इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी। पुनीत ने अपने करियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी। उन्होंने करण जौहर की 'कभी खुशी कभी गम', हंसल मेहता की 'ये क्या हो रहा है?', निखिल आडवाणी की 'कल हो न हो', अमोल पालेकर की 'पहेली' और तरुण मनसुखानी की 'दोस्ताना' जैसी फिल्मों में काम किया।

# निर्जलीकरण से लेकर फोड़े फुंसी का लभेर से उपचार



**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। प्रकृति की गोद में ऐसे कई सारे फल हैं, जिनसे हम आज भी अनजान हैं। इन्हीं में से एक हैं 'लभेर', जिसे कई लोग लमेड़ा, लसोढ़ा आदि कहते हैं। यह एक ऐसा पौधा है, जिसके फल, छाल, पत्तियां और गोंद का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में विभिन्न रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। यह पौधा भारत में व्यापक रूप से पाया जाता है और इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं।

**लभेर का फल, छाल, पत्तियां व गोंद का पारंपरिक चिकित्सा में उपयोग**

लभेर का वैज्ञानिक नाम 'कॉर्डिया डाइकोटोमा' है। इसके पत्ते चिकने होते हैं। पकने के बाद इसके फल का रंग पीला होता है। लभेर के फल जून के अंत तक पक जाते हैं। खास बात यह है कि इसके फल पकने से मानसून के आगमन का भी अनुमान लगाया जाता है। इसके फल बहुत मीठे होते हैं। पक्षी इस पूरे फल को गुठली समेत निगल जाते हैं और फिर दूर-दूर तक इसके बीजों का प्रसार होता है। बेहद मीठा और चिपचिपा होने की वजह से इस फल को आमतौर पर लोग नहीं खाते हैं। हालांकि, इसका अचार के रूप में सेवन किया जाता है। वहीं, इसके पत्तों का स्वाद पान की तरह होता है। जिस वजह से दक्षिण भारत, गुजरात और राजस्थान में लोग पान की जगह लसोड़े का उपयोग कर लेते हैं। लसोड़ा में पान की तरह ही स्वाद होता है। यह खासकर तौर से गांव के आस-पास मेडों पर पाया जाता है। इसकी लकड़ी बड़ी चिकनी और मजबूत होती है। इसकी लकड़ी के तख्त भी बनाये जाते हैं और बंदूक के कुंदे में भी इसका प्रयोग होता है। इसके साथ ही अन्य कई उपयोगी वस्तुएं बनायी जाती हैं।

**लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, अपच, पेट दर्द से जुड़ी समस्याएं**

लभेर को आयुर्वेद में महत्वपूर्ण औषधि माना गया है। गर्मियों में इसका सेवन करने से डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती और लू से बचाव होता है। साथ ही शरीर में खून की कमी दूर हो जाती है, लसोड़े का इस्तेमाल फोड़े-फुंसियां के उपचार के लिए भी किया जाता है। दाद, फोड़े-फुंसी संबंधित समस्याओं से निजात दिलाने के लिए लसोड़े का इस्तेमाल किया जाता है।

## हेलन, रेखा व माधुरी से मिली शिल्पा शेट्टी को खास प्रेरणा



**मुंबई,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का लोकप्रिय डांस रियलिटी शो 'सुपर डांसर' करीब 4 साल बाद फिर से वापस आ गया है। इस बार शो में और भी ज्यादा जोश और उत्साह देखने को मिलेगा। इस सीजन में देशभर से चुने गए 12 टैलेंटेड बच्चे हिस्सा ले रहे हैं, जो स्टेज पर धमाकेदार डांस परफॉर्मेंस देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये कंटेस्टेंट न सिर्फ शो के जजों को बल्कि लाइव ऑडियंस को भी अपने डांस से इंप्रेस करेंगे।

इस शो के दौरान जज और एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की और कुछ इमोशनल बातें भी शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उनकी जिंदगी और करियर में तीन खास महिलाओं ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है।

शिल्पा शेट्टी ने कहा कि मेरी जिंदगी में हमेशा तीन ऐसी महिलाएं रही हैं, जिन्होंने मुझे प्रेरित किया है। ये तीन महिलाएं हेलेन जी, रेखा जी और माधुरी दीक्षित जी हैं। हेलेन जी की खासियत यह थी कि वो चाहे कुछ भी पहनें या कोई भी डांस करें, वो कभी भी बुरा नहीं लगता था। रेखा जी की आंखों में इतना असर था कि वो सिर्फ अपनी नजरों से बहुत कुछ कह देती थीं। उनका लिप-सिंक और एक्सप्रेशन कमाल के थे।

उन्होंने आगे कहा कि माधुरी दीक्षित जी के हर परफॉर्मेंस में एक अलग ही अंदाज होता है। मैंने डांस करना माधुरी दीक्षित के वीडियो को देखकर ही सीखा है। ये तीनों कलाकार हमेशा से मेरी एक बड़ी प्रेरणा रही हैं।

अपनी मां के बारे में बात करते हुए शिल्पा भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि आज वो जिस मुकाम पर हैं, उसका सबसे बड़ा श्रेय उनकी मां को जाता है, क्योंकि उनकी मां ने हमेशा उनका बिना शर्त साथ दिया और हर मोड़ पर उनका हौसला बढ़ाया।

# फिर से शुरू हो गई कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग

**अधिकतर पर्यटन स्थल दूधपत्थरी, यूसमर्ग जैसे प्रमुख स्थल पर अनुमति नहीं**

■ सुरेश एस डुग्गर



इस यात्रा का अगला गंतव्य गुजरात में नर्मदा नदी के किनारे स्थित केवड़िया है, जो सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी के स्थान के लिए जाना जाता है। प्रतिमा और हर शाम आयोजित होने वाले लाइट एंड साउंड शो के अलावा, पर्यटक सरदार सरोवर बांध भी देख सकते हैं। अगला गंतव्य पुणे भी भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक अभिन्न अंग रहा है। शहर में स्थित आगा खान पैलेस एक वास्तुशिल्प चमत्कार के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन का एक प्रमाण भी है, जहाँ महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी और सरोजिनी नायडू को 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बंदी बनाकर रखा गया था। यहाँ शामिल किए जाने वाले अन्य आकर्षण हैं कस्बा गणपति (पुणे में सबसे पूजनीय देवता), आकर्षक महल लाल महल (शिवाजी महाराज का बचपन का घर) और शनिवार वाड़ा, जो 18वीं शताब्दी का एक प्राचीन किला है। पुणे शहर से 124 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भीमाशंकर मंदिर (ज्योतिर्लिंग) भी इस यात्रा कार्यक्रम में शामिल है।

यात्रा पूरी होने पर यात्रियों को अगले गंतव्य, औरंगाबाद या छत्रपति संभाजीनगर ले जाया जाएगा, जहां वे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों, अजंता और एलोरा की गुफाओं और एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारक बीबी का मकबरा देखने जाएंगे। भगवान शिव को समर्पित घृष्णेश्वर मंदिर, जो बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है, भी यात्रा कार्यक्रम में शामिल है।

इस अत्याधुनिक डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन में दो रेस्टोरेंट, एक आधुनिक रसोईघर, डिब्बों में शॉवर कक्ष, सेंसर-आधारित शौचालय और फुट मसाजर जैसी कई अद्भुत सुविधाएँ हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित यह ट्रेन तीन प्रकार की सुविधाएँ प्रदान करती है- प्रथम श्रेणी एसी, द्वितीय श्रेणी एसी और तृतीय श्रेणी एसी। ट्रेन में प्रत्येक कोच में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड जैसी उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ हैं।

आईआरसीटीसी ने इस विशेष पर्यटक ट्रेन के प्रथम श्रेणी एसी कूपे के लिए प्रति व्यक्ति 1,01,430 रुपए, प्रथम श्रेणी एसी केबिन के लिए 94,845/- रुपए, द्वितीय श्रेणी एसी के लिए 81,675/- रुपए और तृतीय श्रेणी एसी के लिए 71,585/- रुपए की दर से शुरू किया है। । पैकेज की कीमत में एसी श्रेणी में ट्रेन यात्रा, 3 सितारा होटलों में आवास, सभी भोजन (केवल शाकाहारी), एसी वाहनों में सभी जगहों तक जाना-आना और दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा बीमा और आईआरसीटीसी टूर मैनेजरों की सेवाएं आदि शामिल हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों को ...**

को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार हुनरमंद बनाकर मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। इससे वे स्व-रोजगार के अवसरों से जुड़ सकेंगे और समाज में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बैठक में कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर मिलने वाले बेघर, बेसहारा, घुमंतू, दिव्यांग, बच्चे और महिलाएं यदि पुनर्वास की आवश्यकता में हों, तो उन्हें तत्काल पुनर्वास केंद्रों में पहुंचाने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न पेंशन प्रकरणों का भौतिक सत्यापन करते हुए पात्र हितग्राहियों को वरीयता के आधार पर पेंशन का लाभ दिया जाए। साथ ही विभागीय हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

मुख्यमंत्री साय ने तृतीय लिंग समुदाय के पंजीयन की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित कर यूडीआईडी (छ्ढ्ढ) पंजीयन और मेडिकल बोर्ड से प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया को भी गति देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी जरूरतमंद बच्चे, महिलाएं, युवा या बुजुर्ग कृत्रिम अंग, बैसाखी, श्रवण यंत्र, ट्राइसायकल या फिजियोथेरेपी जैसी आवश्यकताओं से जूझ रहे हों, उन्हें संबंधित उपकरण तत्काल उपलब्ध कराए जाएं। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बिना सहारे के न रहे, यह शासन की प्रतिबद्धता होनी चाहिए।

समीक्षा बैठक में कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदाय योजना, सामर्थ्य विकास योजना, नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय नि:शक्तजन पुनर्वास कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित समाज कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और भविष्य की कार्ययोजना पर विमर्श किया गया।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि बीते एक वर्ष में प्रदेशभर में कुल 137 दिव्यांग विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से 7669 दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 6671 व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए हैं। इससे उनके जीवन में आशा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और राहुल भगत, समाज कल्याण सचिव भुवनेश यादव, संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**चुनाव याचिका पर भूपेश बघेल को ...**

इस नए आवेदन पर असर नहीं डालेंगी। बघेल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी ने पक्ष रखा। उन्होंने तर्क दिया कि साइलेंस पीरियड का उल्लंघन 'भ्रष्ट आचरण' (करप्ट प्रैक्टिस) की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए याचिका प्रथम दृष्टया सुनवाई योग्य नहीं है।

गौरतलब है कि भूपेश बघेल (कांग्रेस) और उनके भतीजे विजय बघेल (भाजपा) के बीच 2023 के विधानसभा चुनाव में पाटन सीट से सीधा मुकाबला हुआ था, जिसमें भूपेश बघेल विजयी घोषित हुए थे।

बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल ने चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया कि भूपेश बघेल ने मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले की मौन अवधि के दौरान रैली/रोड शो का आयोजन किया और उनके समर्थन में नारेबाजी करवाई।


**NECC**

| 24.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 450 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |

डिलीवरी 465 सैकड़ा

दर्जन अंडा 78 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA


## आज का इतिहास

1783-जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
1830-चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
1834-पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
1870-अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
1911-भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म।
1915-सेंट्रल शिकागो में एक स्टीमर ईस्टलैंड की वजह से 844 लोगों की जान गयी।
1929-फ्रांसीसी प्रधानमंत्री रेमंड पोंकारे ने इस्तीफा देने के बाद अरिस्तैड ब्रेंड को इसका उत्तराधिकारी बनाया गया।
1937-प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म।
1941-उत्तर यूरोपीय देश लिथुनिया में सम्पूर्ण यहूदी आबादी की नाजियों ने हत्या की।
1944-300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।
1945-बंगलोर स्थित %विप्रो कॉर्पोरेशन% के अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी का जन्म।
1999-अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलंबिया का सफल प्रक्षेपण।
2002-यूरोपियन यूनियन ने संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष में 3.20 करोड़ यूरो अतिरिक्त देने का निर्णय लिया।
2004-इटली ने भारतीय पर्यटकों के लिए सात वीजा काल सेंटर शुरू करने का निर्णय लिया।
2005-कोरियाई क्षेत्र को परमाणु हथियारों से मुक्त करने हेतु उत्तर और कोरिया के बीच आम सहमति बनी।
2006-प्यूर्टो रिको की सुन्दरी जुलेखा रिवेरा मेंडोजा गिस यूनिवर्स, 2006 चुनी गईं।

### आरोप / संयुक्त राष्ट्र में भारत ने सीमा पार आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को लताड़ा, कहा

# पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ा रहे संघर्ष

**न्यूयॉर्क, 23 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने' के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के आतंकवाद-रोधी अभियान का जिक्र किया और छद्म युद्ध से उत्पन्न बढ़ते खतरे का उल्लेख किया। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा संघर्षों को पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ाते जा रहे हैं।**

श्री हरीश ने पाकिस्तान को उसकी असलियत बताते हुए भारत और पाकिस्तान की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'एक तरफ एक जीवंत लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और एक बहुलवादी समाज वाला भारत है तो दूसरी तरफ कट्टरता, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय कर्ज पर लगातार निर्भर पाकिस्तान है। इस परिषद का एक सदस्य देश जिसका, आचरण पूरा विश्व जानता है,जो आतंकवाद का रहनुमा है और जिसकी आलोचना पूरी दुनिया करती है उसे कम से कम इस तरह के उपदेश नहीं देने चाहिए।

भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में एक उच्च स्तरीय खुली बैठक में आतंकवाद के मसले पर जमकर पाकिस्तान को लताड़ा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन शुरू करते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों पर एक सटीक और आनुपातिक कार्रवाई की। उन्होंने कहा, 'यह ऑपरेशन अपने उद्देश्यों को पूरा करने के बाद और पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर शीघ्र ही समाप्त कर दिया गया था।



**भारत ने अधिक शांतिपूर्ण, समृद्ध, न्यायसंगत व समतापूर्ण विश्व को बढ़ावा देने के लिए काम किया है : पी हरीश**

उन्होंने वैश्विक व्यवस्था में भारत की लंबे समय से निभाई जा रही रचनात्मक भूमिका की पुष्टि करते हुए कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्य के रूप में, भारत ने अधिक शांतिपूर्ण, समृद्ध, न्यायसंगत और समतापूर्ण विश्व को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ लगातार काम किया है।

राजदूत ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा ढांचे को आतंकवाद, कट्टरपंथ और असममित युद्ध जैसे समकालीन ख़तरों से निपटने पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता को देखते हुए इसकी विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बहाल करने के लिए तत्काल सुधारों की आवश्यकता है।

श्री हरीश ने शांति स्थापना और सतत विकास से लेकर मानवीय सहायता तक, संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भारत के सक्रिय योगदान का उल्लेख भी किया।

## दुनिया को जानें

### पृथ्वी की गति तेज होने से दिन हुए छोटे, वैज्ञानिक हैरान

**कैलिफोर्निया,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। इस साल गर्मी के मौसम में पृथ्वी की गति तेज़ होने के कारण दिन थोड़े छोटे हो गए हैं, जिसने वैज्ञानिकों को समय की गणना पर खासा ध्यान देना पड़ा है।

इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एडं रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस और अमेरिका नौसेना वेधशाला के आंकड़ों से पता चला है कि गत 10 जुलाई अब तक का सबसे छोटा दिन था, जो 24 घंटे से 1.36 मिलीसेकंड कम दर्ज किया गया। एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा। यही नहीं अनुमान है कि आगामी पांच अगस्त का दिन भी 24 घंटे से 1.25 मिलीसेकंड कम हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक दिन की लंबाई वह समय है जो धरती अपनी धुरी पर एक पूरा चक्कर काटने में लेती है। यह औसतन 24 घंटे या 86,400 सेकंड होता है, लेकिन वास्तव में, चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल, धरती पर मौसमी बदलाव और पृथ्वी के आंतरिक कोर के असर जैसी चीजों के चलते धरती का घूमना थोड़ा आगे पीछे हो जाता है। इसका असर यह पड़ता है कि एक पूरा चक्कर आमतौर पर 86,400 सेकंड से थोड़ा कम या अधिक समय लगता है।

# खेल जगत

**राष्ट्रीय खेल विधेयक युवाओं के लिए एक अच्छा नवाचार साबित होगा : गौरव गौतम**

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत सरकार यह विधेयक संसद में पेश करने जा रही है। गौरव गौतम के अनुसार ऐसे निर्णय युवाओं के लिए अच्छे नवाचार साबित होंगे। भारत सरकार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी राष्ट्रीय खेल विधेयक के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है। यह ठीक उसी तरह होगा, जैसे बाकी राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) सरकार के नियमों के अंतर्गत आते हैं। खेल मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जब यह कानून बन जाएगा, तो बीसीसीआई के लिए इसके सभी प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार मौजूदा मानसून सत्र में ही इस विधेयक को पेश करने वाली है। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आईएएनएस से कहा कि अगर सरकार यह फैसला लेती है, तो बहुत अच्छा निर्णय होगा।



## भारत ने इंग्लैंड से 2–1 से जीती वन डे सीरीज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बेहतरीन शतक और नवोदित तेज गेंदबाज क्रांति गौड के गेंद से 'छक्के' की बदौलत भारत की महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे और आखिरी वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मेजबान इंग्लैंड को मंगलवार रात चेस्टर ली स्ट्रीट में 13 रन से हरा कर सीरीज 2–1 से जीत ली। भारत का श्रीलंका में होने वाले महिला विश्व कप से पहले यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दूसरी वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज जीती। भारत ने इसी दौरे पर मेजबान इंग्लैंड से पांच टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 3–2 से जीती थी।

हरमनप्रीत कौर ने कुल 126 रन बनाए वह मैच और इस वन डे सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई। 21 बरस 345 दिन की भारत की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ महिला वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सबसे कम उम्र में छह या इससे अधिक विकेट चटकाने वाली सबसे कम उम्र की गेंदबाज रही। क्रांति ने इंग्लैंड की जो जो चैम्बरलिन के 22 बरस 85 दिन की उम्र में डेनमार्क के खिलाफ 1991 में आठ रन देकर सात विकेट लेने के रिकॉर्ड को तोड़ा।

हरमनप्रीत कौर के 84गेंदों में 14 चौकों पर 102 रनों और तीसरे विकेट के लिए हरलीन देयोल(45 रन, 65 गेंद, चार चौके) के साथ तीसरे विकेट की 81 और जेमिमा रॉड्रिग्ज (50 रन, 45 गेंद, 7 चौके) के साथ 111 रन और खुद पांचवीं बल्लेबाज के रूप में बाएं कैच हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ की गेंद को ड्राइव करने की कोशिश में इंग्लैड की कप्तान नैट शिवर ब्रंट को कैच थमाने से पहले ऋचा घोष (38 रन, 18 गेंद, 2 छक्के, तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट की 32 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने टॉस जीत कर चेस्टर ली स्ट्रीट में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट पर 318 रन का पहाड़ का सा स्कोर बनाया।राड्रिग्ज ने ऑफ स्पिनर चार्ली डीन के दो ओवर में उनकी गेंदों पर चार चार चौके जड़े। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने वन डे अंतरराष्ट्रीय करियर का सातवां शतक पूरा किया। हरमनप्रीत जब 22 रन पर थी तब फाइलर की गेंद उनके पैड पर लगी लेकिन इंग्लैंड ने रिव्यू नहीं वह आउट होने से बच गईऔर भारत का स्कोर दो विकेट प 132 रन था। जवाब में क्रांति गौड (6/52) और बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचारिणी (2/68) ने मिलकर आपस में आठ विकेट विकेट बांट का कप्तान नेट शिवर ब्रंट (98 रन, 105 गेंद। 12 चौके) की एमा लैंब (68 रन, 81 गेंद, पांच चौके) के साथ तीसरे विकेट की 162 तथा खुद चौथी बल्लेबाज के रूप में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा की गेंद पर विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच थमाने से पहले आउट होने से पहले चौथे विकेट के लिए सोफिया डंकले(34 रन, 36गेंद, दो चौके) के साथ चौथे विकेट की 25 रन की भागीदारी के बावजूद इंग्लैंड को 49.5ओवर में 305 पर आउट कर भारत को मैच और सीरीज जिता दी। भारत की तेज गेंदबाज क्रांति गौड ने इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज एमी जोंय (4 रन, 5 गेंद)और टैमी ब्यूमोंट (2 रन, 5 गेंद) को अपने शुरू के दो ओवर में मात्र आठ रन के भीतर आउट करने के बाद चार्ली डीन (21 रन, 15 गेंद, 2 चौके), एलिस डेविडसन रिचडर्स (44 रन ,34 गेंद, एक छक्का, 2 चौके) र फिर अपने आखिरी दो ओवर मे लॉरेन फाइनल (0 रन, 1 गेंद)और लॉरेन बेल (7 रन, 4 गेंद, एक छक्का) को आउट कर गेंद से छक्का जड़ इंग्लैंड की पारी समेट भारत को जीत दिलाई। श्रीचारिणी ने एमा लैम्ब को बोल्ड किया और सोपी एकेलस्टोन को जेमिमा के हाथों कैच कराया।

इससे पहले टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी प्रतीका रावल (26 रन, 33 गेंद, दो चौके) और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने तेज आगाज कर 12.1 ओवर में भारत के लिए 64 रन जोड़े की प्रतीका न चार्ली डीन की गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर जोंस को कैच थमा दिया। भारत के स्कोर में 17 रन और जुड़े थे कि स्मृति मंधाना (45 रन,54 गेंद, 5 चौके) ने बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकेलस्टोन की गेंद को ड्राइव करने की कोशिश में मिडविकेट पर डंकले को कैच थमा दिया। हरलीन देयोल ने लॉरेन बेल की गेंद को उड़ाने की कोशिश में शॉर्ट मिडविकेट पर नैट शिवर ब्रंट को कैच थमाया और भारत ने तीसरा विकेट 33 वें ओवर में 162 रन पर खो दिया। जेमिमा रॉड्रिग्ज ने अपनी कप्तान के हरमनप्रीत कौर के साथ मिलकर तेजी से भारत की पारी को रफ्तार दी लेकिन जब भारत का स्कोर 272 रन पर पहुंचा तो वह तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर की बाउंसर को उड़ाने की कोशिश में विकेटकीपर जोंस को केच थमा चौथी बल्लेबाज के रूप में आउट हुई।

### 'इंग्लैंड से तीन वन डे मैचों की सीरीज भी जीतना बहुत बड़ा क्षण'

'इंग्लैंड से तीन वन डे मैचों की सीरीज भी जीतना हम सभी के लिए बहुत बड़ा क्षण है और हम इन दोनो सीरीज में जिस तरह खेले उससे वाकई खुश हैं। इसका श्रेय हमारी टीम की जुगलबंदी और सपोर्ट स्टाफ को जाता है। हमारी टीम ने मैदान और उससे बाहर शानदार काम किया। हमारी टीम हर किसी को जब भी मौका मिला उसे उसने दोनों हाथों से लपका। मैदान पर बढ़िया प्रयासों का सिला मिला। हमारी टीम की नवोदित खिलाड़ी क्रांति गौड और बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचारिणी को वूमन प्रीमियर लीग में खेलने का अनुभव है और दोनों ही वहां अपनी अपनी टीम स्ट्राइक गेंदबाज थी और दोनों हमेशा गेंदबाजी को तैयार दिखी। क्रांति सहित अपनी सब गेंदबाजों की बहुत खुश हूं और इससे साफ हो गया वे मैच और सीरीज जीतने को बेताब थीं। हमारे फील्डिंग कोच मुनीष बाली सर को इस बात का श्रेय जाता है वे टीम की खिलाड़ियों के साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं।

## मैनचेस्टर टेस्ट : राहुल और यशस्वी की मजबूत शुरुआत

**मैनचेस्टर,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की शुरुआत हो चुकी है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम ने मजबूत शुरुआत की है और लंच तक बिना कोई विकेट गंवाए 78 रन बना लिए हैं। भारतीय टीम के लिए पारी की शुरुआत करने उतरे यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल गंभीर और शांत दिखे। दोनों ने सिंगल-डबल और मौका मिलने पर बड़े शॉट खेलते हुए पारी को आगे बढ़ाया। जायसवाल पर पिछले टेस्ट में अपना विकेट फेंकने का आरोप लगा था। वह ज्यादा ही सुरक्षात्मक दिख रहे हैं।लंच तक जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 78 तक पहुंचा दिया है। जायसवाल 74 गेंद पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 36 रन पर नाबाद हैं। वहीं, राहुल 82 गेंद पर चार चौके की मदद से 40 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम इस मैच में तीन बदलाव के साथ उतरी है।

**दोनों ने सिंगल-डबल और मौका मिलने पर बड़े शॉट खेले**




### इंग्लैंड में केएल राहुल का जलवा, 1,000 टेस्ट रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने

**मैनचेस्टर।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में बतौर ओपनर शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। राहुल इस सीरीज में शानदार फॉर्म में हैं। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे चौथे टेस्ट में राहुल ने एक शानदार उपलब्धि अपने नाम की। वह इंग्लैंड की धरती पर 1,000 टेस्ट रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। चौथे टेस्ट के पहले सेशन के सातवें ओवर में राहुल ने क्रिस वोक्स की गेंद पर चौका लगाते हुए इंग्लैंड की धरती पर 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। केएल राहुल से पहले सचिन तेंदुलकर (1,575 रन), राहुल द्रविड़ (1,376 रन), सुनील गावस्कर (1,152 रन) और विराट कोहली (1,096 रन) यह कारनामा कर चुके हैं। केएल राहुल ने इंग्लैंड का पहला दौरा 2018 में किया था और 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 299 रन बनाए थे। 2021 में इंग्लैंड के अपने दूसरे दौरे में 4 टेस्ट में उन्होंने 315 रन बनाए थे।

## विलियम्स बनीं टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी

**वाशिंगटन,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 वीनस विलियम्स ने बुधवार को डीसी ओपन' विमेंस सिंगल्स के पहले दौर के मुकाबले में विश्व नंबर-35 पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। यह 16 महीनों में वीनस का पहला सिंगल्स मैच था। इसी के साथ 45 वर्षीय वीनस विलियम्स टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गईं। इस लिस्ट में मार्टिना नवरातिलोवा शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को शिकस्त दी थी। उस समय मार्टिना नवरातिलोवा 47 साल की थीं। ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद वीनस विलियम्स ने कहा, यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना कठिन होता है, इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा, मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन असल बात जीतकर दिखाना है। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है। मैं यहां अपने दोस्तों, परिवार, प्रियजनों और फैंस के साथ हूं, जिन्हें प्यार करती हूं। वह भी मुझे प्यार करते हैं। 2023 के सिनसिनाटी टूर्नामेंट में वीनस विलियम्स ने तत्कालीन विश्व नंबर-16 वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया था। मतलब लगभग दो साल के अंतराल पर उनकी आखिरी दो जीत टॉप-35 खिलाड़ियों के खिलाफ रही हैं।

वीनस का दूसरे दौर में एक अन्य टॉप-35 खिलाड़ी से मुकाबला होगा। दूसरे दौर में उनकी पहली भिड़ंत पोलैंड की विश्व नंबर-24 मैग्डालेना फ्रेच से होगी। 5वीं वरीयता प्राप्त फ्रेच ने सोमवार को पहले दौर में क्वालीफायर यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी है। इससे पहले, वीनस ने 16 महीनों में अपने पहले पेशेवर टेनिस मैच में जीत हासिल की। मंगलवार को उन्होंने 'डीसी ओपन' विमेंस डबल्स के पहले दौर में हैली बैप्टिस्ट के साथ मिलकर युगल वाइल्ड कार्डधारी यूजिनी बाउचार्ड और क्लर्वी न्गूनू को हराया था।



यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना कठिन होता है, इसे बयां करना मुश्किल है : वीनस विलियम्स

## पीवी सिंधु और 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा प्री-क्वार्टर फाइनल में




**चांगझोउ,** 23 जुलाई, (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली।सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिश शटलर क्रिस्टी गिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया।

## सार संक्षेप

### एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ की मेजबानी करेगा

**कंपाला।** युगांडा रग्बी विश्व कप 2027 के लिए एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ मैच की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला मंडेला नेशनल स्टेडियम में 26 जुलाई को नामीबिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच खेला जाएगा। अफ्रीकी क्वालीफायर में जिम्बाब्वे से हारने वाले नामीबिया के पास यूएई के खिलाफ इस निर्णायक मुकाबले में अपनी विश्वकप की उम्मीदों को जिंदा रखने का दूसरा मौका होगा। मेजबानी को लेकर रग्बी अफ्रीका के अध्यक्ष हर्बर्ट मेन्सा ने कहा कि हमें खुशी है कि एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ भी युगांडा में होगा। युगांडा के लिए एक और बड़े मैच की मेजबानी करना एक शानदार अवसर है। हम इसे संभव बनाने के लिए सरकार और युगांडा रग्बी यूनियन के आभारी हैं। यूएई की टीम मंगलवार को युगांडा पहुंच गई है। नामीबिया पर जीत से यूएई नवंबर 2025 में होने वाले विश्व रग्बी रेपचेज टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर जायेगी और उसके पास ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2027 विश्वकप में जगह बनाने के लिए और मौका मिल जायेगा। रेपचेज चार टीमों का राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट होगा जिसमें एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ विजेता, यूरोप की पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम, दक्षिण अमेरिका की तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम और दक्षिण अमेरिका/प्रशांत प्ले-ऑफ की हारने वाली टीम शामिल होगी।

### पाकिस्तान की महिला टीम में अनकैप्ड एमान शामिल

**लाहौर।** पाकिस्तान ने छह अगस्त से शुरु होने वाले आयरलैंड दौरे के तीन टी-20 मैचों के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज एमान फातिमा को शामिल किया है। छह से 10 अगस्त तक चलने वाली इस टी-20 सीरीज के मैच डबलिन के क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब में खेले जायेंगे। अनकैप्ड एमान फातिमा ने राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। उन्होंने आठ मैचों में 155.14 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में होने वाले पहले महिला अंडर-19 विश्वकप में भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। 15 सदस्यीय टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले कराची में एक प्री-सीरीज प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी।

## चैंपियंस लीग टी-20 10 साल से ज्यादा समय के बाद वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। चैंपियंस लीग ट्वंटी20 (सीएलटी20) वापसी के लिए तैयार है - और इसका दूसरा संस्करण बड़ा और बेहतर होगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सदस्यों ने, जिन्होंने हाल ही में सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान बैठक की, विभिन्न देशों की घरेलू ट्वंटी20 लीगों की फ्रेंचाइजी वाली इस टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो लीग अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है। क्रिकबज को पता चला है कि अंतराष्ट्रीय बोर्ड जल्द ही लीग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए बैठक करेंगे, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि कई फ्रेंचाइजी मालिकों की टीमें कई देशों में हैं। इस क्रॉस-टीम स्वामित्व संरचना को संबोधित करना नियामकों के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी, जिनसे अपेक्षा की जाती है - जैसा कि पहले भी होता रहा है - कि वे लीग के संचालन के लिए एक गवर्निंग काउंसिल (जीसी) या बोर्ड का गठन करें।नियामकों के सामने एक और बड़ी चुनौती लीग के पैमाने और दायरे का निर्धारण करना होगा। जब 2015 में चैंपियंस लीग टी20 बंद कर दिया गया था, तब फ्रेंचाइजी-आधारित प्रतियोगिताएं केवल कुछ प्रमुख टेस्ट खेलने वाले देशों में ही मौजूद थीं। दस साल बाद, टी20 परिदृश्य में भारी और नाटकीय बदलाव आया है - क्रिकेट जगत में लीगों की बाढ़ आ गई है, यहाँ तक कि अमेरिका और यूएई जैसे एसोसिएट देश भी अपने टूर्नामेंट चला रहे हैं। नेपाल और कनाडा जैसे देश भी इस दौड़ में शामिल हो गए हैं। नवीनतम गणना के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 11 प्रमुख फ्रेंचाइज लीग हैं, जिनमें इंग्लैंड का द हंड्रेड भी शामिल है।




### पाकिस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला

**लुसाने (स्विट्जरलैंड),** 23 जुलाई (एजेंसियां)। हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाकिस्तान हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया। आगामी सत्र 'लीग ऑफ द' का सातवां सत्र होगा।

## चार बल्लेबाज, जिनके नाम 'मैनचेस्टर' में सर्वाधिक तीन शतक

**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के 'ओल्ड ट्रैफर्ड' मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जाना है। टेस्ट फॉर्मेट में इस मैदान पर सिर्फ चार बल्लेबाज तीन शतक जमा सके हैं। आइए, इनके बारे में जानते हैं। कथबर्ट गॉर्डन ग्रीनिज: वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने साल 1976 से लेकर 1988 के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में चार टेस्ट मैच खेले, जिसकी पांच पारियों में उन्होंने 100.60 की औसत के साथ कुल 503 रन बनाए। ग्रीनिज ने इस मैदान पर 223 रन की पारी भी खेली है।

डेनिस कॉम्पटन :इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने साल 1939 से 1955 के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में कुल आठ टेस्ट खेले, जिसकी 13 पारियों में 81.80 की औसत के साथ 818 रन अपने नाम किए। इस मैदान पर 158 रन की पारी खेल चुके कॉम्पटन यहां तीन शतकों के अलावा चार अर्धशतक भी जमा चुके हैं।



एलिस्टेयर कुक : साल 2006 से 2017 के बीच इंग्लैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने यहां कुल आठ टेस्ट खेले, जिसकी 13 पारियों में 57.08 की औसत के साथ 685 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और इतने ही अर्धशतक जमाए। ओल्ड ट्रैफर्ड में उन्होंने 127 रन की पारी भी खेली है।

एलेक्स स्टीवर्ट इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने साल 1992 से 2002 के बीच यहां नौ टेस्ट खेले, जिसकी 14 पारियों में 58.66 की औसत के साथ 704 रन बनाए। ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर उन्होंने तीन शतक और एक अर्धशतक लगाए। स्टीवर्ट ने यहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ 164 रन की पारी भी खेली है। भले ही मैनचेस्टर में सबसे ज्यादा शतक लगाने वालों में जो रूट का नाम नहीं है, लेकिन वह इस मैदान पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**किंग्स्टन,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पावर हिटर आंद्रे रसेल ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में ताबड़तोड़ पारी के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। हालांकि, सबीना पार्क में उनकी टीम को आठ विकेट से करारी हार झेलनी पड़ गई। आंद्रे रसेल टी20 सीरीज से पहले ही संन्यास की घोषणा कर चुके थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मुकाबलों की सीरीज के शुरुआती दो मैच उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम मुकाबले थे। आंद्रे रसेल अपने गृहनगर में विदाई मैच खेलना चाहते थे।आंद्रे रसेल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में उस समय बल्लेबाजी के लिए उतरे, जब टीम 98 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। उन्होंने 15 गेंदों की पारी में चार छक्के और दो चौके लगाए। 37 वर्षीय आंद्रे रसेल ने फैंस को उनके सपोर्ट के लिए धन्यवाद देते हुए स्वीकारा कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया है। साल 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रह चुके आंद्रे रसेल ने कहा कि मैं सबीना पार्क के लोगों और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को इसके लिए धन्यवाद कहना चाहता हूं। घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर बहुत खुशी हुई। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन मैं इतने सारे मैच खेलकर खुश हूं और टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते, लेकिन लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। रोमारियो शेफर्ड, शेरफेन रदरफोर्ड, अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर जैसे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सबीना पार्क में अपना करियर खत्म करना अद्भुत है। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट का खेल है। आपने हमारा बहुत समर्थन किया है और आगे भी करते रहिएगा।



■ आंद्रे रसेल अपने गृहनगर में विदाई मैच खेलना चाहते थे

### वेस्टइंडीज को आठ विकेट से रौंदकर ऑस्ट्रेलिया ने टी20 सीरीज में बनाई 2-0 से लीड

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जमैका में खेले गए दूसरे टी20 मैच को आठ विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से बढ़त हासिल कर ली है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने आठ विकेट खोकर 172 रन बनाए। ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच आठ ओवरों में 63 रन की साझेदारी हुई। ब्रैंडन किंग ने 36 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 51 रन की पारी खेली, जबकि शाई होप महज नौ रन बनाकर पवेलियन लौटे। टीम 98 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से आंद्रे रसेल ने वेस्टइंडीज को संभालते हुए उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। आंद्रे रसेल ने 15 गेंदों में 36 रन की पारी खेली, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल रहे, जबकि गुडाकेश मोती ने नौ गेंदों में 18 रन की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को 172/8 के स्कोर तक पहुंचाया। विपक्षी टीम की ओर से एडम जांपा ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके, जबकि नाथन एलिस और ग्लेन मैक्सवेल ने दो-दो सफलता हासिल की। बेन ड्वारशुइस ने एक विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 15.2 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली।टीम 42 के स्कोर तक ग्लेन मैक्सवेल (12) और कप्तान मिशेल मार्श (21) का विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद जोश इंगलिस ने कैमरून ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 131 रन की अटूट साझेदारी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 28 गेंदें शेष रहते जीत दिला दी। जोश इंगलिस ने 33 गेंदों में पांच छक्कों और सात चौकों के साथ 78 रन बनाए, जबकि कैमरून ग्रीन 32 गेंदों में 56 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में चार छक्के और तीन चौके शामिल थे। मेजबान टीम के लिए जेसन होल्डर और अल्जारी जोसेफ को एक-एक विकेट हाथ लगे।

### सुडोकू 6983 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 2.51 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.94 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.66 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.15 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.02 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंद यूनिलीवर | 1.19 प्रतिशत |
| बीईएल | 0.68 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 0.68 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.12 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,533 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,15,850 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7862.15 |
| मसूर काली | 8057.45 |
| उड़द दाल | 10487.46 |
| मूंग दाल | 10126.14 |
| अरहर दाल | 10996.74 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिली : एडीबी

## एडीबी ने विकासशील एशिया व प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपने विकास पूर्वानुमानों को किया कम

**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने बुधवार को कहा कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 प्रतिशत और 2026 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इसकी वजह घरेलू स्तर पर मजबूत मांग और मौद्रिक नीति में नरमी होना है।

एडीबी ने बयान में कहा कि महंगाई इस साल 3.8 प्रतिशत और 2026 में 4 प्रतिशत रह सकती है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय की गई सीमा के मुताबिक है।

बयान में आगे कहा कि भारत में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट से मुख्य महंगाई को नियंत्रित करने में भी मदद मिली है। खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक होने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जून में घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई, जो 77 महीनों में सबसे कम है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि इस वित्त




भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.5 प्रतिशत, 2026 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान : एडीबी

वर्ष में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.4-6.7 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जिससे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में देश की स्थिति मजबूत होगी।

हालांकि, एडीबी ने विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपने विकास पूर्वानुमानों को कम कर दिया है। यह गिरावट उच्च अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के साथ-साथ कमजोर घरेलू मांग के बीच निर्यात में कमी की आशंकाओं के कारण हुई है।

एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) जुलाई 2025 में एडीबी ने अनुमान जारी कर कहा कि इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाएं इस साल 4.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेंगी, जो अप्रैल में जारी अनुमान से 0.2 प्रतिशत अंक कम है। वहीं, अगले वर्ष के लिए पूर्वानुमान 4.7 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है। अमेरिकी टैरिफ और व्यापार तनाव में वृद्धि से एशिया और प्रशांत क्षेत्र के विकास की संभावनाओं को और नुकसान पहुंच सकता है। अन्य जोखिमों में संघर्ष और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकते हैं और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि कर सकते हैं।

## आरबीआई का एफआई इंडेक्स मार्च में बढ़कर 67 पर पहुंचा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जानकारी देते हुए बताया कि देश का फाइनेंशियल इंक्लूजन इंडेक्स (एफआई इंडेक्स) मार्च 2025 में बढ़कर 67 हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। केंद्रीय बैंक के बयान के अनुसार, मार्च 2024 में यह इंडेक्स 64.2 पर था। आरबीआई ने एक रिलीज में कहा कि मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए इंडेक्स संकलित किया गया है। मार्च 2025 के लिए एफआई-इंडेक्स का मूल्य 67 है, जबकि मार्च 2024 में यह 64.2 था। इसमें सभी उप-सूचकांकों जैसे पहुंच, उपयोग और गुणवत्ता में वृद्धि देखी गई है। एफआई-इंडेक्स आरबीआई द्वारा विकसित एक मापक है, जो यह ट्रैक करता है कि देश भर में लोगों तक वित्तीय सेवाएं कितनी अच्छी तरह पहुंच रही हैं। यह बैंकिंग, बीमा, निवेश, पेंशन और डाक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़ों का उपयोग कर फाइनेंशियल इंक्लूजन के स्तर को दर्शाता है। यह इंडेक्स 0 से 100 तक होता है, जहां 0 का अर्थ पूर्ण वित्तीय बहिष्करण और 100 का अर्थ पूर्ण वित्तीय समावेशन है। आरबीआई के अनुसार, इस वर्ष के इंडेक्स में सुधार मुख्य रूप से वित्तीय सेवाओं के उपयोग और गुणवत्ता में बेहतर प्रदर्शन के कारण हुआ है।

## भारत ग्लोबल साउथ में परिवर्तन को गति देने के लिए प्रतिबद्ध : नीति आयोग



सतत विकास लक्ष्यों के लिए सभी का मिलकर काम करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा है कि भारत का सतत आर्थिक और समावेशी विकास मॉडल उसे ऐसे समय में स्थिरता का आधार बनाता है, जब दुनिया आर्थिक अनिश्चितता और परिवर्तन का सामना कर रही है। अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच के मंत्रिस्तरीय सत्र में बेरी ने कहा कि विश्व समुदाय वर्तमान में गहन आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिससे सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए सभी का मिलकर काम करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

उन्होंने जोर दिया कि आज दुनिया को नए ग्रोथ इंजन, डेवलपमेंट मॉडल और स्टेबिलिटी के विश्वसनीय आधार की आवश्यकता है, जिन्हें विभिन्न देशों में लागू किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अपने विशिष्ट लाभों और विकास के इतिहास का उपयोग कर ग्रोथ इंजन, डेवलपमेंट मॉडल और स्टेबिलिटी के विश्वसनीय आधार तीनों को प्रदान करने के लिए तैयार और उत्सुक है। बेरी ने भारत की आर्थिक दृढ़ता पर जोर देते हुए कहा कि देश लगातार बढ़ते सामाजिक-आर्थिक मानकों के साथ एक समृद्ध लोकतंत्र बन गया है।

## भारतीय निवेशकों ने हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं को दी प्राथमिकता

**नई दिल्ली,** 23 जुलाई (एजेंसियां)। जून इक्विटी, हाइब्रिड और एसआईपी सेगमेंट में रिकॉर्ड उच्च निवेश और सक्रिय निवेशक भागीदारी के साथ, भारतीय म्यूचुअल फंड क्षेत्र के लिए एक सफल महीना रहा। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।




जून में शुद्ध निवेश बढ़कर 23,223 करोड़ रुपए हुआ

आईसीआरए एनालिटिक्स ने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम बढ़कर 74.41 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो तिमाही आधार पर 13.2 प्रतिशत और सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि है। इसे शेयर बाजारों में तेजी और खुदरा निवेशकों की निरंतर रुचि का समर्थन प्राप्त हुआ।

मई 2025 में कुल एयूएम 72.20 लाख करोड़ रुपए था, जबकि जून 2024 में यह 61.16 लाख करोड़ रुपए था।

इस महीने बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों ने अपनी बैलेंस्ड रिस्क-रिवार्ड प्रोफाइल के लिए हाइब्रिड योजनाओं को प्राथमिकता दी, क्योंकि इनमें आर्बिट्रेज, मल्टी-एसेट एलोकेशन और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का प्रमुख योगदान रहा, जिससे 23,223 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड तोड़ शुद्ध निवेश हुआ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्बिट्रेज, मल्टी-एसेट एलोकेशन और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में क्रमशः 15,585 करोड़ रुपए, 3,210 करोड़ रुपए और 1,886 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। इस बीच, इक्विटी-उन्मुख योजनाओं में कुल शुद्ध निवेश 23,587 करोड़ रुपए रहा, जो मई 2025 की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है।

## डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट जारी

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग आने से अमेरिकी मद्रा की तुलना में बुधवार को रुपया 3.25 पैसे टूट गया। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.4125 रुपए का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार छठे कारोबार दिवस पर कमजोर हुई है। रिया सिंह ने बताया कि रुपया 86.50 रुपए प्रति डॉलर की तरफ बढ़ रहा है जो चार सप्ताह का निचला स्तर है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में हो रही देरी से बाजार में निवेशक आशंकित हैं। विशेषकर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद उनकी चिंता और बढ़ गई है जिसमें उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क लगाने की बात कही थी।

## अमेरिका ने जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया

**टोक्यो।** अमेरिका ने जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने इसका स्वागत किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले कहा था कि जापान पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। मंगलवार को हुए समझौते में हालांकि 15 प्रतिशत पर सहमति बनी। बदले में जापान अमेरिका में भारी निवेश के लिए राजी हुआ है। प्रधानमंत्री इशिबा ने बुधवार को इस समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि जापान के लिए परस्पर अनुवर्ती टैरिफ की दर, जो 25 प्रतिशत बढ़ाने की बात थी, 15 प्रतिशत रखी गई है। यह अमेरिका के साथ व्यापार लाभ वाले देशों के लिए अब तक लगाई गई सबसे कम दर है।


**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8368/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 22/07/25**

प्राधिकरण की टिकरापारा (80 जनता मकान) योजनान्तर्गत जनता मकान क्रमांक 37 क्षेत्रफल 343.87 वर्गफुट श्रीमती प्रतिभा गुप्ता पति श्री राजेश गुप्ता को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु दिनांक 21.07.2025 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8360/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 22/07/25**

प्राधिकरण की टिकरापारा (80 जनता मकान) योजनान्तर्गत जनता मकान क्रमांक 48 क्षेत्रफल 415 वर्गफुट श्रीमती कावेरी बघेल पति श्री संतूराम बघेल को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने हेतु दिनांक 10.07.2025 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8369/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 22/07/25**

प्राधिकरण की मठपुरैना योजनांतर्गत भूखंड क्रमांक 196 रकबा 450 वर्गफुट श्रीमती रेशमा तबस्सुम पति श्री मिर्जा शमीम बेग द्वारा फ्री- होल्ड पर धारित हैं। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा क्रेता श्रीमती बिलकिस कुरैशी पति श्री मोहम्मद कलीम कुरैशी निवासी 37/157, बैजनाथपारा, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया है, क्रेता द्वारा प्राधिकरण के अभिलेख में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखंड की नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**आवेदन क्रमांक 6465**
**क्रमांक 8160/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 17/07/25**

प्राधिकरण की टिकरापारा (96 टेनामेंट) योजनान्तर्गत फ्लैट क्रमांक ए-08 क्षेत्रफल 343 वर्गफुट श्रीमती सुलेखा चौधरी पति श्री चन्द्रकांत चौधरी द्वारा फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी श्रीमती सुलेखा चौधरी की दिनांक 05.08.2024 को मृत्यु हो जाने के कारण प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उनके वारिसान पति 1. श्री चन्द्रकांत चौधरी पिता श्री पूरनमल चौधरी एवं 2. श्री पंकज कुमार चौधरी (पुत्र) 3. श्रीमती रूचि अग्रवाल (पुत्री) पिसरान श्री चन्द्रकांत चौधरी सभी निवासी फ्लैट क्रमांक ए-08, आर.डी.ए. कॉलोनी, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त उत्तराधिकारी नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना-पत्र**

क्रमांक/वाचक/ना.तह./2024-2025
रायपुर, दिनांक 10.07.2025
प्रति,
सरोज कुमार कान्द्रेगुला पिता के रामाराव द्वारा मु. आम मनोज कुमार पिता के. रामाराव निवासी गणेश मंदिर के पास शिवानंद नगर सेक्टर 4 खमतराई तहसील व जिला रायपुर
विषय-राजस्व मामला क्रमांक/202502114500033 /अ-6/वर्ष 2024-2025 पक्षकार वेंकट राव पिता अपल्ला नायडू वगैरह विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदकगण वेंकट राव पिता अपल्ला नायडू श्रीमती पदमा पति वेंकट राव दोनों निवासी इंफ्रंट ऑफ एल/53/3 डीजल कालोनी बोंडामुंडा सुंदरगढ ओडिसा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा ग्राम गुढ़ियारी, प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 10/9 रकबा 0.0093 हे. भूमि को विक्रेता सरोज कुमार कान्द्रेगुला पिता के रामाराव द्वारा मु.आम मनोज कुमार पिता के. रामाराव निवासी गणेश मंदिर के पास शिवानंद नगर सेक्टर 4 खमतराई तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.08.2019 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेवक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के विक्रेता/भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 09.08.2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202507111500057/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती नीतू साहू पति श्री ललित साहू निवासी मडई दाढ़ी बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुल लेख किया है कि ग्राम-फाफाडीह प.ह.नं. 48 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 03, भूखण्ड क्रमांक 87/2 का भाग, खसरा क्रमांक-87 का भाग, रकबा 706 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती दमयंती पिथालिया पति स्व.श्री किशोरचंद्र पिथालिया निवासी-फाफाडीह रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.03.2024 के माध्यम से स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किये है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31.07.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00054 टाटीबंध ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254407 21800090

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00054 के अंतर्गत ग्राम टाटीबंध के वर्तमान भूमिस्वामी हरजिन्दर सिंह पिता/पति जागीर सिंह पता कोर हाऊस 717 टाटीबंध रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 226/4 0.0078 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अमृतपाल सिंह पिता/पति स्व. हरजिंदर सिंह पता म.नं. 34 ए, श्रीराम लोटस वैली, एम्स हॉस्पिटल गेट नंबर-05 के बगल में टाटीबंध रायपुर छ.ग., रनवीर कौर पिता/पति स्व. हरजिंदर सिंह पता म.नं. 34 ए, श्रीराम लोटस वैली, एम्स हॉस्पिटल गेट नंबर-05 के बगल में टाटीबंध रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार**

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 16.07.2025

**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने गुरुवार को हरेली अमावस्या के मौके पर पाट जात्रा पूजा विधान के साथ विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की शुरुआत होगी। इस दौरान पारम्परिक मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादार रथ निर्माण के लिए औजार बनाने ठुरलू खोटला पूजा विधान करेंगे। इस अवसर पर बस्तर दशहरा समिति द्वारा मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादारों सहित गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों को उपस्थित होकर पाट जात्रा पूजा विधान में शामिल होने का आग्रह किया गया है। पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित इस 75 दिवसीय ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में शुक्रवार 05 सितम्बर को डेरी गड़ाई पूजा विधान, रविवार 21 सितम्बर को काछनगादी पूजा विधान, सोमवार 22 सितम्बर को कलश स्थापना पूजा विधान, मंगलवार 23 सितम्बर को जोगी बिठाई पूजा विधान सहित बुधवार 24 सितम्बर से सोमवार 29 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा एवं चार चक्के का फूल रथ परिक्रमा पूजा विधान, सोमवार 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे बेल पूजा, मंगलवार 30 सितम्बर को महाअष्टमी पूजा विधान एवं निशा जात्रा पूजा विधान, बुधवार 01 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई पूजा विधान एवं मावली परघाव, गुरुवार 02 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा विधान एवं आठ चक्के का विजय रथ परिक्रमा पूजा विधान, शुक्रवार 03 अक्टूबर को बाहर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, शनिवार 04 अक्टूबर को सुबह काछन जात्रा पूजा विधान के पश्चात दोपहर में मुरिया दरबार का आयोजन होगा। वहीं रविवार 05 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान में ग्राम्य देवी-देवताओं की विदाई की जाएगी और मंगलवार 07 अक्टूबर को मावली माता की डोली की विदाई पूजा विधान के साथ ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

# जलभराव की समस्या का महापौर ने लिया जायजा



**कहा- जल्द होगी निकासी की उचित व्यवस्था**

**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। महापौर संजय पाण्डे ने बुधवार को सुबह शहीद पार्क, लालबाग सनसिटी सहित कुछ इलाके का निरीक्षण कर वहां जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। हाल ही में हुई बारिश के बाद पार्क के कई हिस्सों में पानी भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों ने महापौर को इस समस्या से अगस्त कराया। समस्या के तुरंत बाद संजय पाण्डे, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा शहीद पार्क पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहीद पार्क में जलनिकासी की व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पार्क में स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज लाइन की प्रभावी योजना तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त पार्क में 2 यूरिनल निर्माण भी किया जाएगा जिससे वहां आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।

महापौर श्री पाण्डे ने कहा कि शहीद पार्क शहर का गौरव है और हम इसके रख-रखाव में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। नागरिकों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। नगर निगम जल्द ही साफ-सफाई, जलनिकासी और मूलभूत सुविधाओं को लेकर कार्ययोजना बनाकर अमल में लाएगा, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

संजय पाण्डे ने लालबाग सनसिटी इलाके में गहरे जलभराव की समस्या का गंभीरता से निरीक्षण किया। वर्षों के बाद इलाके में जल जमाव की स्थिति

# शहर जिला कांग्रेस ने टोल टैक्स संबंधित मांगों को लेकर डिप्टी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**सीजी-17 जैसे लोकल गाड़ियों को टोल टैक्स की नि:शुल्क मिले सुविधा : सुशील मौर्य**

**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा टोल टेक्स संबंधित मांगों को लेकर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि रायपुर से टोल धमतरी से जगदलपुर के बीच की दुरी 294 कि.मी हैं। इस दरम्यान बढ़ईगुडा, मसोरा, चारामा के आगे जगतरा फिर धमतरी टोल नाका संचालित हो रहा हैं, परन्तु पप्पु ढाबा के आस-पास नया टोल नाका बनाया जा रहा हैं। चार टोल प्लाजा होने के बावजूद नए टोल प्लाजा बनाया जाना एनएचएआई के नियमों के खिलाफ है, जबकि नेशनल हाईवे की निर्धारण और संग्रह के तहत एवं एनएचएआई टोल प्लाजा के बीच की न्युनतम दुरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए इसके बावजूद शर्तों को पुरा नहीं किया जा रहा है एवं कांकेर से लेकर केशकाल तक की सड़के बेहद खराब हैं। एनएचएआई द्वारा पूरे जगह टोल नाकाओं में सुविधाओं का अभाव है। बस्तर अंचल की अंघरूनी क्षेत्रों के कई गाडिओं पर फास्टेक नहीं लग पाया है। जब वे टोल पर जाते है तो डबल चार्ज के साथ साथ डबल शुल्क लेते है और उनसे बतमीजी से पेश आते हैं जो कि कतई बर्दाशत नहीं किया जायेगा। टोल ठेकेदारों द्वारा टोल नाको पर भी बाहरी राज्यों के कामगरों से टोल संचालन के साथ साथ दंबगई भी की जाती है। जगदलपुर से बढ़ईमुढ्ढा टोल नाका की दुरी 12 कि.मी पर हैं परन्तु शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से लगे 20 कि.मी के दायरे में आने वाले सभी छत्त17 के गाड़ियों से पैसा लिया जाता है जो कि न्याय संगत नहीं हैं। परिवहन व सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस विषय पर साफ कहा कि टोल प्लाजा के बीच की न्युनतम दुरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए। श्री मौर्य ने बताया कि वहीं कुम्हारी टोल पर भी छत्त04 07 से टोल नहीं लिया जाता हैं। उसी तरह से यहा पर भी छत्त17 की गाड़ियों को टोल फ्री किया जाए। टोल टैक्स का शुल्क तो लिया जा रहा है परन्तु रायपुर तक खासकर कई जगहों पर सड़क बेहद खराब भी है। वह कब तक बन जायेगा या तो तब तक कोई भी टोल को चारामा के आगे जगतरा टोल या मसोरा टोल नाका को निशुल्क किया जायें। एनएचएआई के अनुरूप टोल शुल्क लेने के बाद जो सुविधायें जैसे एम्बुलेन्स व अन्य सुविधायें मिलनी चाहिए वो अप्राप्त हैं। अत: कांग्रेस पार्टी की मांग है कि इस विषय पर ठोस कार्यवाही करें अन्यथा 7 दिनों बाद कांग्रेस पार्टी टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वर्षों से लीकेज पाइप का हो रहा सुधार कार्य



**लीकेज पाइपलाइन सुधारने से पेयजल व्यवस्था में होगा सुधार : संजय पाण्डे**

**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम के अंतर्गत जलप्रदाय विभाग के द्वारा पेयजल सप्लाई के लिए बिछाई गई मेन लाइन और सप्लाई लाइन से शहर में कई स्थानों पर बड़ी लीकेज विगत तीन वर्षों से थी। लीकेज पाइपलाइन को सुधारने का अब तक ठोस प्रयास नहीं होने से रोजाना लाखों लीटर पानी विगत कुछ सालों से व्यर्थ बह रहा था। निगम में भाजपा परिषद बनने के पश्चात गर्मी में लीकेज को ठीक किया जाना संभव नहीं था। महापौर संजय पाण्डे ने जलकार्य सभापति सुरेश गुप्ता और पीएचई अधिकारी के साथ वर्षो से व्यर्थ बह रहे पानी को रोकने की योजना बनाई। बरसात में ऐसे सभी लीकेज को सुधारने के क्रम में सर्किट हाउस के पास सुधार कार्य चल रहा है। सुधार कार्य चलने के दौरान निगम अमले के साथ महापौर, जल कार्य सभापति और कर्मचारियों के साथ डटे रहे। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि शहर में पेयजल हेतु पूर्व में बिछे जल आवर्धन योजना की पाइपलाइन और उसके बाद अमृत योजना की पाइपलाइन का कार्य हुआ है। वर्तमान में जल आवर्धन योजना की पाइपलाइन से शहर के 17 ओवर हैट टैंक में फिल्टर किया हुआ पानी पहुंचाया जाता है जिससे शहर की पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। चूंकि यह लीकेज कई वर्षों से था और गर्मी में इसे बनाना संभव नहीं था इसलिए बरसात में इसे ठीक किया जा रहा है। ऐसे सारे लीकेज पर अब सुधार कार्य हो रहे है। महापौर ने कहा कि इस पाइपलाइन को सुधारने हेतु युद्ध स्तर पर दिन-रात निगम के अधिकारी कर्मचारी के साथ मजदूर लगे हुए हैं। हमारा प्रयास होगा कि शहर की जनता को कम से कम तकलीफों का सामना करना पड़े। हमने अतिरिक्त टैंकर की व्यवस्था कर रखी है। प्रभावित क्षेत्रों में लगातार टैंकरों से पेयजल प्रदान किया जा रहा है। शहर की जनता से महापौर ने अपील करते हुए कहा है कि कुछ असुविधाएं भी होगी मगर आप निगम का सहयोग करते हुए संयम बनाए रखें। यथाशीघ्र पेयजल व्यवस्था को पूर्व की तरह सुचारू किया जएगा। इस अवसर पर जलकर सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा कि महापौर संजय पाण्डे का निगम का लंबा अनुभव का लाभ जलकार्य विभाग को मिल रहा है। महापौर की संवेदनशीलता और तत्परता से हम बहुत ही कम समय में सभी लीकेज को सुधार लेंगे और शहर की जनता को कम से कम परेशानियों के बाद हम पेयजल पूर्व की तरह संचालित करने में सफलता मिलेगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पार्षद हरीश पारख उपस्थित रहे एवं निगम अधिकारी संजीव कर्ण के नेतृत्व में कर्मचारी और मजदूर कार्य पर लगे रहे।

# सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को 11 मैच खेले गए



**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच खेले जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के पांच संभागों के स्कूल फूटबाल टीमें भाग ले रही है। बालक टीम 17 वर्ष और 15 वर्ष आयु वर्ग की टीम में प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं वही 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिका टीमें इस प्रतियोगिता में खेल रही है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रतिदिन 10-10 मैच खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को स्थानीय प्रदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में 11 मैच खेले गए। बुधवार का पहला मैच 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक टीम बस्तर और दुर्ग के बीच खेला गया। बस्तर की टीम ने 11 ङ्क0 से मैच में जीत दर्ज किया। दूसरा मैच 17 वर्ष आयु वर्ग बालक बस्तर और रायपुर के मध्य खेला गया। बस्तर की टीम ने 0 ङ्क1 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच बस्तर और बिलासपुर की बालिका टीम के बीच खेला गया। बस्तर की टीम ने 11ङ्क0 से मैच जीता। चौथा मैच दुर्ग और बिलासपुर बालक टीम के बीच खेला गया। 1ङ्क0 से बिलासपुर की टीम ने जीत दर्ज की। पांचवा मैच दुर्ग और सरगुजा की बालिका टीम के बीच खेला गया, जिसमें दुर्ग की टीम ने 2ङ्क0 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का छठवां मैच सरगुजा और रायपुर के 15 वर्ष बालक वर्ग के बीच खेला गया। सरगुजा की टीम ने 1ङ्क0 से रायपुर को पराजित किया। सातवां मैच 17 वर्ष बालिका टीम रायपुर और बिलासपुर के बीच खेला गया जिसमें रायपुर की टीम ने 12ङ्क0 से बिलासपुर को पराजित किया। आठवां मैच 15 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर और बिलासपुर के बीच खेला गया। बस्तर ने 3ङ्क0 से बिलासपुर को पराजित किया। नया मैच 17 वर्ग बालिका वर्ग में दुर्गा और बस्तर के बीच खेला गया जिसमें बस्तर की टीम ने 4ङ्क0 से दुर्ग को पराजित किया। दसवां मैच 17 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर और बिलासपुर के बीच खेला गया जिसमें बस्तर ने 6ङ्क0 से बिलासपुर को पराजित किया और बुधवार का अंतिम 11 वां मैच 17 वर्ष बालिका वर्ग में सरगुजा और रायपुर के बीच खेला गया जिसमें रायपुर की टीम ने 1ङ्क0 से सरगुजा को पराजित किया। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन गुरुवार को कल 9 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने आज हुई रिमझिम बारिश के बीच अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर फुटबॉल प्रेमी दर्शकों को आकर्षित किया।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु निभाएं अहम भूमिका : कलेक्टर




**जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों की बैठक में दिए निर्देश**

**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक हरिस एस ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सहकार से समृद्धि ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु कृषि और उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन इत्यादि कृषि के आनुशांगिक गतिविधियों के लिए ज्यादा से ज्यादा सहायता किसानों और ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएं। इस दिशा में सम्बंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर किसानों और ग्रामीणों के ऋण प्रकरणों की स्वीकृति के साथ ही निर्धारित अवधि में ऋण वितरण सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर श्री हरिस ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रधान कार्यालय में बुधवार को बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रबंधकों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर ऋण वसूली के लिए भी आवश्यक पहल किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी हरिस ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं के मद्देनजर किसानों एवं ग्रामीणों की जरूरत के अनुरूप उन्हें ऋण सहायता की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करें। उन्होंने खरीफ फसल सीजन 2025 के तहत ऋण वितरण, वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत ऋण की वसूली, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन की प्रगति, समितियों में खाद-बीज का भण्डारण एवं वितरण, केसीसी में स्वीकृत ऋण, एग्री स्टेक पंजीयन, समितियों में शेष धान के स्टॉक एवं लेखा मिलान आदि की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण के तहत उद्यानिकी, मत्स्यपालन, गौपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन इत्यादि प्रकरणों की समयावधि में परीक्षण कर पात्रता एवं अपात्रता का चिन्हांकन कर शीघ्र निराकरण करने, मांग के विरूद्ध वसूली में सभी कालातीत ऋणि व्यक्तियों से शत-प्रतिशत राशि की वसूली, खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कर मांग अनुरूप वितरण करने तथा पैक्स कम्प्यूटराईजेशन की पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देशित किया गया। बैठक में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत् तहसील करपावण्ड ग्राम छिंदगाव निवासी जयपाल बजरंगी मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी रतनी को, तहसील बकावण्ड ग्राम मंगनार निवासी निशा बघेल की मृत्यु बिजली गिरने से पिता सम्पत बघेल को और तहसील जगदलपुर ग्राम कालीपुर निवासी समीर गुहा की मृत्यु पानी में डूबने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कलेक्टर ने महारानी अस्पताल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण



**जगदलपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर श्री हरिस एस ने बुधवार को महारानी अस्पताल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण के लिए अभिप्रेरित करते हुए कहा कि पेड़ लगाना प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है और मां का स्थान हमारे जीवन में सर्वोपरि होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार पेड़ हमें जीवन और स्वस्थ वातावरण प्रदान करते हैं। यह अभियान मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद सहित अन्य चिकित्सकगण और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
एजेंसी देना है
छत्तीसगढ़ प्रदेश की सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक देशबन्धु को कांकेर, केशकाल में एजेंसी देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।
प्रबंधक
मो. 7000480650

**27 को होगा नि:शुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त रोग पर पहला कैंप**

**दंतेवाड़ा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त रोग को लेकर दंतेवाड़ा में नि:शुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन होने जा रहा है। यह कैंप रविवार 27 जुलाई को हाई स्कूल रोड़ स्थित बालाजी मेडिकल में आयोजित



# भव्य रूप से मनायी जाएगी राज्य स्थापना की रजत जयंती

- अभी से बन रही रूपरेखा, समय सीमा बैठक में कलेक्टर दी जानकारी
- स्वतंत्रता दिवस समारोह हेतु विभागों को सौंपे गए दायित्व
- प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश



**दंतेवाड़ा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम आगामी स्वतंत्रता दिवस के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक तैयारियां के रूप रेखा के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए।

समय सीमा की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के आयोजन के सबंध में विभागीय कार्यक्रमों की रूपरेखा अंतर्गत प्रस्तावित तिथि के संबंध में भी विस्तार पूर्वक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने ई-ऑफिस प्रणाली के तहत सर्व विभाग प्रमुखों से सभी विभाग प्रायोगिक तौर पर फाइल तैयार कर इसे ई-ऑफिस प्रणाली की प्रक्रिया अनुसार जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने की समीक्षा की और कहा कि आगामी माह से सभी कार्यालयीन कार्यों जैसे फाइल, दस्तावेज और पत्राचार, नोटशीट इत्यादि ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही संपादित होगें। अत: सर्व विभाग ई-ऑफिस के तहत किसी भी प्रकार की समस्याएं आने पर अपने कर्मचारियों को जिला कार्यालय में भेज कर इसका समाधान कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैठक में नीति आयोग विकास सूचकांक के अंतर्गत संपूर्णता अभियान के परिप्रेक्ष्य में कृषि स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, पशुधन विकास, विभाग द्वारा विगत महिने उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी कर्मचारियों हेतु सम्मान समारोह, सभी शालेय संस्थाओं की छात्राओं हेतु दवाई वितरण, प्रधानमंत्री वय वंदना, योजना के तहत पेशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन, जिला चिकित्सालय के पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों की संख्या बढ़ाने, जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने, की अद्यतन प्रगति, नालंदा परिसर निर्माण कार्य हेतु भूमि चिन्हांकित कराने, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन के अद्यतन आंकड़े, प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत पंजीयन की स्थिति, नक्सल पीड़ित पुनर्वास के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का दंतेवाड़ा में गरिमामय पूर्ण रूप से आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी ली जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन हेतु पूर्व की भांति अन्य विभागों को दायित्व सौंपे गये। इस संबंध मे आगे कहा गया कि जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष और नगरी निकायों में नगरीय निकायों के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। तथा स्कूली बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे साथ ही सभी शासकीय भवनों, स्मारकों में रोशनी की जाएगी। अन्य वर्ष की तरह शासकीय भवनों, ऐतिहासिक स्थानों के साथ-साथ निजी संस्थानों में भी राष्ट्रीय झंडा वंदन होगें। साथ ही आमंत्रण कार्ड में प्रिंटिंग एवं वितरण में सभी नगरीय एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों का नाम उल्लेख प्रोटोकॉल अनुसार निश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही 13 अगस्त को 15 अगस्त समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल में भी सभी अधिकारी उपस्थित रहेगें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सीटी बजाकर मितानिन दे रही बेहतर स्वास्थ्य का संदेश

- पंचायतों में जन जागरूकता अभियान
- मातृ और शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, मलेरिया, एनीमिया, पोषण की जानकारी



**दंतेवाड़ा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम पंचायतों में इन दिनों मितानिने जन जागरूकता अभियान चला रही है। उनके द्वारा सीटी बजाये जाने से ग्रामीण समझ जाते हैं कि कोई जरूरी बात होने वाली है। दरवाजे खुलने के साथ ही ग्रामीण घर से बाहर आते हैं, और मितानिनें हाथ में झोला, चेहरे पर मुस्कान और स्वास्थ्य का संदेश सेवा का संकल्प लेकर उनसे चर्चा करती है। इस अनोखी मुहिम के तहत जिले की मितानिनों ने अब सूचना पहुंचाने का यह नया तरीका अपनाया है, जिसमें वे गांव में सीटी बजाकर घर-घर जाकर मातृ और शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, मलेरिया, एनीमिया, पोषण और स्वच्छता जैसे जरूरी विषयों पर जागरूक करती हैं। इस प्रकार सीटी की आवाज जैसे ही गांव में गूंजती है, तो बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं घरों से बाहर आ जाती हैं। सबको पता होता है। अब कुछ जरूरी जानकारी मिलने वाली है। गांव की एक मितानिन, फूलवती, बताती हैं। पहले लोग आसानी से बात नहीं सुनते थे, लेकिन अब सिटी की आवाज उन्हें खींच लाती है। ग्रामीण खुद पूछने लगते हैं कि क्या जानकारी लाए हो आज ? इस पहल को असरदार बनाने के लिए मितानिनों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ सही जानकारी दे सकें और जरूरत पड़ने पर प्राथमिक सलाह और मार्गदर्शन भी दे सकें।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि मितानिनें सिर्फ स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि गांव की सच्ची साथी हैं। उनका यह नवाचार वाकई सराहनीय है, और इससे ग्रामीण स्वास्थ्य प्रणाली को नई ताकत मिल रही है। आज दंतेवाड़ा के कई गांवों में यह पहल एक नई परंपरा बन चुकी है। यह सिर्फ जानकारी देने का जरिया नहीं, बल्कि विश्वास जगाने की एक प्रक्रिया है जहां हर बजती सिटी एक संदेश देती है कि आपकी सेहत की जिम्मेदारी हमारी भी है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के बेटे की गिरफ्तारी के विरोध मे कांग्रेस उत्तरी सड़क पर किया चक्काजाम

**नारायणपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तार के विरोध मे जिला शहर ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान मे नेशनल हाइवे 130 डी पर आवाज़वाही रोक दी गयी नेशनल 130 डी जय स्तम्भ चौक मे कांग्रेस पदाधिकारी सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता चक्कजाम करने एकत्रित हुए! चक्का जाम मे छत्तीसगढ़ बचाओ- अडानी भगाओ, विपक्ष की आवाज़ दबाना बंद करो, ईडी का दुरूपयोग बंद करो, के नारे गूंजते रहे! कांग्रेस पदाधिकारीयों ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हसदेव और तमनार के जंगलो की कटाई और केंद्र सरकार के द्वारा माइनिंग एरिया को उद्योग पतियों को देने जैसे मुद्दों पर भूपेश बघेल विधानसभा मे प्रश्न काल मे बहस चाहते थे किन्तु भूपेश बघेल के घर से निकलने के पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहता है!



चक्का जाम कार्यक्रम मे प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम, सचिव राजेश दीवान, देवनाथ उसेंडी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रशीला कश्यप, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एनएसयूआई अध्यक्ष विजय सलाम, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुनीता मांझी, उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, गजा पटेल, शेख तौहीद अहमद, वीपी शुक्ला, संतोष राव, संजय राय, सोनिका पोर्ते, सुलोता मण्डल, शब्बीर बढ़गुजर, रमेश ध्रुव, एवं सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे!

# विज्ञान के नियमों को छात्रों ने साकार होते देखा

- साइंस सेंटर में नवोदय के बच्चों की जिज्ञासाएं हुई शांत
- इसरो के रॉकेट से लेकर एआई तकनीक का उपयोग को किया महसूस
- शैक्षिणिक भ्रमण में वन मंदिर भी घूमने का मिला मौका
- कलेक्टर कुणाल की पहल पर कराया गया भ्रमण



**दंतेवाड़ा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा स्थित अत्याधुनिक साइंस सेंटर और वन मंदिर का अध्ययन भ्रमण किया।

इस साइंस सेंटर में बच्चों ने किताबों में पढ़े जा रहे विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को साकार रूप में देखा तो उनकी खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। बच्चों ने न सिर्फ ड्रोन उड़ाया, बल्कि भारत के अंतरिक्ष अभियान से जुड़े इसरो के विभिन्न रॉकेट, उपग्रह के मॉडल्स, अंतरिक्ष यात्रियों की पोशाक व उपकरण के मॉडल्स देखे। विशेष उपकरण की सहायता से अंतरिक्ष से धरती की ओर दिखने वाले नजारे को महसूस भी किया। विभिन्न साइंटिफिक थीम पर आधारित कक्ष जैसे इंडस्ट्री रूम, फिजिक्स रूम, इमर्सिव रूम, मिनी वर्ल्ड रूम, हार्वेस्ट हब का भ्रमण करते हुए प्रयोगों और प्रदर्शनों के बारे में चर्चा करते हुए विज्ञान संबंधित सिद्धांतों जैसे न्यूटन के उद्गम स्थल चुंबकीय उत्तोलन, वानडे ग्राफ जनरेटर, तरंग मंडल, लेंज लॉ, बैलिस्टिक पेंडुलम, टेस्ला कॉईल, प्लाज्मा बल, प्रकाशकीय गति, व्हिम्स हर्सट मशीन को समझा। अत्याधुनिक एआई तकनीक और रोबोटिक्स उपकरणों को बच्चों ने बड़ी जिज्ञासा से देखा। साइंस सेंटर के बाद विद्यार्थियों ने वन मंदिर पार्क का भ्रमण किया, जहां नक्षत्र वाटिका, राशि वन में रोपे गए पौधों की जानकारी ली। साथ ही मानव शरीर के विभिन्न अंगों में होने वाली बीमारियों के इलाज में उपयोग होने वाली औषधीय वनस्पतियों को भी देखा। जिला कलेक्टर व पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के पदेन अध्यक्ष कुणाल दुदावत की पहल पर विद्यालय के इन बच्चों को इस शैक्षणिक भ्रमण पर लाने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव समेत विद्यालय परिवार ने कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिले के युवा और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहाँ विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के जरिये राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो चुके इस सेंटर में विद्यार्थी विभिन्न वैज्ञानिक माडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल देखते हैं, बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोजते हैं। इस साइंस सेंटर का उद्देश्य केवल विज्ञान की शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। केंद्र में रखे गए इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, और प्रयोगशालाएं बच्चों को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर, उसे जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

-------

# बालिका छात्रावास की छात्राओं ने किया पुलिस थाने का दौरा, नए कानूनों और सुरक्षा की प्राप्त की जानकारी

**फरसगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के उरंदाबेड़ा स्थित बालिका छात्रावास की पचास छात्राओं ने, जो विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आती हैं, उरंदाबेड़ा पुलिस थाने का दौरा किया। जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार आयोजित इस दौरे का उद्देश्य पुलिस और छात्राओं के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित करना, साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण सुरक्षा और कानूनी मामलों के बारे में शिक्षित करना था। अपने दौरे के दौरान, छात्राओं को नए कानूनों की विभिन्न धाराओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई, जिससे उन्हें अपने कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। सत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा व्यक्तिगत सुरक्षा पर केंद्रित था, जिसमें अनुचित व्यवहार को पहचानने और उसकी रिपोर्ट करने के लिए च्गुड टचज्ञ और च्बैड टचज्ञ को समझना शामिल था। उन्हें च्अभिव्यक्तिज्ञ ऐप के बारे में भी बताया गया, जो व्यक्तियों को उनकी सुरक्षा के लिए जानकारी और संसाधन प्रदान करने हेतु डिज़ाइन किया गया एक मंच है। छात्राओं को थाने के सभी पुलिस कर्मचारियों के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर मिला, जिससे कानून प्रवर्तन के प्रति उनके मन में किसी भी डर को दूर किया जा सका। उन्हें पुलिस के साथ संपर्क बनाए रखने और उन्हें डरने वाले व्यक्तियों के बजाय मित्रों और संरक्षकों के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समुदाय और पुलिस बल के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाना था।



## अनाचार का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

*दंतेवाड़ा, 23 जुलाई (देशबन्धु)। अनाचार के आरोपी को गीदम पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया। युवती को गायब करने की रिपोर्ट उसके पिता ने दर्ज करायी थी। इसके बाद युवती की लोकेशन हरियाणा में मिली। पुलिस ने टीम गठित कर हरियाणा में दबिश दी और युवती और युवक को गीदम लेकर आयी। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी युवक दिनेश राजपूत ने उसे अपने साथ वारंगल लेकर गया और वहां उसके साथ अनाचार किया। इसके बाद बस से पानीपत ले जाकर वहां भी अनाचार किया गया। इसके बाद युवती ने इस पूरे घटना की जानकारी अपने चाचा को दी। पुलिस ने आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में सउनि. अनिल कुमार, आरती दीवाकर और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन में टीआई विजय पटेल के निर्देशन में की गई।*

## 869 ग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

*दंतेवाड़ा, 23 जुलाई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा थाना अंतर्गत कतियारपारा टेकनार कच्ची सड़क के पास एक व्यक्ति को आज 869 ग्राम अवैध गांजा के साथ पकड़ा गया। आरोपी रतन तामो टेकनार का ही रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया और न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक किशोर जोशी, रामकुमार श्याम और टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

# नपा दंतेवाड़ा ने नि:शुल्क बांटे 1 हजार से ज्यादा पौधे

- विधायक चैतराम ने बताया पर्यावरण संरक्षण जरूरी
- जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी निभाई भागीदारी




**दंतेवाड़ा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा द्वारा आज एक विशेष पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों को विभिन्न प्रकार के 1100 फलदार पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर क्षेत्र में हरित आवरण को बढ़ावा देना, स्वच्छ पर्यावरण को प्रोत्साहित करना और नागरिकों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना है। वितरित किए गए पौधों में आम, अमरूद, नींबू, सीताफल, कटहल, जामुन, महुआ आदि शामिल थे।

विधायक चैतराम अटामी ने बताया पेड़ लगाना पर्यावरण को सरंक्षित रखने के लिए कितना आवश्यक है। वहीं जिलापंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष अपने बच्चों के जन्मदिन पर पौधे लगाते हैं एवं नगरवासियों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता ने कहा, यह पहल न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक कदम है, बल्कि इससे आने वाले वर्षों में नागरिकों को फलदार वृक्षों से लाभ भी मिलेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका सीएमओ व्ही के एस पालदास, उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा, समस्त पार्षदगण, कर्मचारीगण, स्थानीय नागरिक, समूह के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इन पौधों की नियमित देखभाल करें और कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। नगर पालिका सीएमओ व्ही के एस पालदास के द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी एवं पर्यावरण हितैषी कार्यक्रमों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## प्रसव पूर्व निदान तकनीकी समिति गठित आज होगी पहली बैठक

**दंतेवाड़ा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पी.सी.पी.एन.डी. कार्यक्रम अंतर्गत प्रसव पूर्व निदान तकनीकी (विनिमय और दुरुपयोग निवारण) अधिनियम 1994 की धारा 17 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर पूर्व में गठित समिति में सम्मिलित अधिकारी के स्थानांतरण होने के कारण समिति का पुनर्गठन किया गया है। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, जिला नोडल अधिकारी (पी.एन.डी.टी.) डॉ. एस. मण्डल, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. नमन साखंला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रावली, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार बघेल, अधिवक्ता दिनेश राठौर, जन संपर्क अधिकारी रंजीत पुजारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक सोनी, जिला सलाहकार (पी.एन.डी.टी.) अंकित सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती बबीता पाण्डे, सामाजिक कार्यकर्ता दशाराम नाग शामिल रहेगें। इस संबंध में जिला सलाहकार समिति का बैठक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में दिनांक 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे से आयोजित किया गया है।

# विधिक जागरूकता शिविर

**नारायणपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर महोदया के आदेशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, लुपेंद्र महिनाग के मार्गदर्शन पर महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत दिनांक 22.07.2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय जिला नारायणपुर शाला के प्रभारी प्राचार्य अनुपम शुक्ला की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, विभाग की ओर से कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी, श्रीमती किरण नैलवाल चतुर्वेदी द्वारा घरेलुहिंसा, जेण्डर समानता एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सेव द गर्ल चाईल्ड, एवं बालिकाओं के लिए स्वास्थ एवं सुरक्षित वातावरण बनाने हेतु बालिकाओं के अधिकार, संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में बालक बालिकाओं को जागरूक किया, विधिक सहपरवीक्षा अधिकारी श्री सनातन मेरसा द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं बाल विवाह रोकने हेतु बालिकाओं और बालक को जागरूक किया एवं श्रीमती तरन्नुम खान केन्द्र प्रशासक द्वारा सखीज्ञ वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली अपातकालीन सहायता, 181 महिला हेल्पलाईन एवं सखी एप के बारे में विस्तार से बताया, एवं पुलिस विभाग से कमलेश साहु ने साइबर काइम के संबंध में बालक एवं बालिकाओं को जानकारी दी एवं शिविर में छात्र छात्राओं से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाव से संबंधित विषय पर पेंटिग प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्राए उपस्थित थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### शहर जिला कांग्रेस...

एवं नाका बंदी करने पूर्णत: बाध्य होगी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, गौरनाथ नाग, सुषमा सुता, पार्षद सूर्यापानी, जस्टिन भवानी, ललिता राव, शुभम् यदु, एस नीला, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को...

उपायुक्त सहकारी संस्थाएं डॉ. उषा ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कुंवर सिंह ध्रुव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसए रजा, मुख्य लेखापाल प्रदीप मजूमदार, मार्केटिंग ऑफिसर एसके कनौजिया सहित सभी जिलों के नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित...

से पत्नी आशा को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में सीधे अंतरित किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# आदर्श विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव सम्पन्न

**फरसगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव में आज नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ च्शाला प्रवेश उत्सवज्ञ के साथ बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें व गणवेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू नेताम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, शिव मरकाम, खंड शिक्षा अधिकारी ललित राम सिन्हा, बीआरसी अशोक मरकाम और विद्यालय के प्राचार्य बी.के. अठभैया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संकुल के सभी विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। नवागंतुक छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया



# पौधें लगाएं और देखभाल भी करें- चैतराम

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नि:शुल्क पौध वितरण
- पहले ही दिन 153 हितग्राहियों को बांटे गए पौधे
- कलेक्टर ने जन सामान्य से की पौध रोपण की अपील



**दंतेवाड़ा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम 2 अभियान के अंतर्गत आज से नि:शुल्क फलदार पौधों का वितरण प्रारंभ किया गया। मुख्य मार्ग के किनारे कलेक्टोरेट के पास वितरण के लिए स्टाल भी लगाया गया है। इसकी शुरूआत विधायक चैतराम अटामी व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई। पहले ही दिन लगभग 153 हितग्राहियों को पौधे बांटे गए। 8 अगस्त तक यह अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत खास तौर पर उपस्थित रहे। विधायक श्री अटामी ने कहा कि पौधे लगाना तो सरल है, लेकिन उसकी देखभाल ज्यादा जरूरी है। उन्होंने पौधा लगाने के साथ ही इसके संरक्षण पर भी बल दिया। आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा आमजनों को अमरूद, आंवला, नींबू, कटहल और काजू जैसे फलदार पौधे वितरित किए गए। पौधा वितरण कार्यक्रम में जनसामान्य की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना एवं लोगों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य करेगा, बल्कि इससे आम नागरिकों को आर्थिक लाभ भी होगा, क्योंकि फलदार वृक्ष भविष्य में आय का स्रोत बन सकते हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पौधे लेकर उन्हें अपने घर, खेत या आस-पास के स्थानों पर लगाएं और पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान दें। इस मौके पर उद्यान विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मीना मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

### उर्मिला बाई चंदेल



**रायपुर**, 23 जुलाई। ग्राम मानिकचौरी (अभनपुर) निवासी श्रीमती उर्मिला बाई चंदेल (75 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानिकचौरी मुक्तिधाम में बुधवार को ही किया गया। आप अभनपुर क्षेत्र की पूर्व जनपद सदस्य तथा मानिकचौरी सोसायटी की पूर्व उपाध्यक्ष रही हैं। आप बाबूलाल चंदेल की पत्नी, मनहरण, डेरहा, रमेश, रुक्मणी जोगी (पूर्व पार्षद) तथा उषा की माता तथा चेतन चंदेल व टीकम चंदेल की चाची

# चिपावण्ड साप्ताहिक बाजार में खिलाया जा रहा खुडखुड़िया

- पुलिस के पहुंचने के पहले ही समेट लिया अपना कारोबार
- पुलिस के बीच खुडखुड़िया खिलाने वालों के मुखबिर होने की आशंका



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। चिपावण्ड साप्ताहिक बाजार में खुडखुड़िया खिलाए जा रहे होने की की सूचना जागरुक नागरिक द्वारा पुलिस को देने के बाद पुलिस के मौके पर पहुंचने के पहले ही खुडखुड़िया खिलाने वालों के द्वारा अपना कारोबार समेट कर चले जाने का मामला सामने आया है। मामला कोण्डागांव जिले के ग्राम चिपावण्ड में आयोजित होने वाले बुधवार साप्ताहिक बाजार का है, जहां 23 जुलाई बुधवार को साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य मार्ग के किनारे अमेज इन्वेस्टमेंट का बोर्ड लगे दुकान के सामने काफी भीड़ लगी दिखी, कौतुहलवष समीप जाकर देखने पर पता चला कि वहां बोड़ा, मषरुम आदि कोई विषेश सब्जी अथवा सस्ता सामान नहीं बेचा जा रहा है, बल्कि खुडखुड़िया खिलाया जा रहा है और लोग जोर षोर से खेल रहे हैं। चिपावण्ड के साप्ताहिक बाजार के किसी कोने या सुरक्षित स्थान पर के बजाए दिलेरी से मुख्य मार्ग के किनारे दिन दहाड़े खुडखुड़िया खिलाए जा रहे होने को देखकर जागरुक नागरिक के द्वारा इसकी सूचना पुलिस थाना कोण्डागांव में देकर कानूनी कार्यवाही करने का आग्रह किया गया। लेकिन यह क्या ? जागरुक नागरिक के द्वारा पुलिस को सूचना देने के कुछ ही देर बाद पुलिस के पहुंचने के पहले ही खुडखुड़िया खिला रहे लोग अचानक ही अपना कारोबार समेटकर चलते बने।

## पुलिस के बीच खुडखुड़िया खिलाने वालों के मुखबिर

जागरुक नागरिक के द्वारा पुलिस को सूचना देने के कुछ ही देर बाद और पुलिस के पहुंचने के पहले ही खुडखुड़िया खिला रहे लोगों के अचानक ही अपना कारोबार समेटकर चलते बनने से लोगों ने पुलिस के बीच खुडखुड़िया खिलाने वालों के मुखबिर होने की आषंका जताया है। ज्ञात हो कि पूर्व में कभी जिले के विभिन्न गांवों में लगने वाले मेलों में खुडखुड़िया खिलाया जाता था, लेकिन आज खुडखुड़िया खिलाने वालों के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजारों में भी खुडखुड़िया के अवैधानिक खेल को कारोबार के रुप में खिलाया जाने लगा है। खुडखुड़िया खिलाने वालों के कारोबार की जानकारी रखने वाले ने नाम का उल्लेख न करने की षर्त पर बताया कि कुछ गांव वालों की जानकारी व सहमति में ही खुडखुड़िया खिलाने वालों के द्वारा खुडखुड़िया खिलाया जाता है। पुछे जाने पर गांव वाले कहते हैं कि खुडखुड़िया खिलाने वालों के कारण बाजार में भीड़ बढ़ती है और बाजार में रौनक आता है।

### कांग्रेस भवन में मनाया शहीदों की जयंती

# स्मरण किया अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद व लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस भवन कोंडागांव में 23 जुलाई को अमर शहीद वीर चंद्रशेखर आजाद और स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधा लोकमान्य पंडित बाल गंगाधर तिलक की जयंती को बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम ने आजाद और तिलक के जीवन, विचारों और देश की आज़ादी में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान और संघर्ष आज भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की वीरता और तिलक की ओजस्वी पत्रकारिता व च्स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार हैज्ज जैसे नारे आज भी युवाओं को देशभक्ति के पथ पर अग्रसर करते हैं। इस मौके पर युवा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और उनके जीवन से संबंधित संस्मरण साझा किया। अंत में सभी ने एक स्वर में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव उमर मेमन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, सनी चोपड़ा, रूपेश गोस्वामी, बुधराम मरकाम सहित कांग्रेसजन शामिल रहे।

## शहर के मध्य स्थित शासकीय कार्यालयों को एक परिसर में करने की योजना



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 23 जुलाई कोण्डागांव नगर के सुव्यस्थित विकास के लिए कार्य योजना तैयार करने हेतु विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शहर के मध्य स्थित शासकीय कार्यालयों को एकीकृत परिसर में स्थानांतरित करने और पुराने, जर्जर भवनों को डिस्मेंटल कर नवीन भवन निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नये एसडीएम एवं तहसील कार्यालयों के संयुक्त भवन निर्माण हेतु भी आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार, हाउसिंग बोर्ड तथा राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## अतिथि शिक्षकों के 40 पदों का वाक-इन-इन्टरव्यू निरस्त

**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। आदिवासी विकास सहायक आयुक्त कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी अनुसार शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कोण्डागांव अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के 40 पदों के लिए जिला स्तरीय समिति गठित कर साक्षात्कार (वाक-इन-इन्टरव्यू) का आयोजन किया गया था। जिसका वरियता सूची संस्था प्रमुखों द्वारा तैयार कर 15 जुलाई 2025 को जारी किया गया है। किन्तु वरियता सूची में अनुभव के अंक दिये जाने में संस्था प्रमुखों के द्वारा विसंगतियां हुई है। अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार (वाक-इन-इंटरव्यू) निरस्त किया गया है।

# मर्दापाल हाई स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को पुलिस ने किया जागरूक



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। थाना मर्दापाल पुलिस, साइबर टीम एवं महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा मर्दापाल हाई स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, सायबर क्राइम के रोकथाम, नशा मुक्ति, अभिव्यक्ति एप, बाल विवाह, गुड टच बैड टच की जानकारी देकर जागरूक किया गया। 23 जुलाई को वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के आदेशानुसार व कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं सतीश भार्गव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मर्दापाल के निर्देश में थाना प्रभारी मर्दापाल रविशंकर ध्रुव, साइबर टीम एएसआई दिनेश डहरिया, आरक्षक अमित बोस एवं महिला बाल विकास के जिला समन्वयक श्रीमति रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञा श्रीमती माधुरी उसेंडी, उमेश कुमार के द्वारा हाई स्कूल मर्दापाल के लगभग 300 विद्यार्थियों को प्राचार्य शम्भूराम मरकाम व व्याख्याता शिक्षकों की उपस्थिति में महिला संबंधी अपराध, बाल अपराध एवं लैंगिक अपराध की जानकारी, गुड टच बैड टच महिलाओं की सुरक्षा, 'अपराध की रोकथाम व नशा से मुक्ति, अभिव्यक्ति एप', 'साइबर अपराध' जैसे अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर न करना, अनजान से वॉट्सएप कॉलिंग न करना, करोड़ पति लाटरी के झांसा में न आना संबंधी जानकारी दिया गया और अगर कोई ठगी हो जाने पर टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करके सूचना देने, गांव में किसी अनजान व्यक्ति के आने पर थाना में सूचना देना, कही भी गलत काम जुआ सट्टा या शराब बिक्री हो रहा है या कोई शराब पिला रहा है, उसकी जानकारी थाना में देना। विस्तृत जानकारी दिया गया तथा 'यातायात संबंधी जानकारी दी गई' जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आर.सी.बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पोलूशन, परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने मोटर सायकल में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चालन, ओवरलोड वाहन चालन, माल वाहन में यात्री परिवहन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, नाबालिक विद्यार्थियों को वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन न करना एवं मौत के कारणों हेलमेट सीट बेल्ट आदि के बारे में और नौकरी लगाने के झांसे में न आना, साथ ही थाना मर्दापाल का नंबर विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ को दिया गया। इस दरम्यान प्राचार्य शम्भूराम मरकाम, शिक्षक सुरेंद्र कुमार, भरत सिंह और अन्य स्कूल स्टाफ शिक्षक तथा थाना स्टाफ, साइबर टीम एवं महिला बाल विकास के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कल प्लेसमेंट कैंप का 208 पदों पर होगी भर्ती

**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोण्डागांव द्वारा 25 जुलाई 2025 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप शासकीय लाईवलीहुड कॉलेज परिसर, कोण्डागांव में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 208 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए जिले सहित आसपास के जिलों के शिक्षित युवक-युवतियों को आमंत्रित किया गया है, जो निजी क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय पर पहुंचकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। प्लेसमेंट कैंप में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ निम्न दस्तावेज़ लाना अनिवार्य है, जिसमें शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय में पंजीयन प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ शामिल है। अधिक जानकारी के जिले के वेबसाइट पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

यह प्लेसमेंट कैंप जिले के युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में एक सशक्त कदम प्रदान करेगा और निजी क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार खोलेगा। जिला प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और समय पर उपस्थित होकर प्रत्यक्ष चयन प्रक्रिया में शामिल हों।

# फरसगांव की बालिकाएं पीएटी की परीक्षा में हुई सफल कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से मंगलवार को पीएटी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली दो बालिकाओं ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने दोनों बालिकाओं की सराहना करते हुए पीएटी परीक्षा में सफल होने पर शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि पीएटी में सफल होने वाली दोनों बालिकाओं को जिला प्रशासन की ओर से आगे की पढाई के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत फरसगांव के सीईओ रूपेन्द्र मरकाम उपस्थित थे।

जिले के फरसगाव विकास खंड के शंकरपुर के रहने वाली किसान परिवार की बेटी कुमारी भूमिका पात्र और कु.भूपेंद्री कश्यप ने पीएटी की परीक्षा में सफलता प्राप्तकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भूमिका एवं भूपेन्द्री ने बताया कि वे दोनों किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं और खेती किसानी कार्य ही आजीविका का प्रमुख साधन है। उन्होंने बताया कि पढाई लिखाई को जारी रखने और परीक्षा की तैयारी में शिक्षकों के साथ-साथ परिवारजनों का भी सहयोग रहा जिसके बदौलत वे इस परीक्षा में सफल हो पाई।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर में कृषि संकाय से पढाई करने वाली ये दोनो बालिकाओं को विद्यालय में आधुनिक एवं जैविक खेती की तकनीकों को समझने में बहुत मदद मिली। यहां के प्राचार्य सोमनाथ मरकाम के मार्गदर्शन में शिक्षक लेखराम कुजूर द्वारा विद्यालय में आधुनिक एवं जैविक खेती की विधि को विभिन्न फसलों की खेती कर प्रयोग करके दिखाया जाता है, जिससे विद्यार्थी खेती कार्य को बेहतर ढंग से समझ सकें। शिक्षक श्री कुजूर ने बताया कि प्रायोगिक फार्म में उत्पादित होने वाले ताजा हरी सब्जियों को संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में भेजा जाता है, जिससे वहां के बच्चों को मिड डे मिल में पौष्टिक सब्जियां मिलती है।

# उ.प्रा.शाला डोंगरीगुड़ा बिंजोली में चुने गये बाल नेता, गठन हुआ बाल संसद का

- नई उम्मीदों के साथ शाला की जिम्मेदारी सौंपी गई



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। उच्चतर प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा बिंजोली में बाल संसद का गठन करने के क्रम में बाल नेता चुने गए और नई उम्मीदों के साथ बाल नेताओं को शाला की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कोंडागांव के विकास खंड माकड़ी के संकुल बिजौली के अंतर्गत ग्राम बिंजोली डोंगरीगुड़ा में संचालित उच्च प्राथमिक शाला में बाल संसद का चुनाव उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझते हुए मतदान किया। सभी पदों के लिए बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ नामांकन भरा और अपनी योग्यताओं का परिचय दिया। संतोष पोर्ते, कुंजन ठाकुर, दुरगसाय कोला शिक्षकों की निगरानी में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। नव चयनित बाल नेताओं ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ ली। इस आयोजन से बच्चों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व एवं लोकतंत्र की भावना का विकास हुआ। प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी एवं विद्यालय परिवार ने सभी विजयी विद्यार्थियों को बधाई दी। जिसमें शाला नायक पद के लिए आकाश, कु.पद्मावती से एक वोट से विजय हुआ। बाल संसद का गठन करने के दौरान शिक्षक वेद प्रकाश कवर, रविंद्र करचाम, संदीप तिर्की, सुदामा नाग, सरपंच चंदूलाल बघेल, शाला प्रबंधक अध्यक्ष रंजीत बघेल उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने दी।

# मक्का के अवैध भण्डारण एवं उड़द के अवैध परिवहन पर कार्रवाई



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी समिति कोण्डागांव क्षेत्रान्तर्गत मंडी समिति के अधिकारी सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में निरीक्षण दल द्वारा वाहनों की सघन जांच निरीक्षण दौरान मक्का के अवैध परिवहन पर कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जुलाई को ग्राम मेघना (नवरंगपुर) निवासी पदम बिंदाड़ी को ग्राम बफना में वाहन क्रमांक ओडी 29 डी 6133 में 60 बोरा उड़द का बगैर मंडी कागजात व दस्तावेज के परिवहन करते पाये जाने पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत् जप्ती अभिग्रहण की कार्यवाही की गयी।

इसी प्रकार ग्राम मुड़ाटिकरा (मुलमूला) में बुधराम देवांगन के गोदाम का औचक निरीक्षण के दौरान बगैर मंडी पंजीयन के अवैधानिक तरिके से भण्डारित की गयी 834 बोरा कृषि उपज मक्का अनुमानित वजन 500 चिंटल का जप्ती प्रकरण तैयार किया गया।

उक्त प्रकरणों का मंडी अधिनियम 1972 को धारा 19(4) के तहत शासन द्वारा निर्धारित कुल मूल्य आधारित देय शुल्कों का पांच गुना मंडी फीस, कृषक कल्याण शुल्क, निराश्रित शुल्क तथा अधिनियम की धारा 53 के तहत प्रशमन समझौता शुल्क ली गई। जप्ती प्रकरण पर मंडी अधिनियमानुसार कार्यवाही करते हुए कुल 92 हजार 738 रूपए की राशि संबंधित व्यपारियों से वसूली गई। निरीक्षण दल में उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार देवांगन, हरिशचन्द्र बघेल, शंकर भोला मण्डावी, चन्द्रकुमार देवांगन एवं विजेन्द्र सिंह राजपूत शामिल थे।

कृषि उपज मंडी समिति के सचिव ने बताया कि सत्र 2025-26 में अद्यतन की स्थिति में कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, जिसमें 3631 बोरा अनुमानित वजन 2172.20 चिंटल कुल मूल्य 49 लाख 71 हजार 780 रूपए पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19 (4) प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर कुल राशि 3 लाख 47 हजार 852 रूपए की वसूली कर प्रकरण निराकृत की गई है।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कटारिया से खनीज निगम अध्यक्ष बनाने के नाम पर ठगी मामले मे हो एसीबी जांच - बुधराम नेताम

- राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने केशकाल निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता व कोंडागांव जिला भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य संतोष कटारिया के द्वारा अपने साथ हुई धोखाधड़ी के मामले को लेकर केशकाल थाने में प्राथमिक सूचना दर्ज करवाई गई है, जिसे लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम कोंडागांव कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसके माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने उक्त प्रकरण की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से जांच मांग करते हुए कहा है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता के द्वारा 40 लाख रुपए नगद लेनदेन किया गया है, जिसकी स्वीकारोक्ति उनके द्वारा केशकाल थाने में दर्ज करवाई गई सूचना में उल्लेखित है, जो कि कई शंकाओं को जन्म देने का आधार बन रही है। उनके पास इतनी नगद रकम कहा से आई, कहीं ये रकम अवैध वसूली के माध्यम से तो नहीं आई है और इतनी बड़ी राशि जिसका उल्लेख उन्होंने खुद किया है। दिल्ली और रायपुर में उन्होंने इतनी बड़ी राशि की व्यवस्था कैसे और किसके माध्यम से की इसकी भी जांच की जाए और ये प्रकरण हवाला कारोबार की शंकाओं को भी जन्म दे रहा है। अत: जिला कांग्रेस कमेटी आपने निवेदन करती है इस प्रकरण की जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से करवाई जाए ताकि पूरी वास्तविकता सामने आ सके और इस पूरे लेनदेन में जो भी शामिल है, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही हो सके। इस दौरान जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव उमर मेमन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, सनी चोपड़ा, रूपेश गोस्वामी, बुधराम मरकाम सहित कांग्रेस जन शामिल रहे।

**उल्टा पुल्टा**

पप्पू लड़की देखने गया, लड़की से पूछा- कितने तक पढ़ी हो।
लड़की- बी.ए. तक.
पप्पू ने मना कर दिया, और बोला- दो अक्षर पढ़ी है वो भी उलटे।

## संपादकीय

# मौसमी बीमारियों से बचें

*मानसून के आते ही कुछ बीमारियों का प्रकोप होता है, जिनमें से मुख्यत: मलेरिया, डायरिया, आंखें आना आदि हैं। इन सभी से बचकर रहने की ज़रूरत है। छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में अभी से इन रोगों की चपेट में काफी लोग आते दिखाई दे रहे हैं। इनसे बचने के लिये सारे उपाय किये जाने चाहिये। साथ ही सरकार यह सुनिश्चित करें कि इन बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिये अस्पतालों में समुचित व्यवस्था हो, विशेषकर पर्याप्त दवाएं उपलब्ध रहें। नागरिकों को भी चाहिये कि वे इनकी उपेक्षा न करें तथा चिकित्सकों से तत्काल सम्पर्क करें। मलेरिया तथा डायरिया का सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है।*

*बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड में विभिन्न गांवों में मलेरिया का प्रसार काफी होता दिख रहा है। यहां के 14 गांवों के डेढ़ दर्जन से ज्यादा मरीज इसी बीमारी से अस्पतालों में पहुंच चुके हैं। ये लगभग सारे के सारे सुदूरवर्ती ग्राम हैं जिनमें आसान पहुंच नहीं हैं। इसके कारण स्थिति गम्भीर हो सकती है। हर वर्ष इस इलाके में बड़ी संख्या में मलेरिया के लोग प्रभावित होते हैं। पिछले साल इसी ब्लॉक के 9 लोगों की मृत्यु इस रोग से हुई थी। उधर जांजगीर-चांपा के विभिन्न अस्पतालों में 20 से ज्यादा मरीज ऐसे हैं जिन्हें डायरिया ने अपनी लपेट में ले रखा है।*

*कोटा की तरह ही बस्तर एवं सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्रों में मलेरिया की आमद हर वर्ष होती है। बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित होते हैं। इन इलाकों में डब्ल्यूएचओ प्रमाणित मच्छरदानियां बंटवाई जायें। सर्वत्र साफ-सफाई ज़रूरी है। मच्छर न पनपने पायें इसके लिये घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। ऐसे ही, डायरिया से बचाव के लिये ज़रूरी है कि साफ-सुथरा खान-पान किया जाये। यदि दस्त व उल्टियां ज्यादा हों तो ये डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। बच्चे जल्दी प्रभावित होते हैं। इसके लक्षण दिखते ही ओआरएस पिलाया जाना चाहिये जो नमक व शक्कर का घोल होता है। मरीजों को हल्का भोजन दिया जाये। बरसातों के रूक-रूककर होने में कई बार आंख आने की बीमारी भी फैलती है जिसे कंजेक्टिवाइटिस कहते हैं। आंखें लाल होती हैं व खून के थक्के जमते हैं।*

*उपरोक्त तीनों ही तरह की बीमारियों के लक्षण दिखने की स्थिति में तत्काल चिकित्सकों के पास जाना चाहिये। लोग खान-पान पर भी ध्यान दें। बासी खाना न खाएं वरना इसके चलते फुड प्वाइज़निंग हो सकती है। स्वच्छ जल पियें। मुख्य बात यह है कि किसी भी बीमारी में अपने मन से दवा न लें। सरकार को चाहिये कि वह सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में इन बीमारियों की रोक-थाम के लिये सभी आवश्यक प्रबन्ध कर रखे। विशेषकर उन इलाकों पर पहले ध्यान दिया जाये जिनमें प्रत्येक वर्ष ये रोग स्थानीय परिस्थितियों के कारण होते हैं।*

# रायपुर को नम्बर-1 बनाने स्वच्छता कार्यों में बढ़ानी होगी जनसहभागिता : साव

## राजधानी को देश का चौथा स्वच्छ शहर बनाने में योगदान के लिए उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मियों को किया सम्मानित







**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर को देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बनाने के लिए स्वच्छता के कार्यों में जनसहभागिता बढ़ानी होगी। शहर के एक-एक व्यक्ति, एक-एक परिवार को इस मिशन से जोड़ना होगा, तभी हम रायपुर को देश का स्वच्छतम शहर बना सकेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के सम्मान समारोह में ये बातें कहीं। भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में रायपुर को मिलियन प्लस (दस लाख से अधिक) आबादी वाले शहरों में देश का चौथा सबसे स्वच्छ शहर, गारबेज-फ्री सिटी में सेवन स्टार रैंकिंग और वाटर प्लस सर्टिफिकेशन की उपलब्धियों में स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के सक्रिय योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। रायपुर नगर निगम द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सभी जोनों के स्वच्छता अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही 25 स्वच्छता निरीक्षकों, 144 स्वच्छता दीदियों और 52 सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में रायपुर सहित प्रदेश के सात शहरों को स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्यों हेतु राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। स्वच्छ सर्वेक्षण में शामिल राज्य के 169 शहरों में से 115 शहरों ने अपनी रैंकिंग सुधारी है। छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि में स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का अमूल्य योगदान है, जिसके लिए वे अभिनंदन के पात्र हैं।

**रायपुर नगर निगम द्वारा 25 स्वच्छता निरीक्षकों, 144 स्वच्छता दीदियों और 52 सफाई मित्रों का सम्मान**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इनके सम्मान के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। श्री साव ने कहा कि शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने राज्य शासन नगरीय निकायों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है। शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जनसहभागिता बढ़ाने गंभीरता से काम करना होगा।

रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने समारोह में कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर को जो उपलब्धियां हासिल हुई हैं, उसकी नींव की पत्थर हमारी स्वच्छता दीदियां और सफाई मित्र ही हैं। स्वच्छता सेवा और समर्पण का काम है जिसे ये पूर्ण मनोयोग से कर रही हैं। आने वाले समय में रायपुर को देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बनाने के लिए हम सभी गंभीरता और सक्रियता से काम करेंगे।

सभापति सूर्यकांत राठौर ने सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए धूप, बरसात और ठंड में भी अपने कार्यों को अंजाम देते हैं। आप लोगों की मेहनत से हमें नई दिल्ली में सम्मानित होने का मौका मिला है। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी आप लोगों ने सराहनीय काम किया है। रायपुर नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री चन्द्राकर और आयुक्त श्री विश्वदीप ने भी समारोह को संबोधित किया। निगम के अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय और स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री प्रीति सिंह सहित सभी जोनों के अध्यक्ष, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी और सफाई कर्मी बड़ी संख्या में सम्मान समारोह में मौजूद थे।



# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने डीकेएस अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार की

**बच्चों और महिला मरीजों से किया संवाद**

सुबह 7 बजे राजधानी रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उपचार और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में भर्ती बच्चों और महिला मरीजों से आत्मीयता से बात कर उनके हालचाल जाने और इलाज संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के परिजनों से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान जायसवाल ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवा वितरण, चिकित्सकीय जांच, ऑपरेशन थियेटर, वार्ड व्यवस्था जैसी सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों से संवाद कर मरीजों की देखभाल में और अधिक संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए।

मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कर्मचारियों को मरीजों के हित में समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।

# परीक्षा कक्ष में खराब आचरण रहा तो नहीं मिलेगी परीक्षा देने की अनुमति

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ;व्यापम ने अपनी परीक्षाओं के लिए एडवाइजरी जारी की है इसमें कहा गया है कि परीक्षा कक्ष में यदि उम्मीदवार ने खराब आचरण रखा तो उन्हें परीक्षा देने से रोका जा सकता हैण् परीक्षा कक्ष में मोबाइल और इस तरह का कोई भी गैजेट रखना सख्त मना हैए लेकिन अब यदि आपने परीक्षा कक्ष में चिल्लाया किसी अन्य उम्मीदवार से बातचीत की फुसफुसाया या हाव.भाव के जरिए कम्युनिकेट किया तो वीक्षक आपकी परीक्षा निरस्त कर सकता है इसी तरह अगर परीक्षा हॉल में किसी अन्य उम्मीदवार के साथ उत्तरपुस्तिका की अदला बदली की तो भी इसे नकल प्रकरण माना जाएगा व्यापमं ने कहा है कि यदि वीक्षक द्वारा परीक्षा कक्ष में किसी उम्मीदवार को अपनी उत्तरपुस्तिका या कोई नकल सामाग्री दिखाने से मना करता है तो भी यह नकल के दायरे में आएगा अक्सर उम्मीदवार अपने साथ कुछ ऐसी नकल सामाग्री लेकर पहुंचते हैं जिसको वीक्षक पकड़ ले तो उसे नष्ट कर देते हैं इस हिमायत को भी अब नकल के दायरे में रख दिया गया है

**परीक्षा केंद्र में लगाए जाएंगे जैमर**

आगामी हर छोटी.बड़ी परीक्षा में अब परीक्षार्थियों की जांच मेटल डिटेक्टर से होगी मेटल डिटेक्टर से जांच पुलिस करेगी इसके

**छतीसगढ व्यापम की परीक्षाओं की एडवाइजरी जारी**

अलावा जिस तरह नीट की परीक्षा के पहले परीक्षार्थियों को बंद कमरे में ले जाकर उनकी जांच की जाती है वैसे ही जांच अब व्यापमं की परीक्षाओं में भी होगी लड़कियों की जांच के लिए पुलिस द्वारा महिला आरक्षकों को तैनात किया जाएगा जांच करने के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी परीक्षा केंद्र में मोबाइल जैमर लगा होगा

**हस्ताक्षर से मना नहीं कर पाएंगे**

व्यापमं की परीक्षा में नकल सामाग्री के साथ या नकल करते हुए पकड़े जाने पर इसे गंभीर प्रकरण माना जाता है ऐसे में कक्षा का वीक्षक और केंद्राध्यक्ष विद्यार्थी से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने को कहते हैं यदि उम्मीदवार दस्तावेज पर साइन करने से इनकार कर दे तो भी उसके खिलाफबड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

इसके अलावा कक्षा के भीतर मौजूद व्यापमं और केंद्र के अधिकारियों से बदतमीजी करने पर भी कार्रवाई होगी व्यापमं ने कहा है कि अकसर देखा गया है कि परीक्षा कक्षा में उम्मीदवार अपनी हरकतों से परीक्षा संचालन में लगे अधिकारियों को परेशान कर देता है कई बार अधिकारियों को देख लेने की धमकी भी दी जाती है ऐसे मामालों में व्यापमं अब उक्त छात्र पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा

**दो साल के लिए हो जायेगे डिबार**

व्यापमं ने कहा है कि इनमें से किसी भी तरह की हरकत करने पर उम्मीदवार को 2 वर्ष के लिए व्यापमं की सभी परीक्षा से वंचित किया जा सकता है इसके अलावा कुछ प्रकरणों में उम्मीदवार के खिलाफपुलिस में एफ्आईआर भी दर्ज कराई जा सकती है इस तरह के मामलों के लिए व्यापमं का अनुचित साधन समिति की जांच करेगी इस समिति में व्यापमं के परीक्षा नियंत्रक सहित चार उच्च अधिकारी शामिल रहेंग नकल प्रकरण की पुष्टि होने पर यह समिति ही अंतिम निर्णय लेगी।

**महिला एवं बाल विकास विभाग में खेल**

# सेवा समाप्त होने के बाद भी 9 कर्मचारियों को होता रहा भुगतान

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग में सेवा समाप्त होने के बाद भी कर्मचारियों को वेतन भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है जानकारी के मुताबिक वर्ष 2022-23 के गोपनीय प्रतिवेदन में दिये मंताकन अनुसार जिला वाल संरक्षण इकाई, रायपुर एवं अन्य संस्थाओं के 8 संविदा तथा 01 सेवाप्रदाता को दिनांक 19.10.2022 को सेवा समाप्त की गई थी इन सेवा समाप्त संविदा कर्मियों को जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर श्रीमती निशा मिश्रा द्वारा लाखों का वेतन भुगतान किया गया सेवा समाप्त किये गये 09 कर्मचारियों द्वारा पुन: सेवा में लिखे जाने हेतु उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा 14.02.2024 को पारित आदेश के अनुसार 19.10.2022 को जारी किए गए सेवा समाप्ति आदेश को निरस्त करते हुए वर्ष 2022-23 के गोपनीय प्रतिवेदन में पुन: विचार कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाना है उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा पारित किये गये आदेश के अनुपालन में त्वरित कार्यवाही करते हुए सक्षम प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रकरण को प्रस्तुत किया जाना था परंतु जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर श्रीमती निशा मिश्रा के हस्ताक्षर से सक्षम प्राधिकृत अधिकारी को अवगत कराये बगैर ही उक्त 8 कर्मियों को वेतन भुगतान किया गया आरटीआई से निकाले गए सारे दस्तावेज आरटीआई कार्यकर्ता आशीष देव सोनी के पास उपलब्ध है।

इस कर्मचारियों को मिल रही सैलरी-अश्विन जायसवाल, अलकेश्वरी सोनी, हेमलाल नायक, ज्योति शर्मा, रजनीश गेंदले, दुष्यंत निर्मलकर, अखिलेश डाहीरे, महेश्वरी दुबे शामिल है।

# चैतन्य बघेल से पूछताछ के बाद ईडी की रडार में कई कारोबारी

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। आबकारी घोटाले मामले में ईडी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे को गिरफ्तार कर ली है। जिसके बाद आज उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद ईडी ने इस मामले में कई कारोबारियों को नोटिस थमा दिए हैं। इनमें कुछ नामचीन होटल संचालक ज़मीन से जुड़े कारोबारी और अन्य व्यवसायिक चेहरे शामिल हैं। इन सभी को ईडी ने पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। जिसके बाद उनके वित्तीय लेन.देन की भी बारीकी से जांच होगी। ईडी ने मंगलवार को चैतन्य बघेल को रायपुर की विशेष कोर्ट में पेश किया। चैतन्य बघेल को कोर्ट ने 14 दिन की रिमांड में भेज दिया है। इससे पहले कोर्ट ने ईडी को पांच दिनों की रिमांड दी थी। मंगलवार को यह रिमांड खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया था।

- होटल और जमीन से जुड़े बिजनेसमैन को नोटिस
- ईडी ने पूछताछ के बाद कई बड़े कारोबारियों को पूछताछ के लिए नोटिस

# रविवि की जमीन पर कब्ज़ा, अपनी भूमि बचाने में हांफ रहा प्रशासन

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। प रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी जमीन बचाने में हांफ रहा है। हैरानी ये कि यूनिवर्सिटी के रेकॉर्ड वाली जिस भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है उसे समझौते के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रबंधन को छोड़ने का खेल गोपनीय रूप से चल रहा है। इसमें विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारी की भूमिका संदेह के दायरे में है।

विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि कब्जाधारी के साथ मध्यस्थता के लिए तारीख भी तय हो गई है। यदि प्रशासन इस पर रोक नहीं लगाता तो यूनिवर्सिटी के हाथ से यह जमीन फिसल जाएगी। दरअसल विश्वद्यालय प्रशासन के



आवेदन पर राज्य शासन ने साल 2005.6 में डूमरतालाब में करोड़ों रुपए की 29.402 हेक्टेयर भूमि अर्जित करके पं ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

एक उच्च अधिकारी के साथ कब्जाधारी के साथ बिलासपुर में मध्यस्थता सेंटर में बैठक तय हुई है। इसमें पूरा खाका तैयार होगा फिर उसी को आधार बनाकर आने वाले समय में न्यायालयों में रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने न तो अपने स्वामित्व वाली जमीन छोड़ने के लिए समझौता किया ह न करेगा। बल्कि कब्जाधारी द्वारा दबाई गई भूमि कानूनी प्रक्रिया के तहत हासिल की जाएगी। इस मामले में किसी भी तरह की मिलीभगत नहीं चलेगी। संपदा अधिकारी के पास भू.अर्जन का पूरा रेकॉर्ड और रकबे की पूरी जानकारी है।

**-अबर व्यास** रजिस्ट्रार रविवि प्रशासन

# प्रदेश में 1 हजार 227 शिक्षकों का पदोन्नति आदेश जारी

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने 1,227 व्याख्याताओं ;स्मबजनतमतेद्ध की पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए हैं। यह प्रक्रिया राज्यभर में चल रही पदोन्नति मुहिम का हिस्सा है जिसके तहत अब तक 7,000 से अधिक शिक्षक व अधिकारियों को पदोन्नत किया जा चुका है। इन व्याख्याताओं की पदस्थापना काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। इन विषयों में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और वाणिज्य जैसे मुख्य विषय शामिल हैं। यह निर्णय सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता हैए जिसके अंतर्गत राज्य के शिक्षकों को उनके कार्यए वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर समय पर पदोन्नति और अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला एवं संभाग स्तर पर लगभग 7000 पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही संपन्न की गई है। इसके साथ हीए 2621 सहायक शिक्षक ;विज्ञान प्रयोगशाला की सीधी भर्ती काउंसिलिंग के माध्यम से की गईए जिससे स्कूलों में प्रयोगात्मक शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इससे पूर्व दिनांक 30 अप्रैल 2025 को लगभग 2900 प्राचार्यों के पदोन्नति आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में पदोन्नत टी संवर्ग के प्राचार्यों की पदस्थापना भी काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी जिससे पारदर्शिता और स्थान.आवश्यकता के आधार पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। ई संवर्ग के प्राचार्यों का प्रकरण माननीय न्यायालय में लंबित है। माननीय न्यायालय के निर्णयानुसार समयबद्ध रूप से आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

- अब तक 7 हजार से अधिक शिक्षकों का हुआ प्रमोशन

**प्रदेश में एक और तेंदूपत्ता घोटाला**

# शासन को 5.13 करोड़ का पहुंचाया नुकसान

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के बीजापुर और राजनांदगांव जिलों में तेंदूपत्ता व्यापार में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। आरोप है कि राजनांदगांव निवासी ठेकेदार सुधीर कुमार मानेक और वन विभाग के अधिकारियों ने शासन को 5.13 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। इस मामले की शिकायत रायपुर निवासी विवेक कुमार सिंह ने आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से की है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के मुताबिक वर्ष 2022 में सुधीर मानेक को बीजापुर जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र लॉट नंबर 0064 में 1300 मानक बोरे तेंदूपत्ता खरीदने का ठेका 7299 रुपये प्रति बोरे की दर से मिला था। आरोप है कि मानेक ने वन विभाग और लघु वनोपज सहकारी संघ के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से कुल 4997.54 मानक बोरे तेंदूपत्ता एकत्र किया जिसमें 3521.18 बोरे वैध और 1476.36 बोरे अवैध रूप से ;भैरमगढ़ अभयारण्य क्षेत्र से संग्रहित किए गए। इस अवैध संग्रहण से सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके अलावा ट्रैक्टर मालिकों को 6 लाख रुपये का परिवहन भुगतान बकाया है जबकि 1.59 लाख रुपये की मजदूरी अब तक नहीं दी गई है। वहीं आदिवासियों को 140.84 लाख रुपये का भुगतान सरकार द्वारा किया गया। कुल मिलाकर राज्य को इस घोटाले से 513.21 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

**राजनांदगांव में हेराफेरी**

शिकायत के अनुसार मानेक ने भैरमगढ़ से लाए गए 7348 बोरों में से 2669 बोरों की हेराफेरी की और इन्हें राजनांदगांव के गुरुकृपा गोदाम में जमा कर 93.34 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया। इस मामले में कोतवाली राजनांदगांव में 19 जून 2025 को एफ्आईआर ;क्रमांक 0305 दर्ज हुइ जिसमें भारतीय न्याय संहिता ; की धारा 316;2 316;5 और 61;2 के तहत आपराधिक विश्वासघात धोखाधड़ी और साजिश के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि मामले में अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**ठेकेदार और वन अधिकारियों पर गंभीर आरोप**

**आदिवासियों का आक्रोश**

शिकायतकर्ता के अनुसार बीजापुर के आठ गांवों ;जारामोगिया टिण्डोडी दारमेर आदि के आदिवासी संग्राहकों को 44.79 लाख रुपये का पारिश्रमिक अब तक नहीं मिला है। मार्च 2023 में ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर वन मंडल कार्यालय का घेराव किया थाए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मानेक द्वारा दिए गए कई चेक बाउंस हो चुके हैं जिससे ट्रैक्टर मालिक और मजदूरों में भारी नाराजगी है।

**शिकायतकर्ता विवेक कुमार सिंह ने की ईओडब्लू और एसीबी से जांच की मांग**

513.21 लाख रुपये की राशि मानेक और दोषी अधिकारियों से वसूल की जाए। अवैध संग्रहण हेराफेरी और पुलिस.वन अधिकारियों की मिलीभगत की गहन जांच हो। मानेक दोषी वन अधिकारियों और गोदाम कर्मचारियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। आदिवासियों और ट्रैक्टर मालिकों को 52.39 लाख रुपये का भुगतान की मांग।, झूठे आरोपों में जेल में बंद कर्मचारियों की रिहाई की जाए। प्रभावित आदिवासियों को आर्थिक और मानसिक नुकसान के लिए मुआवजा दिया जाए। तेंदूपत्ता व्यापार में पारदर्शिता और अवैध संग्रहण रोकने के लिए सुधार हो।

**नक्सली फंडिंग का आरोप**

शिकायतकर्ता विवेक सिंह ने कहा कि यह घोटाला आदिवासियों की आजीविका और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वाला है। म्व् और ।ब्ठ से तत्काल मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही इस मामले में नक्सल फंडिंग का आरोप भी लगाया है।

# जीवन में समृद्धि से ज्यादा सदाचार को महत्व दें : मनीष सागर

### ◆ बुद्धि मिलना सरल, शुद्धि बने रहना कठिन

**रायपुर**, 23 जुलाई देशबंधु। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में बुधवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागर महाराज ने कहा कि समृद्धि पाने के साथ सदाचारी बनने का भी लक्ष्य बनाइए। जीवन मे व्यक्ति समृद्धि के पीछे भागता रहता है, लेकिन सदाचार का गुण अपने भीतर लाने का प्रयास भी उतना ही होना चाहिए। समृद्धि कितनी भी महानतम क्यों ना हो, सदाचार ही हमेशा महानतम कहलाएगा। समृद्धि पुण्य आश्रित है और सदाचार स्व-आश्रित।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन में सदाचार को अहम स्थान देना चाहिए। खूब कमाया, खूब कमाए लेकिन सब गवा देते हैं। सदाचार हमेशा आपके पास रहेगा। सदाचार बहुत मुश्किल से मिलता है। यह हमारी सबसे मुख्य पूंजी है। इसको कभी बेचना नहीं चाहिए। जैसे रिश्वत बहुत छोटी चीज है, लेकिन मर्यादा, नैतिकता, प्रमाणिकता बड़ी चीज है। सदाचार एक बार गवा दोगे तो इसको कमाने के लिए पूरा जीवन बीत जाएगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कमी को इग्नोर करोगे तो सुखी रहोगे। कमी को पकड़ कर बैठे रहोगे तो दुख घेरे रहेगा। भीतर में लोभ तो कुछ दिखाई नहीं देगा। लोभ के कारण संसार में बहुत कुछ हो जाता है। लोभ सबके भीतर है और यह जैसे-जैसे लोभ बढ़ेगा और भी विकराल हो जाता है।



उपाध्याय भगवंत ने कहा कि लोभ बढ़ता है, उतना अहंकार बढ़ता है। लोभ और अहंकार के साथ में माया आ जाती है। लोभ की पूर्ति जीवन में नहीं होगी तो माया हावी हो जाएगी और मान का तिरस्कार हो जाएगा और क्रोध हावी होगा। यह चार कसाय है लोभ, माया, मान और क्रोध। ये जिनके जीवन में आ गए तो वह हिंसा, चोरी, झूठ, अब्रम्हचर्य और अपरिग्रह इन पांच पापों में लग जाएगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि धर्म अवैज्ञानिक नहीं है, धर्म वैज्ञानिक है। धर्म समृद्धि बढ़ाने के लिए नहीं, धर्म सदाचार बढ़ाने के लिए है। धर्म बाहर का सुख देने वाला नहीं, भीतर का सुख देने वाला है और यही टिकाऊ है। मंदिर जाओ तो हमेशा भगवान से सद्बुद्धि मांगो। कभी प्रतिकूल परिस्थिति में घबराऊँ नहीं ये मांगों, किसी चुनौती का सामना करना पड़े तो कभी हिम्मत नहीं हारूँ यह मांगना चाहिए। जीवन में अभी शुद्धि नहीं छोड़ना, बुद्धि को भ्रष्ट न करना तभी सिद्धि मिलेगी।

# सूदखोर रोहित तोमर को एक और झटका

## कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत याचिका

### ◆ अलग.अलग थानों में दर्ज हैं इतने मामले

**रायपुर**, 23 जुलाई देशबंधु। सूदखोरी के आरोपी और हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर और वीरेंद्र तोमर के विरुद्ध थाने में कई मुकदमें दर्ज हैं। केस दर्ज होने के बाद से दोनों भाई रोहित और वीरेंद्र फरार चल रहे हैं। पुलिस कई दिनों से तलाश कर रही है लेकिन दोनों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस बीच सीबीआई कोर्ट के स्पेशल जज ने रोहित तोमर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए रोहित ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। तोमर बंधुओं के खिलाफरायपुर की पुरानी बस्ती और तेलीबांधा थाने में कुल 7 मामले दर्ज हैं। अगर पूरे रायपुर जिले के बात करें तो कई थानो में करीब 14 एफआईआर दर्ज हैं। इनमें सूदखोरी, ब्लैकमेलिंग, मारपीट, अवैध वसूली और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफगिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इसके साथ ही 5.5 हजार के इनाम की भी घोषणा की है। तोमर बंधु लंबे समय से फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है।



**परिवार के कई सदस्य जेल में**

इन मामलों में तोमर परिवार की एक बहूए भतीजा दिव्यांश दो वकील और दो कर्मचारी गिरफ्तार हुए हैं। सभी जेल में बंद हैं। इसी मामले में दोनों भाई लगातार फरार चल रहे हैं। परिजनों का दावा है कि दोनों भाई कहां है इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने अब तक घर में संपर्क भी नहीं किया गया है। पुलिस भी दोनों को ढूंढ नहीं पा रही है।

## निधन

### उर्मिला बाई चंदेल



**रायपुर**, 23 जुलाई। ग्राम मानिकचौरी (अभनपुर) निवासी श्रीमती उर्मिला बाई चंदेल (75 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानिकचौरी मुक्तिधाम में बुधवार को ही किया गया । आप अभनपुर क्षेत्र की पूर्व जनपद सदस्य तथा मानिकचौरी सोसायटी की पूर्व उपाध्यक्ष रही हैं । आप बाबूलाल चंदेल की पत्नी, मनहरण, डेरहा, रमेश, रुक्मणी जोगी (पूर्व पार्षद) तथा उषा की माता तथा चेतन चंदेल व टीकम चंदेल की चाची थी।

### प्रदीप गुप्ता



**नवापारा राजिम** 23 जुलाई देशबंधु। नगर के प्रसिद्ध डॉ स्व प्यारे लाल गुप्ता के द्वितीय पुत्र प्रदीप गुप्ता उम्र 68 वर्ष का आकस्मिक निधन बिलासपुर में 20 जुलाई को हो गया । उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर मुक्तिधाम में किया गया । वे डॉ प्रकाश गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता के भाई ,शुयश गुप्ता के पिता एंव प्रणव, ड्रा प्रशान्त गुप्ता के चाचा थे । उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक जन, शुभचिंतकों सहित परिजन लोग शामिल हुए ।

### भागवत ताम्रकार



**दुर्ग**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। गवली पारा निवासी भागवत ताम्रकार का निधन आज बुधवार 23 जुलाई को रायपुर के एम्स हास्पिटल में शाम 4 बजे हो गया है। स्व. भागवत ताम्रकार भाजपा नेता राजेश ताम्रकार के बड़े भाई एवं पत्रकार रविप्रकाश ताम्रकार व भारती ताम्रकार के पिता थे। अंत्येष्टि कार्यक्रम आज गुरूवार 24 जुलाई को सुबह 10 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि



**राजनांदगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित कालीचरण परिवार हमालपारा निवासी श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि ध.प. स्व. कालीचरण गुप्ता का 23 जुलाई को देवलोक गमन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 4.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### श्रीमती ऊषा शर्मा



**रायपुर**, 23 जुलाई देशबंधु। मारूति इनक्लेव टाटीबंध निवासी श्रीमती ऊषा शर्मा पत्नी स्व. अशोक शर्मा का आज सायंकाल 5 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 24 जुलाई को सुबह 10 बजे मुक्तिधाम कोटा के लिए निकलगी। वे डॉ वाणी तिवारी, हर्ष शर्मा, तुषार शर्मा की माता थीं।

# भूत, प्रेत, टोनही का खौफ व भ्रम हटाने के लिए अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति हरेली में रात्रि भ्रमण करेगी

### सभी बीमारियों से बचाव के लिए अंधविश्वास की बजाय स्वास्थ्य सुरक्षा के नियमों का पालन करें : डॉ. दिनेश मिश्रा

**रायपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। अंधविश्वास, पाखंड व सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिए कार्यरत संस्था अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति हरेली पर विशेष जनजागरण अभियान चलाएगी, जिसमें जादू टोने के संबंध में टोनही प्रताडना के विरोध में जागरूक करने, टोनही प्रताडना के विरोध में शपथ, गांव के निर्जन स्थानों में रात्रिभ्रमण, अंधविश्वास पर पम्पलेट वितरण किया जाएगा, टोनही प्रताडना के संबंध में जानकारी एवं जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर वितरित किए जायेंगे तथा यह पोस्टर ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किए जायेंगे। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा हरियाली के प्रतीक हरेली अमावस्या की रात को ग्रामीणजनों के मन से टोनही, भूत-प्रेत का खौफ हटाने के लिए समिति भ्रमण कर ग्रामीणजनों से सम्पर्क करेगी.



डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा अंचल में हरियाली अमावस्या (हरेली) के संबंध में काफी अलग अलग मान्यताएं हैं अनेक स्थानों पर इसे जादू-टोने से जोड़कर भी देखा जाता है, कहीं-कहीं यह भी माना जाता है कि इस दिन, रात्रि में विशेष साधना से जादुई सिद्धियां प्राप्त की जाती है जबकि वास्तव में यह सब परिकल्पनाएं ही हैं, जादू - टोने का कोई अस्तित्व नहीं है तथा कोई महिला टोनही नहीं होती। पहले जब बीमारियों व प्राकृतिक आपदाओं के संबंध में जानकारी नहीं थी तब यह विश्वास किया जाता था कि मानव व पशु को होने वाली बीमारियां जादू-टोने से होती है। बुरी नजर लगने से, देखने से लोग बीमार हो जाते है तथा इन्हें बचाव के लिए गांव, घर को तंत्र-मंत्र से बांध देना चाहिए तथा ऐसे में कई बार विशेष महिलाओं पर जादू-टोना करने का आरोप लग जाता है वास्तव में सावन माह में बरसात होने से वातावरण का तापमान अनियमित रहता है, उसम, नमी के कारण बीमारियों को फैलाने वाले कारकों बैक्टीरिया व कीटाणु अनुकूल वातावरण पाकर काफी बढ़ जाते है। गंदगी, प्रदूषित पीने के पानी, भोज्य पदार्थ के दूषित होने, मक्खियां, मच्छरो के बढने से बीमारियां एकदम से बढ़ जाती है। डॉ. मिश्र ने कहा पिछले कुछ वर्षो से यह देखा जा रहा है कि हरेली अमावस्या को दिन में भी बच्चे व कई लोग जादू-टोने व नजर लगने से बचने के लिए नीम की टहनी, साइकिलों, रिक्शे व गाड़ियों में लगातार घूमते दिखाई देते है। पालकों व शिक्षकों को बच्चों को ऐसे अंधविश्वास से बचने की सलाह देना चाहिए। नीम की टहनी तोड़-तोड़कर वृक्ष को नुकसान पहुंचाने के बजाय घर के आसपास नीम के पौधे लगाये ताकि वातावरण शुद्ध हो। बीमारियों से बचने के लिए साफ-सफाई, पानी को छानकर, उबालकर पीने, प्रदूषित भोजन का उपयोग न करने तथा गंदगी न जमा होने देने जैसी बातों पर लोग ध्यान देंगे तथा स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहेंगे तो तंत्र-मंत्र से बांधनें की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बीमारियों खुद-ब-खुद नजदीक नहीं फटकेंगी, मक्खिंया व मच्छर किसी भी कथित तंत्र-मंत्र से अधिक खतरनाक है

# प्रगतिशील यादव महासंघ का स्वास्थ्य शिविर 27 को

**रायपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। सामाजिक सरोकार संबंधित सेवाकार्यों में पिछले 23वर्षों से संलिप्त प्रगतिशील यादव महासंघ सकारात्मकता की ओर एक कदम आगे बढ़ाते हुए अनिद्रा, अवसाद, तनाव, अतिक्रोध, चिड़चिड़ापन, नशे की लत, कुंठा से पीड़ित जनमानस के लिए, रविवार 27जुलाई को प्रात: 10बजे से दोपहर 2बजे तक बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में मेंटल हेल्थ चेकअप सह अवेयरनेस कैंप का आयोजन कर रहें हैं ।।

महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि शिविर के पहले चरण में डॉ गीतेश अमरोहित (एम.पी.टी) मानसिक बीमारी के रूटकॉज़ पर प्रकाश डालेंगे तदोपरान्त डॉ अभिषेक गुप्ता (एम.डी.) पंजीकृत मरीजों का परीक्षण कर उन्हें बीमारी के निदान और उससे संबंधित सलाह देंगे। इस अवसर पेंड्रा गौरेला के चेरी मेडिकल शॉप का काउंटर एवं प्रतिभा नर्सिंग कॉलेज, नया रायपुर के छात्र छात्राएं विशेष रूप से अपनी सेवाएं देंगे ।

# महादेव घाट में बेटी बचाओ मंच का सावन श्रृंगार संपन्न



**रायपुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बेटी बचाओ मंच महादेव घाट परिक्षेत्र की ओर से निखिलेश्वर महादेव मंदिर सभागार में सावन चीन, सावन श्रृंगार, भजन, सावन गीत, नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुआ । सावन चीन प्रतियोगिता में शारदा मिश्रा विजेता तथा सविता दुबे उपविजेता घोषित हुए।. वहीं सावन श्रृंगार विजेता में सरिता शर्मा का चयन किया गया। उक्त चयन ग्रीन सज ड्रेस सावन गीत नृत्य सावन पर प्रश्नोत्तरी जैसे विविध चरणों से गुजरने के पश्चात किया गया उक्त अवसर पर आयोजित सामूहिक भजन में वीना तिवारी, अंजली शर्मा व रत्ना शर्मा श्रेष्ठ रहे। नृत्य में गीता विश्वकर्मा, प्रमिला कोपुलवार, सरल इंगले, धनेश्वरी दुबे पुरस्कृत हुए7थ्योरी सावन से संबंधित प्रश्नोत्तरी में वैजयंती चतुर्वेदी, सविता दुबे, सूर्यकाता सोनी विजेता रहे7 विजयी प्रतियोगियों को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पुरस्कार वितरण किया।

# राजधानी के कुशानपुर इलाके में चल रहा था सेक्स रैकेट पुलिस ने दी दबिश



**रायपुर**, 23 जुलाई देशबंधु। राजधानी में एक बार फिर एक हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंड़ाफोड़ हुआ है। पुलिस ने कुशालपुर इलाके के एक मकान में दबिश दो युवतियों और एक युवक को हिरासत में लिया है। दरअसल पुरानी बस्ती थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुशालपुर इलाके में स्थित एक मकान में देहव्यापार किया जा रहा था। इसके बाद टीम गठित कर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और दो युवतियों और एक युवक को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा है। फिलहाल तीनों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है और थाना में पीटा एक्ट की धाराओं में थ्स् दर्ज कर रही है।

# स्मृति पुस्तकालय योजना को मिल रहा जनसमर्थन

**रायपुर**, 23 जुलाई देशबंधु। ज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में रायपुर जिला प्रशासन की अभिनव पहल च्स्मृति पुस्तकालय योजनाज्को जनमानस का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में 15 जुलाई से प्रारंभ इस योजना के तहत आज तक 43 दानदाताओं द्वारा 949 से अधिक पुस्तकें दान की जा चुकी हैं। आज के दो दानदाताओं ङ्क सुश्री कौशल्या यदु और श्री खेमराज रात्रे ने कुल 103 पुस्तकें दान कीं। इन पुस्तकों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर गाइड तथा प्रेरणादायक साहित्य शामिल हैं। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने दानदाताओं को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। विशेष बात यह रही कि कौशल्या यदु, जो स्वयं अशिक्षित हैं, ने तीन प्रेरणादायक उपन्यास दान करते हुए कहा, च्मैं खुद पढ़ नहीं सकी, पर चाहती हूं कि कोई और मेरी तरह अनपढ़ न रह जाए।ज्ज वहीं, श्री खेमराज रात्रे ने प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें दान करते हुए कहा, च्यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी जो आर्थिक रूप से किताबें खरीदने में सक्षम नहीं हैं।

**अब तक लगभग 1000 पुस्तकें दान दी गई**



जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे आगे आकर पुस्तक दान करें और ज्ञान के इस अभियान में सहभागी बनें।

# एनीकट में दर्दनाक हादसा नहाने उतरे दो किशोर नदी में डूबे

**रायपुर**, 23 जुलाई देशबंधु। रायपुर राजधानी रायपुर से लगे पाटन से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां जमराव एनीकट में 6 नाबालिग बच्चें घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान नदी में नहाने उतरे दो किशोर तेज बहाव में बह गए। इस हादसे में 16 साल के यशवंत हरपाल की मौत हो गई जबकि आशीष साहू ;16 अभी भी लापता है। मिली जानकारी के अनुसार मामला अमलेश्वर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे रायपुर के आमापारा रामकुंड इलाके के हैं। ये सभी आज एनीकट गए थे। इसी दौरान नदी किनारे खाना खाने के बाद यशवंत और आशीष नहाने के लिए पानी में उतरे थे। लेकिन तेज बहाव के कारण दोनों बह गए। घटना के बाद जब दोनों बाहर नहीं निकले तो साथ में गए बाकी साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जिसकी मदद से यशवंत को नदी से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद इसकी शिकायत एसडीआरएफकी टीम को दी गई। जिसके बाद एसडीआरएफने तलाशी शुरू की। लेकिन अंधेरा होने की वजह से रात में सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा। टीम ने मौके से बच्चों के स्कूल बैग और जूते भी बरामद किए हैं।



**एक की मौत दूसरा लापता**

# रायपुर को हरित और स्वच्छ बनाने महापौर को अपील

### ◆ हरेली तिहार पर पौधारोपण अभियान का संकल्प

**रायपुर**, 23 जुलाई देशबंधु। हरियाली त्यौहार, प्रकृति के प्रति आभार और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। रायपुर के महापौर ने इस खास अवसर पर शहरवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए, हरियाली को बढ़ाने का संकल्प लिया है।



रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ जी और संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी जी ने हरेली त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार शहर में खुशहाली, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का संदेश लेकर आता है। इस मौके पर उन्होंने रायपुर को और भी हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। यह संकल्प न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगा बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने में मदद करेगा।

'एक पेड़, माँ के नाम' अभियान के तहत महापौर जी ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर पौधे की देखभाल बच्चों की तरह करनी चाहिए। इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ हवा और हरे-भरे शहर की सौगात मिलेगी। यह एक छोटा सा कदम है, जिससे हम अपने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा सकते हैं। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रही है। सभी का मानना है कि सामूहिक प्रयास से रायपुर को एक हरित और स्मार्ट शहर बनाया जा सकता है। सुरक्षित जगहों पर पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना हर नागरिक का कर्तव्य है। आइए, मिलकर रायपुर को हरा-भरा

# डागा कालेज में प्राथमिक उपचार को लेकर शिविर का आयोजन

*__रायपुर__, 23 जुलाई देशबंधु। कचहरी चौक स्थित श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में आज बुधवार को एक दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की युवा रेड क्रॉस इकाई के द्वारा भारतीय युवा रेड क्रॉस के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया गया। इसमें देव प्रकाश कुर जिला रेड क्रॉस के सहायक प्रबंधक तथा बालमुकुंद दुबे राज्य शासन के प्रशिक्षित ट्रेनर के रूप में उपस्थित हुए। श्री दुबे ने महाविद्यालय की छात्राओं को प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की तथा छात्राओं को प्रशिक्षित भी किया। श्री दुबे जी ने छात्राओं को हर परिस्थिति में संयमित रहते हुए मदद करने बात कही और किसी व्यक्ति के बेहोश होने की स्थितिए हृदय घात की स्थिति तथा हार्ट फेल होने की स्थिति में दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार को विस्तार पूर्वक समझाया तथा शंकाओं का समाधान भी किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्राओं ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।*



# सतनामी प्रतिभा सम्मान के लिए पंजीयन शुरू

*__रायपुर__, 23 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 अगस्त को 'मिनीमाता स्मृति दिवस' पर सिविल लाइन स्थित 'वृंदावन हाल' में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सतनामी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन आमंत्रित कर आज से अग्रिम पंजीयन प्रारंभ कर दी गई है। अकादमी के अध्यक्ष के.पी.खण्डे, महासचिव डॉ.जे.आर. सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि छ.ग.के किसी भी जिले में निवासरत सतनामी समाज की ऐसी माताएं/ बहनें जिन्होंने खेल, कला, संगीत, साहित्य , शिक्षा, विधि, योग, चिकित्सा, कृषि, वीरता, पत्रकारिता, महिला सशक्तिकरण, प्रशासनिक क्षेत्र, नशामुक्ति अभियान, रोजगारोन्मुखी कार्य, समाजोत्थान आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है।*

## प्रादेशिकी का शेष...

### रविवि की जमीन पर...

रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को दी थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका भुगतान सरकारी खजाने से भूस्वामियों को किया है लेकिन उसे बचाने के बजाय अतिक्रमणकारियों के सामने घुटने टेंकने के राह पर चल पड़ा है। इस मामले में न्यायालय तहसीलदार रायपुर से नोटिस भी जारी किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने तथ्यों के दस्तावेज दिए। नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अवैध कब्जाधारी ने विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार से साठगांठ कर करीब एक एकड़ भूमि छोड़ने का रास्ता अख्तियार कर लिया था। जबकि इनमें से कुछ मामले न्यायालय में चल रहे हैं। इसी बीच फिर समझौता करने का खेल अंदर ही अंदर शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के हक एवं स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 499 रकबा 0 348 हेक्टेयर यानी कि करीब एक एकड़ भूमि अवैध कब्जाधारी के साथ समझौते की भेंट चढ़ने वाली है।

कोयला घोटाला

# सौम्या, सूर्यकांत समेत परिवार की संपत्ति अटैच को लेकर लगी याचिका खारिज

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सूर्यकांत तिवारी और सौम्या चौरसिया सहित परिवार के लोगों की संपत्ति अटैच किए जाने की कार्रवाई को हाइकोर्ट में चुनौती दी गई थी। केजेएसएल कोल पावर और इंद्रमणि मिनरल्स ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका लगाई थी जिस पर लगातार सुनवाई के बाद सभी 10 याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा गया था। हाईकोर्ट के चीफजस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और विभू दत्त गुरु की डबल बेंच में सभी पहलुओं पर लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था जिसे आज सार्वजनिक किया गया है। इस याचिका को कोर्ट ने लंबी कानूनी बहस के बाद खारिज कर दिया गया है। दरअसल ईडी रायपुर ने अवैध कोयला लेवी घोटाले से संबंधित मामले में सूर्यकांत तिवारी और अन्य से संबंधित पीएमएलएए 2002 के प्रावधानों के तहत 30 जनवरी 2025 को कुल मिलाकर 49.73 करोड़ रुपए मूल्य की 100 से अधिक चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है जिसमें बैंक बैलेंस, वाहन, नकदी, आभूषण और जमीन शामिल हैं। इसमें सूर्यकांत तिवारी के भाई रजनीकांत तिवारी, कैलाशा तिवारी, दिव्या तिवारी की भी संपति अटैच की गई है। वहीं सौम्या चौरसिया उनके भाई अनुराग चौरसिया, मां शांति देवी, समीर विश्नोई और अन्य ने अस्थायी नियंत्रण के खिलाफ याचिकाएं लगाई। कोर्ट में संबंधित अपीलकर्ताओं के वकील हर्षवर्धन परगनिहा, निखिल वार्ष्णेय, शशांक मिश्रा, अभ्युदय त्रिपाठी और अन्य को सुना गया। इसके बाद प्रतिवादी के वकील डा सौरभ कुमार पांडे को भी सुना गया। संबंधित अपीलकर्ताओं की ओर से अधिवक्ताओं और प्रतिवादी की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं की दलीलें पूरी हो गई थी। कोर्ट ने इस मामले में याचिका को खारिज करने का निर्णय सुनाया है।



**ईडी की कार्रवाई को दी गई थी चुनौती**

## क्या है कोयला लेवी मामला

ईडी की जांच में सामने आया कि कुछ लोगों ने राज्य के वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों से मिलीभगत के बाद ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर कोयला ट्रांसपोर्ट करने वालों से अवैध वसूली की। जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच कोयले के हर टन पर 25 रुपये की अवैध लेवी वसूली गई। 15 जुलाई 2020 को इसके लिए आदेश जारी किया गया था। खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक आईएएस समीर बिश्नोई ने आदेश जारी किया था। यह परमिट कोल परिवहन में कोल व्यापारियों को दिया जाता है। पूरे मामले का मास्टरमाइंड किंगपिन कोल व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया। इसमें जो व्यापारी पैसे देता उसे ही खनिज विभाग से पीट और परिवहन पास जारी होता था यह रकम 25 रुपये प्रति टन के हिसाब से सूर्यकांत के कर्मचारियों के पास जमा होती थी। इस तरह से स्कैम कर कुल 570 करोड़ रुपये की वसूली की गई।

## कहां खर्च की अवैध कमाई

जांच में सामने आया है कि इस घोटाले की राशि को सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं को रिश्वत देने में खर्च किया गया। साथ ही चुनावी खर्चों के लिए भी इस अवैध राशि का इस्तेमाल किया गया। आरोपियों ने इससे कई चल.अचल संपतियों को खरीदा।

करोड़ों के गबन का मामला

# प्रायवेट लिमिटेड कंपनी का एकाउटेंट गिरफ्तार

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। करोडों रूपये गबन के मामले में पुलिस ने प्राइवेट कंपनी के एकाउटेंट को गिरफ्तार किया गया है बताया गया कि प्रार्थी अनुराग अग्रवाल ने थाना विधानसभा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि विधानसभा रायपुर रोड पर रमा वर्ल्ड के बाजू कचना में उसके कंपनी केमप्लास्ट प्रोडक्टस प्रायवेट लिमिटेड का कार्यालय है। कार्यालय में सागर तिवारी एकाउटेंट के पद पर कार्यरत है। कंपनी की वित्तीय लेन.देन ऑनलाईन बैकिंग के द्वारा करने की जिम्मेदारी सागर तिवारी का है जो अपने जिम्मेदारी के निर्वहन करते हुये 01.07 2024 से अब तक अवैध तरीके से कंपनी के खाते से अपने निजी लाभ के लिये विभिन्न खातों में ऑनलाईन ट्रांजेक्शन कर 1,20,00,000ध्रूपये ;एक करोड़ बीस लाख रूपयेद्ध का गबन करके अमानत में ख्यानत किया गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा रायपुर में धारा 316;4 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी विधानसभा निरीक्षक शिवेन्द्र राजपूत को आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी विधानसभा के नेतृत्व में थाना विधानसभा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी की पतासाजी करते हुये प्रकरण में आरोपी सागर तिवारी को पकड़कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त करोड़ो रूपये गबन करने की घटना को अंजाम देना बताया गया। आरोपी सागर तिवारी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



# सर्जिकल ब्लेड 22 नंबर के अस्पतालों में इस्तेमाल पर सीजीएमएससी ने लगाई रोक

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सर्जिकल ब्लेड 22 नंबर के अंबेडकर अस्पताल डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्राचार्य डेंटल कॉलेज समस्त मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी सिविल सर्जन चिकित्सा अधिकारी शहरी हेल्थ और वैलनेस सेंटर और चिकित्सा प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर बलौदा बाजार में इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। निर्माता गोल्डविन मेडिकेयर लिमिटेड के बैच जी409 के इन ब्लेड में जंग लगने की शिकायत मिली थी। इसके बाद ऑपरेशन थिएटर में उपयोग पर रोक लगाई है क्योंकि इससे इंफेक्शन होने का खतरा है। मुख्यालय द्वारा औषधि के उक्त बैच का उठाव कर नवीन बैच की आपूर्ति करने हेतु फर्म को आदेशित किया गया है।

# जूठा कचरा घर सामने फेंकने को लेकर विवाद पर जानलेवा हमला

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने जुठा कचरा फेकने के विवाद में हुए जान लेवा हमलें के मामलें में पुलिस फरार आरोपी युवक को पकड़ लिया है वही मामले में अब तक 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है अन्य फरार है जिनकी तलाश की जा रही हैं बताया गया कि प्रार्थी राकेश चन्द्र तिवारी ने 8जुलाई को थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके घर के सामने चौक के पास रोड में संजय चौधरी रोज कचरा एवं खाने का जूठा डालते है। 7 जुलाई को रात करीब 11.00 बजे संजय चौधरी फिर से चौक में जूठा डाल रहे थे जिन्हे अपने घर से मना किया तो संजय चौधरी उसे मां बहन की अश्लील गाली गलौच करने लगा। तब प्रार्थी अपने घर से बाहर निकल कर उन्हे गाली गलौच करने से किया मना किया और बोला कि यहां पर रोज साफसफाई कराता हूं आप जूठा व कचरा क्यो डालते हो। वाद.विवाद की आवाज सुनकर इनका बेटा ऐश्वर्य तिवारी व उसके तीन दोस्त रचित माटे शिवांग शुक्ला गगन कुमार उर्फगोकुल जो घर आये हुए थे मौके पर आये तो संजय चौधरी बोला कि तुम लोग मुझे धमका रह हो फिर इतने में संजय चौधरी के बाजू में रहने वाले यासिन शेख उर्फलाल सोनू एवं उसका भाई भतीजा वहा पर आ गये और सभी मिलकर अश्लील गाली गलौच करने लगे फिर वे लोग इसके बेटे ऐश्वर्य के साथ धक्का मुक्की करने लगे तथा मना करने पर हाथ मुक्का व लात से मारना पीटना शुरू कर दिया। भीड़ इकट्ठा हो जाने पर ये लोग अपने घर के अंदर चले गये तो कुछ देर बाद याशिन शेख उर्फसोनू एवं उसके 10.15 साथी प्रार्थी के घर में घुसकर लाठी.डण्डे हाथ मुक्के पाईप चाकू से इनके उपर प्राणघातक हमला कर मारपीट किये जिससे इन लोगों को चोंटे आई है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार प्रकरण में फरार आरोपी मोहम्मद अनस खान पिता नासिर रजा निवासी नूरानी मस्जिद के पीछे राजा तालाब थाना सिविल लाइन रायपुर को आज को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड में भेजा गया प्रकरण में अब तक कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है प्रकरण में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं



**फरार आरोपी पकड़ाया, मामले में अब तक 9 हिरासत में**

# लगातार दो दिन बारिश से राजधानी में सावन की रंगत लौटी

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में मंगलवार के बाद बुधवार को भी मेघ मेहरबान रहे। इस प्रकार लगातार दो दिन बारिश से राजधानी में सावन की रौनक लौट आई है। कई जगह धरा हरा.भरा नजर आई। इससे एक दिन पहले करीब आधे घंटे तेज बारिश हुई। इससे कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। शहर के कई रास्ते बंद हो गए।

राजधानी रायपुर में मंगलवार के बाद बुधवार को भी मेघ मेहरबान रहे। इस प्रकार लगातार दो दिन बारिश से राजधानी में सावन की रौनक लौट आई है। कई जगह धरा हरा.भरा नजर आई। इससे एक दिन पहले करीब आधे घंटे तेज बारिश हुई। इससे कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। शहर के कई रास्ते बंद हो गए। इससे मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जाम खुलवाने के लिए यातायात पुलिस ने मोर्चा संभाला। काफी मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हुआ। शहर के जीई रोड़ अनुपम उद्यान से डंगनिया जाने वाली सड़क लबालब हो गई। बारिश और नाली का पानी सड़क पर भरा गया। जलभराव के चलते मोड़ पर वाहन फंसने लगे। रास्ता जाम रहा। जीई रोड़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यह जाम एक ओर सेन्ट्रल लाइब्रेरी और दूसरी ओर राजकुमार कॉलेज मोड़ तक जा पहुंचा। वहीं डंगनिया की ओर से आने वाले राहगीर पानी को देखकर थम गए। मोहबाबाजार से होकर कोटा.गुढ़ियारी जाने वाली सड़क पर दोनों ओर पानी भर गया। कोटा की ओर से जाने वाले वाली पुरानी सड़क पर पानी से लबालब हो गई। कोटा के कबीर चौक की ओर से वाहन धीरे.धीरे आगे बढ़े।



**देर रात तेज बारशि मौसम हुआ सुहावना :** राजधानी में बुधवार को देर रात में तेज बारिश हुई। बारिश बहुत तेज थी। बड़ी बून्दों के साथ हुई बारिश शहर को तरबतर कर दिया। रास्ते पर जिसे जहां आड़ मिली वह वही थम गया। जोरदार बारिश के बाद शहर के राजभवन मार्ग सिविल लाइंस घड़ी चौक के पास पड़री मार्ग और मोतीबाग रोड़ पर जलभराव हो गया था। कई लोग पानी मोतीबाग रोड़ पर पानी भरने से वाहन उल्टी दिशा में चलाते दिखाई दे रहे थे।

**आज से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज :** राजधानी मेंबुधवार की सुबह डेढ़ घंटे तक तेज बारिश हुई। इस दौरान 32 मिमी पानी गिर गया। बारिश की वजह से नालियां ओवरफ्लो हो गई और कई सड़कों पर पानी भर गया। इससे दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई। 24 जुलाई से रायपुर समेत प्रदेश में व्यापक बारिश होगी। मध्य व उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार हैं।

**प्रदेश में हो रही अच्छी बारिश :** इधर बस्तर संभाग में अगले 4 दिनों तक कहीं.कहीं भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है। राजधानी में सुबह 10 बजे बूंदबांदी के साथ हुई बारिश तेज हो गई। कुछ देर में मूसलाधार बारिश होने लगी। बंगाल की खाड़ी में बन रहे कम दबाव के क्षेत्र के असर से प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में भानपुरी में 13 सेमी पानी बरस गया। वहीं बकावंड में 6, बस्तर, मर्दापाल व सुकमा में 5.5, करपावंड, पचपेड़ी, तोकापाल, पेंड्रारोड व घरघोड़ा में 4.4 सेमी बारिश हुई। इसी तरह लोहंडीगुड़ा, बीजापुरए कोंडागांवए बास्तानार में 3.3ए कोंटाए सुहेलाए कटे कल्याणए साल्हेवारा समेत कई इलाकों में 2.2 सेमी वर्षा रिकार्ड की गई। प्रदेश के 6 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। आश्चर्यजनक रूप से इसमें चार जिले बस्तर संभाग के है। प्राय बस्तर संभाग में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का ट्रेंड पिछले कई सालों से रहा है। इस बार बीजापुर में भी सामान्य 511.5 मिमी बारिश हुई है। जबकि पिछले साल सबसे ज्यादा बारिश यहां हुई थी। करीब 2400 मिमी पानी बरस गया था। इस बार सबसे ज्यादा बारिश बलरामपुर में हुई है

# जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम अब जिन्दल स्टील लिमिटेड

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम अधिकृत रूप से बदलकर जिन्दल स्टील लिमिटेड कर दिया गया है। यह नाम परिवर्तन भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से अनुमोदन के बाद कल प्रभावी हुआ है।

जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम बदलकर जिन्दल स्टील लिमिटेड करने की मुख्य वजह यह है कि कंपनी सिर्फ अपने मुख्य काम, यानी स्टील उत्पादन पर अधिक ध्यान देने और भविष्य में एक मज़बूत स्टील कंपनी के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नए नाम से कंपनी को देश और विदेश, दोनों जगह अपनी पहचान साफ़ तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। साथ ही, कंपनी अपनी पुरानी पहचान और मूल्यों को भी बनाए रखेगी।

यह परिवर्तन कंपनी (इनकॉरपोरेशन) नियम-2014 के नियम-29 के अनुसार किया गया है। इसकी पुष्टि के लिए रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा नए नाम को दर्शाने वाला इनकॉरपोरेशन प्रमाणपत्र जारी किया गया है। कंपनी की कॉरपोरेट पहचान संख्या (CIN: L27105HRv979PLC009913) या इसके पंजीकृत कार्यालय के पते में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पंजीकृत कार्यालय का पता जिन्दल स्टील लिमिटेड, ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार - 125005, हरियाणा (भारत) ही रहेगा।

जिन्दल स्टील का नाम भले ही बदल गया हो, लेकिन यह पहले की तरह ही एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी रहेगी, जिसके शेयरों की खरीद-बिक्री लोग कर सकेंगे। कंपनी के जितने भी पुराने अधिकार, जिम्मेदारियां, लेन-देन और करार हैं, वे सब वैसे के वैसे रहेंगे और पूरी तरह से लागू होंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

कंपनी ने इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समस्त शेयरधारकों, भागीदारों और आम नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया है। कंपनी ने जानकारी दी है कि नाम परिवर्तन के सिलसिले में सभी स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य वैधानिक प्राधिकरणों को अवगत कराया गया है।

**जिन्दल स्टील के बारे में :** जिन्दल स्टील एक बड़ी औद्योगिक कंपनी है, जो स्टील उत्पादन, खनन और इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्य कर रही है। इस कंपनी ने पूरी दुनिया में 12 अरब डॉलर (लगभग 1 लाख करोड़ रुपये) का निवेश किया है। यह लगातार अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा रही है और बेहतरीन व विश्वसनीय ढंग से काम करके मजबूती से आगे बढ़ रही है ताकि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में निरंतर योगदान कर सके। एक अग्रणी स्टील निर्माता के रूप में, जिन्दल स्टील औद्योगिक विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने के उद्देश्य से कार्बन फुटप्रिंट घटाने और कामकाज के आधुनिक तौर-तरीके अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में छग को 2 मेडल मिले



**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। 16 से 19 जुलाई को थाईलैंड पटाया में आयोजित वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छग के 2 खिलाड़ी को मेडल मिला। इस प्रतियोगिता में विश्व भर के अनेक देशों से आए चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनके कोच मानिक ताम्रकार ने बताया कि छग के सितलेश पटेल पुरुष वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया, उसी प्रकार महिला वर्ग में माधुरी सोनवानी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। दोनों मेडलिस्ट खिलाड़ी वर्तमान में छग पुलिस में कार्यरत है इनकी इस उपलब्धि को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री छग शासन के श्याम बिहारी जायसवाल और रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए।

# राम कथा प्रचार समिति ने अंतर्राष्ट्रीय संत शंभूशरण लाटा का किया सम्मान, दी विदाई

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय संत और राम कथा के मर्मज्ञ शंभू शरण लाटा का बाबा रामदेव का जम्मा में अंतिम दिन रहा। अंतिम दिवस अंतर्राष्ट्रीय संत श्री लाटा जी महाराज का श्री राम कथा समिति के पदाधिकारीयो और सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही सभी ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ाने धर्म का प्रचार करने और धर्म के क्षेत्र में निरंतर आगे रहने की बात सभी ने कही।

संत शंभू शरण लाटा जी ने कहा कि श्रावण के महीने में भक्तो को श्री राम कथा प्रचार समिति के माध्यम से भगवान महादेव के आराध्य भगवान् राम की कथा सुनने का मौका मिला इसके लिए महराज श्री ने कथा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के कार्यो की सराहना की। साथ ही धर्म के कार्यो को निरंतर आगे बढ़ाते रहे धर्म के कार्य में सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेवे ऐसी बाते बाबा रामदेव के जम्मा के कथा के समापन अवसर पर भक्तों से कही।

राम कथा के प्रचार प्रसार पदाधिकारी कर्तव्य अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम कथा प्रचार समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय संत शंभू शरण लाटा जी के द्वारा 12 जुलाई से श्री राम कथा की शुरुआत हुई जिसमें रायपुर सहित छत्तीसगढ़ स्तर पर भक्तों ने समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज के ऑडिटोरियम मे भगवान श्री राम के अमृत मयी कथा का श्रवण पान किया। आगे उन्होंने बताया कि श्री राम कथा प्रचार समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ आए हुए भक्तों ने भगवान राम की कथा सुनने के बाद मन में संकल्प लिया है कि धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ाने और निरंतर धर्म को आगे बढ़ाने बच्चों को धर्म के क्षेत्र में आगे लाने का प्रयास सभी के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निश्चित ही हमारा सनातन धर्म इससे और भी मजबूत होगा और आगे बढ़ेगा। अंतिम दिवस समिति के सदस्यों के साथ आए हुए भक्तों ने महाराज जी का सम्मान किया। इस अवसर पर नरसिंह मूर्तिकार, देवेन्द्र शर्मा, महावीर (तिरपाल), नंदकिशोर गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे।



# दुग्ध उत्पादों और खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा रायगढ़ शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मुरारी द किचन ढीमरापुर चौक कारखाना मुरारी महावीर मिष्ठान भंडार ;हटरी चौक गणगौर स्वीट्स ;पैलेस रोड विकास डेयरी ;चक्रधर नगर एवं फ्रेश सेल ;बड़े रामपुर स्थित पनीर निर्माण इकाईद्ध में पहुँचकर दूध एवं उससे बने उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की गई। खोवा एवं पनीर के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों को स्वच्छता संग्रहण व्यवस्था एवं अन्य मापदंडों के संबंध में सुधार हेतु नोटिस भी जारी किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम एवं जनस्वास्थ्य के दृष्टिगत इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। संदेहास्पद नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता पटेलए सागर दत्ता शांतनु भट्टाचार्य एवं नमूना सहायक शाश्वत तिवारी शामिल थे।

**खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम का औचक निरीक्षण**



# अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

**रायपुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। आज पुलिस को मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम खरोरा करियादामा चोक बरगद पेड़ के पास खरोरा में एक व्यक्ति सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखा है जिस पर तस्दीक हेतु रवाना होकर गवाहो को नोटिस तामिल पश्चात् साथ में लेकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी गजेन्द्र वर्मा को अवैध रूप से बिक्री करते हुए शराब रखे हुए पकड़ा गया। आरोपी को शराब रखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नही करने पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे कुल 30 पौवा देशी मदिरा मसाला शोले जिसके प्रत्येक पौवा में 180.180 मि ली शराब भरी हुई जुमला मात्रा 05 लीटर 400 मि ली किमती 3000ध् रूपये को गवाहो के समक्ष जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर आरोपी गजेन्द्र पिता सेवक राम वर्म उम्र 21 साल साकिन खरोरा वार्ड क्र छत्रपति शिवाजी चौक थाना खरोरा जिला रायपुर को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। एक अन्य मामले में खरोरा नवीन अग्रवाल आरा मील के पास गोपाल सिंह उईके ग्राम निलजा का एक सफेद प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब भरकर बिक्री करने हेतु खड़ा हैए जिस पर तस्दीक हेतु रवाना होकर गवाहों को नोटिस तामिल पश्चात् साथ में लेकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी गोपाल सिंह उईके को अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखे हुए पकड़ा गया।



## संपादकीय

### मौसमी बीमारियों से बचें

*मानसून के आते ही कुछ बीमारियों का प्रकोप होता है, जिनमें से मुख्यत: मलेरिया, डायरिया, आंखें आना आदि हैं। इन सभी से बचकर रहने की ज़रूरत है। छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में अभी से इन रोगों की चपेट में काफी लोग आते दिखाई दे रहे हैं। इनसे बचने के लिये सारे उपाय किये जाने चाहिये। साथ ही सरकार यह सुनिश्चित करे कि इन बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिये अस्पतालों में समुचित व्यवस्था हो, विशेषकर पर्याप्त दवाएं उपलब्ध रहें। नागरिकों को भी चाहिये कि वे इनकी उपेक्षा न करें तथा चिकित्सकों से तत्काल सम्पर्क करें। मलेरिया तथा डायरिया का सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है।*

*बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड में विभिन्न गांवों में मलेरिया का प्रसार काफी होता दिख रहा है। यहां के 14 गांवों में डेढ़ दर्जन से ज्यादा मरीज इसी बीमारी से अस्पतालों में पहुंच चुके हैं। ये लगभग सारे के सारे सुदूरवर्ती ग्राम हैं जिनमें आसान पहुंच नहीं हैं। इसके कारण स्थिति गम्भीर हो सकती है। हर वर्ष इस इलाके में बड़ी संख्या में मलेरिया के लोग प्रभावित होते हैं। पिछले साल इसी ब्लॉक के 9 लोगों की मृत्यु इस रोग से हुई थी। उधर जांजगीर-चांपा के विभिन्न अस्पतालों में 20 से ज्यादा मरीज ऐसे हैं जिन्हें डायरिया ने अपनी लपेट में ले रखा है।*

*कोटा की तरह ही बस्तर एवं सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्रों में मलेरिया की आमद हर वर्ष होती है। बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित होते हैं। इन इलाकों में डब्ल्यूएचओ प्रमाणित मच्छरदानियां बंटवाई जायें। सर्वत्र साफ-सफाई ज़रूरी है। मच्छर न पनपने पायें इसके लिये घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। ऐसे ही, डायरिया से बचाव के लिये ज़रूरी है कि साफ-सुथरा खान-पान किया जाये। यदि दस्त व उल्टियां ज्यादा हों तो ये डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। बच्चे जल्दी प्रभावित होते हैं। इसके लक्षण दिखते ही ओआरएस पिलाया जाना चाहिये जो नमक व शक्कर का घोल होता है। मरीजों को हल्का भोजन दिया जाये। बरसातों के रुक-रुककर होने में कई बार आंख आने की बीमारी भी फैलती है जिसे कंजेक्टिवाइटिस कहते हैं। आंखें लाल होती हैं व खून के थक्के जमते हैं।*

*उपरोक्त तीनों ही तरह की बीमारियों के लक्षण दिखने की स्थिति में तत्काल चिकित्सकों के पास जाना चाहिये। लोग खान-पान पर भी ध्यान दें। बासी खाना न खाएं वरना इसके चलते फुड प्वाइज़निंग हो सकती है। स्वच्छ जल पियें। मुख्य बात यह है कि किसी भी बीमारी में अपने मन से दवा न लें। सरकार को चाहिये कि वह सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में इन बीमारियों की रोक-थाम के लिये सभी आवश्यक प्रबन्ध कर रखे। विशेषकर उन इलाकों पर पहले ध्यान दिया जाये जिनमें प्रत्येक वर्ष ये रोग स्थानीय परिस्थितियों के कारण होते हैं।*

**उल्टा पुल्टा**

पप्पू लड़की देखने गया, लड़की से पूछा- कितने तक पढ़ी हो।
लड़की- बी.ए. तक.
पप्पू ने मना कर दिया, और बोला- दो अक्षर पढ़ी है वो भी उल्टे।

# सड़क किनारे लगे होर्डिंग हटेंगे, यूनिपोल लगेंगे

## एमआईसी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय-जलगृह व्यवसायिक परिसर के आबंटन हेतु 12 वीं बार निविदा जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति

**दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** मेयर इन काउंसिल की आज हुई बैठक डाटा सेंटर की बैठक में सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स को हटाकर यूनिपोल लगाने सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये। आज की एमआईसी में विशेष रूप से शहर की पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को लेकर ही ध्यान केन्द्रित कर प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने की। बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल तथा सभी एमआईसी प्रभारीगण उपस्थित रहें।

बैठक में शहर की सुंदरता बढ़ाने सड़क के किनारे लगे होर्डिंग्स को हटाकर उनके स्थान पर यूनिपोल लगाये जाएंगे। वर्तमान में लगे होर्डिंग्स को निरस्त किया जायेगा। प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि इंदिरा मार्केट से श्री शिवम तक ट्यूबलर पोल की तरह हरना बांधा में 6, आदित्य नगर में 3, एवं बैडमिंटन कोर्ट में 2 विद्युत पोल लगाये जायेंगे। इसी तरह पेयजल व्यवस्था के तहत अमृत 2 योजना के अंतर्गत चौबीसों घंटें सातों दिन जल प्रदाय किये जाने हेतु पायलट प्रोजेक्ट के तहत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर राज्य शहरी विकास अभिकरण को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह नवनिर्मित जलगृह व्यवसायिक परिसर हेतु 11 बार निविदाएं जारी करने के बाद अपेक्षित बोली नहीं आने के कारण 12 वीं बार निविदा जारी करने का निर्णय लिया गया है। करहीडीह मुक्तिधाम जीर्णोद्धार और पुलिया निर्माण के लिये एजेंसी चयन करने एवं स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। जवाहर नगर में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य हेतु स्थलों में परिवर्तन का निर्णय लिया गया।



राजीव नगर आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में कार्यकर्ता नियुक्ति को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, शिव नायक, लीलाधर पाल, शशि साहू, हर्षिका जैन, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आर.के.जैन, संजय ठाकुर, सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# न्यायिक कर्मचारी की आत्महत्या के मामले में न्यायालय में कामकाज रहा पूरी तरह ठप्प, केंडल मार्च, प्रदर्शन

**दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** भिलाई 2 व्यवहार न्यायालय में कार्यरत कर्मचारी रीडर सोमनाथ ठाकुर द्वारा व्यवहार न्यायालय भिलाई 3 की कोर्ट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जाने के मामले ने तूल पकड़ा लिया और इस घटना को लेकर आज दुर्ग जिला न्यायालय के समस्त न्यायलयीन कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में केंडल मार्च किया और इस मामले को लेकर हड़ताल पर रहे। आज जिला न्यायालय में कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा। न्यायालय की नई बिल्डिंग के गेट के पास, सभी कर्मचारीगण हड़ताल पर बैठे रहे। कर्मचारियों की मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायें। इस मामले को लेकर आज न्यायालय परिसर में रोष व शोक मिश्रित वातावरण रहा। इस मामले को लेकर आज न्यायालय के कर्मचारी नेताओं ने भी दुर्ग आकर जिला न्यायाधीश से मुलाकात की और पूरे मामले की जांच की मांग की। कल 24 जुलाई को प्रदेश के न्यायालयीन कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिलकर इस पूरे मामले में चर्चा करेगा। इस चर्चा के बाद विरोध को लेकर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

न्यायालयीन कर्मचारी संघ दुर्ग के अध्यक्ष मनोहर खड़की, सचिव अजय साहू, महिला उपाध्यक्ष सावित्री तिवारी एवं दीपेश नवरंगे सहित अनेक न्यायलयीन

**कर्मचारी संघ के अनुसार मृतक जेब से पुलिस को सोसाइड नोट मिला, आत्महत्या का कारण काम का अत्यधिक दबाव व प्रताड़ना**

कर्मचारियों ने आज पूरे दिन इस मामले को लेकर न्यायालय के गेट पर धरना प्रदर्शन किया। इनके साथ अप्रत्यक्ष रूप से अधिवक्तागण भी थे। सभी ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

श्री खड़की ने बताया कि गत सुबह साढ़े 8 बजे से 9 बजे के मध्य भिलाई 3 व्यवहार न्यायालय के रीडर सोमनाथ ठाकुर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। न्यायालयीन कर्मचारियों के अनुसार पुलिस को मृतक की जेब से एक सोसाइट नोट मिला है। जिसमें मृतक ने काम का अत्याधिक दबाव तथा न्यायिक अधिकारी द्वारा प्रताड़ित किया जाना बताया है। घटना का मिलाजुला असर देखा गया। न्यायालय के बाद पुलिस की औपचारिकताएं, पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों ने उनके गृहग्राम केसरा (पाटन) में अंतिम संस्कार कर दिया।

इस मामले को लेकर आज सुबह से ही दुर्ग न्यायालय परिसर में रोष व शोक का माहौल रहा। न्यायालय के लगभग डेढ़ सौ कर्मचारियों के साथ ही वकील भी इस शोक में सद्भावना स्वरूप साथ में रहें। न्यायालयीन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा सम्हाला और सुबह न्यायालय परिसर में केंडल मार्च किया। इसके बाद न्यायालय के मुख्य गेट (कोतवाली थाने के सामने) धरना प्रदर्शन पर दिनभर बैठे रहे।

संघ के अध्यक्ष श्री खड़की ने बताया कि इस घटना से पूरे प्रदेश के न्यायालयीन कर्मचारियों में रोष है आज रायपुर, राजनांदगांव सहित सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में कर्मचारियों ने बैठक ली। धरना प्रदर्शन कर कलम बंद हड़ताल रखी। आगे की रणनीति कल 24 को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से मिलने के बाद तय की जायेगी।

# लंबित आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर हेतु राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**बेमेतरा, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** देश की संघीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदाय को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को समानता के अवसर उपलब्ध कराते हुए समुचित विकास एवं उत्थान की व्यवस्था किया गया है। तदानुसार केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 15% अनुसूचित जनजाति को 7.5% एवं राज्य शासन द्वारा अ. जा. को 12% अ. ज. जा. को 32% आरक्षण का प्रावधान लगभग आबादी के बराबर किया गया है।

केंद्र सरकार ने मंडल आयोग के अनुशंसा अनुसार संविधान लागू होने के 44 साल बाद माननीय सुप्रीम कोर्ट के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। साथ ही राज्यों की स्थिति के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को राज्य शासन के द्वारा आरक्षण सुनिश्चित करने का अधिकार दिया गया है, किंतु अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को अविभाजित मध्य प्रदेश में मात्र 14% आरक्षण शिक्षा एवं रोजगार में दिया गया, जो की आज पर्यंत छत्तीसगढ़ राज्य में लागू है।

बहुसंख्यक ओबीसी समुदाय को आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी (आरक्षण) प्रदान नहीं करने के कारण प्रदेश की ओबीसी समुदाय के समुचित विकास एवं उत्थान में अपरिमित नुकसान हो रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित कर महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जयंती पर भाजपाइयों ने किया चंद्रशेखर आजाद का स्मरण





**दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** अमर शहीद चंद्रशेखर जयंती पर आज पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के संयोजन में दुर्ग जिला भाजपा द्वारा शहीद चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। माल्यार्पण करने वालों में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक मंडल भाजपा अध्यक्ष हरीश चौहान जिला सहकार्यालय मंत्री अनूप सोनी, मदन बढ़ई, व पार्षद मनोज सोनी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी दल के साथ मिलकर किये गये आंदोलनों का विवरण देते हुए बताया कि उन्होंने गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद मीना सिंह, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र बजाज, विनोद मून, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, डॉ. गुंजा पींचा, नवीन पटेल, रेखा चंद्राकर, श्रद्धा सोनी, संजय साहू, राजेश तिवारी, जयश्री देशमुख, एवं मीडिया प्रभारी राजा महोबिया तथा अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं के दस्तयाब हेतु यथाशीघ्र निराकरण करने दिए दिशा-निर्देश



**बेमेतरा, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बेमेतरा में बच्चों से संबंधित अपराधों, गुम नाबालिक बालक, बालिकाओं के मामलों को लेकर प्रकरण के विवेचकों के साथ बैठक कर विभिन्न थानों में पंजीबद्ध प्रकरणों की गहन समीक्षा की। जिसमें थाना/चौकी में पंजीबद्ध बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी लेकर बच्चों से संबंधित अपराधों, गुम नाबालिक बालक, बालिकाओं के दस्तयाब हेतु च्छाऑपरेशन मुस्कानज्ज के तहत अभियान चलाकर पता तलाश कर यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों से संबंधित अपराधों में शीघ्र विवेचना पूर्ण कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश करने निर्देश दिए गए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उप निरीक्षक शैल शर्मा, चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक राजकुमार साहू, चौकी प्रभारी संबलपुर सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक छब्बू लाल ध्रुव, राजेश ठाकुर, गुहाराम वारे, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, नैन दास राजे, नंदलाल चतुर्वेदी, महिला प्रधान आरक्षक रीना गायकवाड, प्रधान आरक्षक खोमलाल साहू, आरक्षक गेन्दिन साहू सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्राट आनंद ऋषि का जन्म शताब्दी समारोह आज से सामाजिक साधना के साथ शुरू





**दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** आचार्य सम्राट आनंद ऋषि महाराज एवं महाराष्ट्र प्रवर्तनी केशर देवी जन्म शताब्दी महोत्सव का आयोजन जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में पांच दिवसीय आयोजन के साथ किया जा रहा है। साध्वी प्रियदर्शना, साध्वी विचक्षणा एवं अन्य साध्वी समुदाय के सानिध्य में श्रमण संघीय आचार्य श्री आनंद ऋषि जी के 125 वां जन्म महोत्सव का आगाज पूरे भारतवर्ष में किया जा रहा है, जहां पूरे देश भर से सवा लाख तेल तप की आराधना किए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दुर्ग के अलावा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में इस तप की आराधना हो रही है वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के आह्वान पर राष्ट्र संत आनंद ऋषि जी महाराज की 125 वीं जन्म महोत्सव एवं केसर देवी जन्म शताब्दी महोत्सव के अवसर पर पांच दिवसीय आयोजन 23 जुलाई से 27 जुलाई तक जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आयोजित हो रहा है जिसमें आज प्रथम दिवस सामायिक साधना द्वितीय दिवस आयंबिल आराधना तृतीय दिवस गुरु गुणगान दिवस चतुर्थ दिवस जीव दया ओर पंचम दिवस दया एवं ब्लड डोनेशन का आयोजन होगा।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी प्रियदर्शना ने प्रेरणा देते हुए कहा इस पांच दिवसीय आयोजनों में जैन समाज के सभी वर्ग के लोग का हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में त्याग तपस्या का दौर चल रहा है जिसमें आज सिद्धि भंडारी ने आज 15 उपवास का संकल्प लिया इसी तरह सिद्धेश पारख की भी 15 उपवास की तपस्या चल रही है।

प्रीति छाजेड़ राजनांदगांव नेहा ढेलडिया युक्ति भंडारी ने भी आज अठाईस तप का संकल्प लिया।

# अपने कर्मो को श्रेष्ठ बनाए तो भविष्य श्रेष्ठ बनेगा : डॉ. शक्तिराज

**दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में माउंट आबू से पधारे अंतरराष्ट्रीय माईंड ट्रेनर, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. शक्तिराज के सानिध्य में श्रेष्ठ मन.श्रेष्ठ भविष्य विषय पर व्याख्यान व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है आपने विश्व के अनेक देशों में जाकर आध्यात्मिकता की खुशबू फैलाकर लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया है।



ब्रह्माकुमारी आनंद सरोवर में व्याख्यान

आज के इस आयोजन में अतिथि के रूप में संजय तिवारी कुलपति :हेमचंद वि.वि. त्रिलोक बंसल एस.पी.एसटीएफदुर्ग, मनीष पारख :फ़ाउंडर एंड चेयरमैन, विश, विक्रीम, लाइफकेयर एवं बी.के. रीटा दीदी संचालिका ब्रह्माकुमारीज दुर्ग उपस्थित थी।

श्रेष्ठ मन व श्रेष्ठ भविष्य के वक्ता के रूप में डॉ. शक्तिराज भाई ने कहा कि जैसे हम बॉल फेंकेंगे वही बॉल हमारे पास वापस आएगी हम व्हाइट बॉल फेंकेंगे तो व्हाइट और ब्लैक बॉल फेंकेंगे तो ब्लैक वापस आयेगी। जब मुझे पता है कि जो एनर्जी मैं भेजूंगा वही एनर्जी वापस आएगी तो मुझे क्या भेजना है। रिमोट कंट्रोल किसके पास है। बताइए रिमोट कंट्रोल किसके पास ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# अहंकार मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण : साध्वी लब्धियशा

**दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी ने श्री आचारांग सूत्र में जीव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हुए फरमाया कि जीव अनेकों बार उच्च गौत्र, नीच गौत्र, में उत्पन्न होता है, अनेको बार धनवान तो अनेको बार निर्धन परिवार में जन्म लेता है, कभी सामर्थ्यवान, तो कभी दीन.हीन का जीवन मिलता है, यह सब कर्म का प्रतिफल है ए पुन: कर्म का अनुबंध न हो, आत्मकल्याण का मार्ग मिले इस हेतु कभी भी हीन भावना न लाये और न ही अभिमान पाले। निराभिमानी बनना कठिन है, लेकिन रसगौरव, रिद्धि गौरव और शाता गौरव के प्रति जागरूक बनकर हम अभिमान से दूर हट सकते है। उक्त उद्गार साध्वी श्री लब्धियशा ने श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा चातुर्मास प्रवचन माला में व्यक्त किए।



उन्होने आराधकों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मा का स्वभाव सरल है, शांत है, निर्लेप है। कषाय के कारण आत्मा का विभाव कठोर, क्रोधी, लोभी, मायावी बनता है। अभिमान भी एक कषाय है। भगवान श्री महावीर स्वामी के पूर्व भव मरीचि के जीवन का दृष्टांत देते हुए बताया कि मरीचि को आदिनाथ प्रभु का पोता, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# व्यवसायिक शिक्षा के नाम पर संस्कृत की उपेक्षा नहीं होना चाहिए : आचार्य शर्मा

**दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान की दुर्ग जिला इकाई की ओर से खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में संस्कृत शिक्षक-व्याख्याताओं की संगोष्ठी आयोजित की गई। पूरे आयोजन की खास बात यह रही कि अतिथियों के उद्बोधन और वार्तालाप अधिकांशतरू संस्कृत में ही हुए। मुख्य अतिथि साहित्य-संस्कृति मर्मज्ञ एवं शिक्षाविद् आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा थे और अध्यक्षता दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्र ने की। छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान के प्रादेशिक सचिव एवं मुख्य वक्ता डॉ मनीष शर्मा ने प्रदेश में संस्कृत की स्थिति पर अपनी बात रखी। वहीं संस्थान के संयोजकों और संगठन सचिवों के नामों की घोषणा भी इस अवसर पर की गई।

आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि वेदए रामायण, महाभारत, गीता, कालिदास, पंचतंत्र, हितोपदेश और स्वामी विवेकानन्द के बिना भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा की कल्पना भी असम्भव है। शिक्षा नीति 2020 की पृष्ठभूमि भी यही है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा मूलक शिक्षा नीति जड़ों से जोड़ती है। इन जड़ों से जुड़ाव होने के कारण शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से राष्ट्र की उन्नति सुनिश्चित है।



■ संस्कृत शिक्षा पर सफल संगोष्ठी, सौ से अधिक शिक्षक हुए शामिल

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्र ने संस्कृत भाषा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वे इसके लिये हरसंभव सहयोग करेंगे। छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान के प्रादेशिक सचिव एवं मुख्य वक्ता डॉ मनीष शर्मा ने प्रदेश में संस्कृत की स्थिति ठीक नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। डॉ. शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मण्डलम् के अध्यक्ष आदि की नियुक्ति अभी तक नहीं की गई है। उधर छत्तीसगढ़ संस्कृत विश्वविद्यालय की मांग भी लम्बित है। डॉ. मनीष शर्मा ने शासन से उक्त मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि व्यावसायिक शिक्षा के नाम पर संस्कृत की उपेक्षा न की जाये। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जयंती मनाई गई



**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक कि जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है की स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता रहे है। उनका जीवन केवल एक नेता के गाथा नहीं, बल्कि एक विचार है। जो आज भी हर भारतवासी के हृदय में धड़कता है। स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है जिसने भारत की आत्मा को झकझोर कर देता है। स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा। यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि भारतीय जनता के हृदय की धड़कन बन गया। श्री कुरैशी ने बताया कि जन्म 23 जुलाई 1856, रत्नागिरी महाराष्ट्र जिले में एक साधारण चित पावन ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता गंगाधर रामचंद्र तिलक संस्कृत के प्रतिष्ठित विद्वान और शिक्षक थे। तिलक की परवरिश शिक्षा और मर्यादा के माहौल में हुई। उनकी पत्नी तपोबाई (सत्यभामा तिलक) थी, जो एक शांत, संयमी और परिवार को संभालने वाले स्त्री थी। कठिन संघर्षों के समय उन्होंने पति के लिए घर और बच्चों की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई। तिलक दंपति के तीन संताने थी । दो पुत्र और एक पुत्री उनकी शिक्षा गणित और संस्कृत में गहरी पकड़ पेशा, शिक्षक, पत्रकार समाज सुधारक और क्रांतिकारी विचारक स्वतंत्रता की इस अग्नि परीक्षा में तिलक का परिवार भी कई बार संकटों से गुजरा। लोकमान्य तिलक केवल अपने परिवार तक सीमित रहते, तो वह एक अच्छे शिक्षक बनते। लेकिन उन्होंने राष्ट्र को भी अपना परिवार माना और करोड़ों देशवासियों के आजादी के लिए संघर्ष किया ।

# बीएमएस देश को रचनात्मक दिशा देने का कर रही कार्य




**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में आज बुधवार को बैकुंठ नगर के अंबेडकर भवन में भारतीय मजदूर संघ स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने की। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर एवं दुर्ग नगर निगम की महापौर श्रीमती अलका बाघमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मजदूर भाईयों ने विगत 70 साल से भारतीय मजदूर संघ के अलावा देश को रचनात्मक दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा भारतीय मजदूर संघ दुनिया का सबसे बड़ा संघ है। इस संघ ने देश को आत्म निर्भर बनाने में सरकार और मजदूरों के मध्य सेतु का कार्य किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की मोदी सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इस दिशा में कार्य कर रही है। श्रमिक कल्याण सर्वोपरि प्राथमिकता में है। उपमुख्यमंत्री ने विधायक श्री सेन की मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ भिलाई में जमीन आदि की व्यवस्था करा ले। भवन निर्माण के लिये हर सम्भव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संघ की स्थापना दिवस पर सभी मजदूर भाइयों को बधाई दी। उन्होंने भारत की आजादी के बाद गठित विभिन्न मजदूर संघो और उनकी विचारधारा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। विधायक रिकेश सेन ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक संघठन नहीं विचार धारा है। संघ का आज 70वां स्थापना दिवस है। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों के विभिन्न मांगों की ओर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री साव का ध्यान आकृष्ट किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि संगठन मजदूरों के हित के साथ राष्ट्रीय हित के लिये भी काम करते आ रही है। उन्होंने कहा कि भिलाई में बड़ी संख्या में मजदूर भाई विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत् है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रान्त संघ चालक टोपलाल वर्मा एवं सह संपर्क प्रमुख नेमराज वर्मा, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मिथलेश विश्वकर्मा, जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, निर्माणी मजदूर संघ के देवेन्द्र चंद्राकर, वरिष्ठ नागरिक मंच के नलनीश मिश्रा, स्वत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर शुरूवात किया। दिल्ली में आयोजित भारतीय मजूदर संघ के समापन कार्यक्रम के असवर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत के उदबोधन का सीधा प्रशारण एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से श्रमिको के बीच किया गया। संघ गीत प्रमीला चंद्राकर एवं शशिभूषण मोहंती ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, पार्षद विनोद सिंह, शकुंतला साहू, गिरीजा बंछोर, ईश्वरी नेताम प्रभारी आयुक्त भागीरथ वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, संघ के रवि चौधरी, इन्द्रमणी मिश्रा, विष्णु चंद्राकर, अनिल सिंह, संजय मिश्रा, ईश्वर वर्मा, बी.एस.राजपूत, शशिभूषण शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, जान सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार पदमशाली, दीनानाथ, गोपाल सिन्हा, विवेक रंगनाथ, रीता चतुर्वेदी, रोहित बंजारे, नवीन साहू, वामनराव, संतोष पाण्डेय, सुनील जोशी, विश्वजीत सेन गुप्ता, अनिल मिश्रा, बसंत देवांगन, बीरेन्द्र बंजा उपस्थित रहे। मंच संचालन श्री यदु ने किया।

## चाकू से हमला करने वाला आरोपी पकड़ाया

**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने चाकू से हमला करने वाल फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2025 प्रार्थी बजरंगी लाल सिंह ने थाना सुपेला रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने धारा 109(1) 61(2) बीएनएस कायम किया गया । आरोपियों पुरानी रंजिश पर गुस्से में बकरा काटने वाले चापड़ से राहुल उर्फ रहुलिया के उपर प्राणघातक हमला कर गर्दन व सिर में मारकर फरार हो गए थे। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी रोहित एवं सुरज को पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी दिनेश फरार था जिसकी पतासाजी की जा रही थी। आरोपी दिनेश गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विजय कुमार यादव, उनि दीपक चौहान, आरक्षक रविन्द्र बांधव, कमल नारायण साहू की सराहनीय योगदान रहा।

# कथा की तैयारियों का एस.एस.पी ने किया अवलोकन



भिलाईनगर, 23 जुलाई (देशबन्धु)। श्रावण मास के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भिलाई में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा महाराज एक बार फिर भिलाई की पुण्य भूमि पर जयंती स्टेडियम में शिव कथा का अमृत बरसाएंगे। इस आयोजन का भूमि पूजन कुछ दिन पूर्व विधिवत रूप से संपन्न हो चुका है। शिव महापुराण कथा के आयोजक, बोल बम समिति के संस्थापक संरक्षक व भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया की आज दुर्ग जिले के एस.एस.पी. विजय अग्रवाल, ए. एस. पी. सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी, प्रशांत मिश्रा ने कथा स्थल के पंडाल एवं पार्किंग व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया पुलिस के साथ साथ महापौर नीरज पाल, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जावेद खान एवं निगम प्रभारी आयुक्त भी उपस्थित थे। पी.एच.डी., पी.डब्लू. डी. के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर दया सिंह को महापौर ने बधाई दी, व शिव महापुराण कथा में जरूर अमृत पान करने उपस्थित की बात कही। इस अवसर पर दया सिंह ने कहा यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जनजागरण का माध्यम है। शिव महापुराण कथा से भक्ति, श्रद्धा और समाज में सकारात्मकता का संचार होता है। गौरतलब है कि भिलाई की यह शिव महापुराण कथा, छत्तीसगढ़ में अध्यात्म प्रेमियों के लिए एक प्रमुख वार्षिक आयोजन बन चुकी हैए जिसमें लाखों श्रद्धालु जुटते है। इस अवसर पर अभिजीत विस्वास प्रदेश सचिव बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति भिलाई भी उपस्थित थे।

# मेरिट अवार्ड हेतु बीएसपी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित

**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। संयंत्र द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएसपी के नियमित कर्मचारियों के पात्र बच्चों को पुरस्कृत करने की योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत 8 श्रेणियों में 36 अवार्ड दिए जायेंगे। यह प्रबंधन.स्वीकृत योजना दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा टेन क्रेस्ट टेस्ट ;टीक्यूटीद्धष् में सम्मिलित हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। यह योजना भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्तमान में कार्यरत बीएसपी कर्मचारियों के सीधे आश्रितों पर लागू होती है। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिएए सीबीएसई बोर्ड में न्यूनतम 90: तथा छत्तीसगढ़ बोर्ड अथवा अन्य मान्यता प्राप्त बोर्डों में न्यूनतम 80: अंक प्राप्त करने वाले बीएसपी कर्मचारियों के बच्चें आवेदन हेतु पात्र होंगे। विज्ञानए वाणिज्य एवं कला वर्गों के स्ट्रीम.वार टॉपर्स को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार दसवीं कक्षा में 90: या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पात्र विद्यार्थी तथा कक्षा में प्रथम से दसवीं रैंक तक के विद्यार्थी इस योजना के अंतर्गत सम्मानित किए जाएँगे। साथ ही कक्षा 8वीं में आयोजित टेन क्रेस्ट टेस्ट ;टीक्यूटीद्ध में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष दस विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र मे माइंस क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों के बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों के लिए भी पृथक श्रेणी में पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। बारहवीं कक्षा के विज्ञानए वाणिज्य एवं कला वर्गों के टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा, जबकि दसवीं कक्षा में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# दूसरों को बदलने के बजाय अपने विचार बदले



**भिलाईनगर**, 23जुलाई(देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से आए मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार डॉ शक्तिराज भाई ने सफलता और तनावमुक्त जीवन के बारे बताया कि अगर आप चाहते हैं कि दुनिया बदले, तो पहले स्वयं को बदलें। दूसरों को बदलने के बजाय, अपने विचार, दृष्टिकोण और व्यवहार को सुधारें। सकारात्मक सोच की शक्ति के बारे में बताया कि हमारे विचार ही भविष्य बनाते हैं। हर परिस्थिति में सकारात्मक सोचना सीखें। राजयोग मन और आत्मा की सफाई का माध्यम है। रोज कुछ मिनट खुद से जुड़ना, पूरे दिन को ऊर्जावान बनाता है। ध्यान द्वारा आत्मा की शक्ति बढ़ती है और जीवन शांतए संतुलित व सफल बनता है। क्रोध आत्मा की ऊर्जा को नष्ट करता है। शांति और सहनशीलता से ही संबंधों में सुधार आता है। चिंता करने से समस्याएं हल नहीं होतीं, बल्कि समाधान सोचने की शक्ति कम होती है। सेवा, संयम और स्वच्छता का जीवन ही आत्मा को ऊँचाई पर ले जाता है। जीवन को श्रेष्ठ लक्ष्य के साथ उद्देश्यपूर्ण बनाना है, समय और संकल्प का सही उपयोग करें। नि:स्वार्थ सेवाए सच्चे उद्देश्य और ईश्वर की याद से जीवन महान बनता है। दूसरों को प्रेरित करना ही सबसे बड़ी सफलता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण ब्रह्माकुमारी दीदियों का जीवन है, जो अथक होकर पूरे विश्व में निस्वार्थ सेवाएं कर रही है। मुश्किल समय में धैर्यता की शक्ति धारण करे। तनाव तब होता है जब हम वर्तमान को छोड़कर भविष्य या अतीत में उलझते हैं। अगर हम हर बात पर नियंत्रण चाहते हैं, तो तनाव होगा। तनाव तब नहीं होता जब काम ज़्यादा होए बल्कि जब सोच बेकाबू हो। शुद्ध आहार, सात्विक संगत और अच्छे विचारए तनाव को घटाते है।

# सीटू ने फिर उठाया उल्टा पुल्टा बायोमैट्रिक अटेंडेंस का मुद्दा



**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। सीटू नेता ने आरोप लगाया कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को लगे लगभग 13 महीना पूर्ण होने को है किंतु प्रबंधन द्वारा लगवाया गया यह सिस्टम अभी भी ठीक से काम नहीं कर पा रहा है लगातार सीटू के पास यह जानकारी और शिकायतें आ रही है कि शनिवार 19 जुलाई को जिन कर्मियों ने बायोमैट्रिक अटेंडेंस लगाया था उनका पंचिंग ही नहीं दिख रहा है वहीं जिन कर्मियों ने शनिवार 19 जुलाई को को रात्रि पाली में ड्यूटी आते समय पंचिंग किया उनका पंचिंग तो नहीं दिख रहा है उल्टा वह ड्यूटी से जाते समय जो पंचिंग किए हैं उसे रविवार के प्रथम पाली का पंचिंग बता रहा है एवं उसके बाद से पूरा पंचिंग सिस्टम ही उल्टा पुल्टा होने का आरोप सीटू नेताओं ने लगाया है। उन्होनें लिखित जारी बयान में कहा कि कई लोगों ने कार्मिक विभाग में इसकी शिकायत भी की। अटेंडेंस को लेकर उठाए गए शिकायत पर प्रबंधन में संयुक्त यूनियन के साथ हुई बैठक में कहा था कि सिस्टम को दुरुस्त कर लिया गया है अब सिस्टम बराबर काम कर रहा है कोई शिकायत नहीं है किंतु यह बात को हुए चंद दिन भी नहीं बीते कि फिर से सिस्टम गड़बड़ करना शुरू कर दिया है सीटू यूनियन बार.बार यही कह रहा है कि इस सब स्टैंडर्ड सिस्टम को दुरुस्त किया जाए ताकि कर्मी चैन से अपनी नौकरी कर सके। बैठक के दौरान सीटू नेता ने सवाल उठाया था कि रात्रि पाली करने के बाद यदि किसी कामगार को सामान्य पाली आना होता है तो उसका पंचिंग में गड़बड़ी हो रही है इस पर अधिशासी निदेशक स्तर के एक अधिकारी कहते हैं कि रात्रि सीटू नेता ने कहा कि अटेंडेंस को लेकर हो रहे गड़बड़ी के बीच जब रेल मिल के फिनिशिंग एरिया के कर्मियों ने जब वहां के अधिकारियों से कहा कि मेरे ड्यूटी आने के बावजूद सिंगल पंचिंग दिख रहा है इसे ठीक कर दीजिए तो इस पर वहां के अधिकारी अनभिगता जाहिर की। जबकि सीटू का मानना है कि ड्यूटी आने वाले कर्मियों के अटेंडेंस का रिकॉर्ड रखना एवं काम बांटना प्रबंधन की जिम्मेदारी है ना की कोई कर्मी ड्यूटी आया है इस बात को साबित करना उस कर्मी की जिम्मेदारी है। सीटू नेताओं ने लिखिज में जारी बयान में आरोप लगाया कि इसीलिए प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास न करें। सीटू ने कहा कि जिस आनन फानन में 1 जुलाई 2024 को ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम को खत्म करके बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को लागू किया गया एवं मेहनत से तैयार किए गए ओल्मास को खत्म कर सब स्टैंडर्ड सिस्टम को लाया गया उसकी जांच होनी चाहिए। जांच होने से न केवल कई खुलासे होंगे बल्कि कई ऐसे अधिकारी इसके चपेट में भी आएंगे जिन्होंने इस सिस्टम को दिखाकर प्रमोशन लेकर आगे बढ़ गए हैं और हाजिरी में हो रही गड़बड़ी को लेकर कर्मियों को एवं उस गड़बड़ी को दुरुस्त करने के लिए परेशान होने हेतु अधिकारियों को अपने रहमों करम पर छोड़ दिया गया है। सीटू नेताओं ने इस समस्या के शीघ्र निदान की मांग भिलाई इस्ताप संयंत्र प्रबंधन से की है। ताकि संयंत्र में काम करने वाले कर्मियों को बिना किसी परेशानी के काम कर सके।

# वृक्षारोपण से पूर्व उद्यानों की सफाई कार्य जारी

**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र के उद्यानों की साफ-सफाई कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानों को हरा भरा रखने गाजर घांस, अनावश्यक फैले शाखाओं की कटाई छटाई कराया जा रहा है। जिससे उद्यानों के रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा सके। उद्यान विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट नियमित कर्मचारी उद्यान अधिकारी एवं सहायक उद्यान अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे है। बरसात के दिनों में पर्यावरण के अनुकुल एवं प्रजातिवार पौधे रोपित किया जा रहा है। डिवाईडरो में भी शोभायमान एवं फुलदार पौधे लगाए जा रहे है। जिससे शहर की सुन्दरता को बरकरार रखा जा सके। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के समाजसेवी संस्थाओ, समितियों एवं आम नागरिको से अपील किए है कि उद्यान विभाग के नर्सरी में पौधे उपलब्ध है। अधिकारी के नाम से आवेदन कर पौधे प्राप्त कर सकते है और अपने घरो, गली.मोहल्लो जहां भी रिक्त स्थल हैए वहां पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा स्वयं के देखरेख में कर सकते है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए यह बहुत ही अच्छा मौका हैए पर्यावरण से जुड़कर कार्य करें और हरियाली बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।



**जलजनित एवं मौसमी बिमारियों से अभियान जारी**

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र में जनजनित बिमारियों से बचाव हेतु सार्वजनिक एवं निजी कुंओं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डाला जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला डेंगूए मलेरिया के रोकथाम हेतु पानी मिश्रित टेमिफास तथा रूके हुए पानी में जला आयल का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही मच्छर उन्मूलन टीम वार्डो में जाकर घरो के कुलर, गमले, पानी की टंकियों की जांच कर रहे है और पानी मिश्रित टेमिफास, मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। जिससे बरसात के समय फैलने वाले बिमारियों की रोकथाम किया जा सके। नागरिको को भी पानी छानकर भरने एवं उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बिमारी के लक्षण दिखने पर नजदीकी शासकीय अस्पताल में जाकर जांच कराने समझाइस दी जा रही है। निगम प्रशासन भिलाई ने जल जनित बीमारियों से बचने के लिये लोगों को सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। बीमार होने की स्थिति में समीप के अस्पताल में जाकर ईलाज करना चाहिए,

# पंचशील पंजाबी समाज के नए अध्यक्ष चुने गए मल्होत्रा



**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पंचशील पंजाबी समाज की वार्षिक आमसभा सुपेला कॉफी हाउस में रखी गई। जिसमें अध्यक्ष के तौर पर नरेश खोसला का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव अधिकारी बलबीर सहगल की निगरानी में नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव हुआ। इस दौरान कैलाश मल्होत्रा को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुन लिया गया। उपस्थित लोगों ने नए अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा को बधाईयां दी। श्री मल्होत्रा ने पूर्व अध्यक्ष नरेश खोसला की विशिष्ट सेवाओं के लिए शाल और राम दरबार भेंट कर उनका सम्मान किया। समाज की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा, महासचिव जितेन्द्र उप्पल, कोषाध्यक्ष राम ओबेरॉय, उपाध्यक्ष राकेश मल्होत्रा, संयुक्त सचिव उमेश ग्रोवर, कार्यकारी सदस्य. भूषण अधलखा और हेमंत सोनी, मुख्य समन्वयक अजय भसीन चुने गए। संरक्षक के तौर पर मार्गदर्शन हेतु सभी पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित सदस्यों को शामिल किया गया है और एसोसिएशन की विशिष्ट गतिविधियों और सदस्यों के कल्याण हेतु उप समितियाँ गठित की गई। धन्यवाद ज्ञापन इलेक्शन ऑफिसर बलबीर सहगल ने दिया।

## राजू बने शिवसेना भिलाई प्रमुख

**भिलाईनगर**। शिव सेना यू बी टी के प्रदेश प्रमुख डॉ आनंद मल्होत्रा द्वारा राजू गुप्ता की संगठन के प्रति लगन एवं जुझारु पन सामाजिक कार्य को देखते हुए राजू गुप्ता को भिलाई जिला प्रमुख बनाया गया। उनकी नियुक्ति से भिलाई के कार्यकर्ता में भारी उल्लास एवं खुशी की लहर हैं. वही डां आनंद मल्होत्रा द्वारा मुंगेली में प्रदेश स्तरीय कार्यकरणी एवं नियुक्ति की गई। जिसमें सुरेन्द्र यादव को प्रदेश सचिव, प्रदेश कार्यसमिति प्रमुख ठाकुर हरिकपुर, चन्द्र मौली मिश्रा, दाऊराम चौहान को महासचिव, समीर पाल प्रदेश कोषाध्यक्ष, गीरवर वर्मा मनहरण साह प्रदेश प्रवक्ता, गंगोत्री साहू, पिंकी पटेल, ममता राजपूत को नियुक्ति किया राजू गुप्ता भिलाई जिला प्रमुख बनने पर रमेश सिंह संदीप हटवार गगन कुमार ने बधाई दी।

# दुर्घटना बीमा का लुभावना सपना दिखाकर की ठगी



**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। छावनी पुलिस ने ठगी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पुछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मामले का विवरण इस प्रकार है कि छावनी थाना क्षेत्र में टुलिप ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आरोपी प्रकाश चंद के व्दारा प्रार्थी को दुर्घटना बीमा का लुभावना सपना दिखाकर निवेश करने पर ज्यादा लाभ मिलने का आश्वासन देकर प्रार्थी से 3500 रूपये जमा करने पर 3 वर्ष मे 35 लाख रूपये मिलेगा व अन्य लाभ भी मिलेगा कहकर लगभग 57 निवेशको से 13,97, 000 रूपये का निवेश कराया गया था। मामले में थाना छावनी में अपराध क्रमांक 347ध्2016 धारा 420, 34 ईनामी चिटफंड्ढ एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम 1978 की धारा 3, 4, 5 कायम कर विवेचना में लिया गया। टुलिप ग्लोबल चिटफंड्ढ कम्पनी का नाम टुलिप ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड जयपुर मे 2008 के नाम से खोला गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टुलिप ग्लोबल प्रयवेट लिमिटेड कम्पनी अजमेर, दुर्ग, इंदौर, हरियाणा, भोपाल, जयपुर एवं अन्य जगहों पर अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। आरोपी प्रकाश चंद पता जयपुर के बनाए गए कंपनी को राजस्थान सरकार द्वारा बैन कर दिया गया था। अन्य आरोपी प्रभुदयाल 49 वर्ष निवासी दुर्ग, मनोज 45 वर्ष पावर हाउस चौक के समीप, सुरेश 45 वर्ष कैम्प-2 भिलाई के विरुद्ध पूर्व में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# संत शिरोमणी नामदेव महाराज पुण्यतिथि



**भिलाईनगर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। संत शिरोमणी नामदेव महाराज पुण्यतिथि सेक्टर 2 प्रशांत कुमार धीर सागर के निवास में भक्ति पूर्ण पूजा अर्चना कर मनाई गई। प्रात: सुबह काकड़ आरती, मूर्ति पूजा, जल अभिषेक किया गया। सुबह 10.30 बजे श्री संत सेवा समिति हरिपाठ मंडल सेक्टर 2 के द्वारा हरिपाठ अभंग भजन कीर्तन. दही हंडी लूट. मटकी फोड़. एवं गोपालकाला का भी आयोजन किया गया। श्री संत सेवा समिति हरिपाठ मंडल के द्वारा भजन एम के पाटिल, हारमोनियम वादक श्री पांडे, तबला वादक हार्मोनियम वादक एम के पाटील, वारकरी भजन कैलाश धाडसे, लिलाबाई वानखेडे, संध्या ताई मंडली द्वारा किया गया। हरिपाठ पूजा आरती भजन उषा क्षीरसागर, प्रांजली क्षीरसागर, नेहा क्षीरसागर, लक्ष्मी जिल्हा रे सुंदर भजन की प्रस्तुती दी। इस अवसर पर प्रशांत शिरसागर, राजेश क्षीरसागर, प्रहलाद शिरसागर, ईश्वर पुसे, मनोज ठाकरे, किशोर कनोजे, वामनराव हाता, गले वर्षा हाता, गले आनंद फुसे, मुरली फुसे, धीरज लोणारे, राज क्षीरसागर, गजू उरकुडे, संजय उरकुडे कार्यक्रम मे उपस्थित थे। कीर्तन नामदेव महाराज जीवन मे किया गया तथा भक्तिमार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दोपहर महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु दावा-आपत्ति 26 जुलाई तक**

बलौदाबाजार, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पंण्डित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित लिखित चयन परीक्षा में सम्मिलित छात्रध्छात्राओं का परीक्षा परिणाम का प्रकाशन आदिवासी विकास के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। प्रकाशित मेरिट सूची अनुसार किसी भी आवेदक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा-आपत्ति 26 जुलाई 2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलौदाबाजार में सप्रमाण कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है।



# कौशल तिहार युवाओं में प्रतिभा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव

## जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाई अपनी दक्षता, जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित




बेमेतरा, 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षित तथा प्रशिक्षणरत युवाओं के लिए कौशल तिहार 2025 का आयोजन जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, चोरभट्ठी, बेमेतरा में किया गया। इस जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 10ः00 बजे विधायक श्री दीपेश साहू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

**युवाओं को मिला मंच, मिली पहचान**

ऑटोमोटिव सेवा तकनीशियन लेवल-03, सहायक इलेक्ट्रिशियन एवं सौर पंप तकनीशियन जैसे कोर्स में प्रशिक्षित युवाओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों द्वारा कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**एक पेड़ माँ के नाम : पर्यावरण संरक्षण की ओर एक भावनात्मक पहल**

इस अवसर पर सामाजिक सरोकार से जुड़े अभियान च्एक पेड़ माँ के नामज्ज के तहत दोनों माननीय अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। यह पहल न केवल पर्यावरण जागरूकता बल्कि मातृ सम्मान की भावना से भी जुड़ी रही। विधायक श्री दीपेश साहू ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनाएं सिर्फ प्रशिक्षण नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के जीवन में बदलाव लाने की क्रांतिकारी पहल हैं। आज गांव-गली से हुनरमंद भारत उभर रहा है, यही असली च्कौशल युक्त भारतज्की तस्वीर है। उन्होंने यह भी कहा की इन योजनाओं ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, डाटा एंट्री और डिजिटल लर्निंग जैसी कौशलों से सशक्त किया है। मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत स्थानीय मांग पर आधारित प्रशिक्षण ने युवाओं को उन्हीं के गांव में रोजगार के अवसर दिए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज आप जिस आत्मविश्वास और समर्पण से इस मंच पर खड़े हैं, वह आने वाले समय में पूरे जिले की शान बनेगा।

**प्रतियोगिता में प्रतिभाओं का जोश और हुनर**

प्रतियोगिता में युवाओं ने उपकरण परीक्षण (टूल टेस्टिंग), मॉडल प्रदर्शन (मॉडल डेमो) और लाइव कार्य प्रदर्शन (रियल वर्क शोकेस) के माध्यम से अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। उनके उत्साह को देखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भरपूर सराहना की। इस अवसर पर दर्जनों युवाओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए, सफल प्रशिक्षुओं ने मंच से अपनी सफलता की कहानियाँ साझा की 7 कौशल तिहार 2025 जिले के युवाओं के लिए एक उत्सव, मंच और प्रेरणा का केंद्र बनकर संपन्न हुआ।

# मुंबई से ठगी के आरोपी को किया गिरफ्तार



परपोड़ी, 23 जुलाई (देशबन्धु)। थाना क्षेत्र साइबर ठगी की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है। बीते दिनों ग्राम जानो में साइबर ठगी का मामला सामने आया था। जिसकी पीड़ित कान्हा कुमार पटेल ने थाना परपोड़ी में अपराध पंजीबद्ध कराया था कि उससे नौकरी के नाम पर ठगी किया गया था जिसे थाना परपोड़ी में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

**इंदौर में हुई थी मुलाकात**

पीड़ित कान्हा पटेल के अनुसार वह सीआरपीएफ में भर्ती के लिए इंदौर गया था। वहां सीआरपीएफ की जवान के रूप राहुल जाधव पिता गणपति जाधव, निवासी कर्नाटक से मिला। उसने नौकरी लगाने के लिए पीड़ित से 16 लाख लिए और नौकरी नहीं लगाया। इस प्रकार आरोपी राहुल जाधव ने धोखाधड़ी करते हुए 16 लाख रुपए की ठगी की। थाना परपोड़ी के द्वारा अपराध क्रमांक 56 में बी एन एस की धारा 318 (4), धारा 204, धारा 340 (2), 336 (3) एवं धारा 338 बीएनएस की धारा के अंतर्गत जांच प्रारंभ किया गया।

थाना परपोड़ी की टीम विवेचना लिए नवी मुंबई गई जिसमें डी एल सोना, पीयूष सिंह एवं पुरुषोत्तम कुंभकार शामिल थे। वहां लोकल पुलिस से मदद लिया गया। जहां से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को मोबाईल नंबर से पत्तासाजी किया गया और पकड़ा गया। वहां से उसे छत्तीसगढ़ लाया गया। आरोपी राहुल जाधव से सीआरपी लिखा ड्रेस, केंद्रीय पुलिस बल का बैच लगा बेल्ट, जूता, सीआरपीएफ लिखा कार्ड, जन सम्पत्ति फाइनेंस बैंक का एटीएम, सेंटल बैंक ऑफ इंडिया एटीएम, एसबीआई गोल्ड का एटीएम, एचडीएफसी बैंक का एटीएम कार्ड, एंड्रॉयड मोबाइल, सिम के साथ बरामद किया गया है। आरोपी की पकड़ने के लिए एक टीम मुंबई गई थी। मोबाइल की लोकेशन के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया।

# श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट मंडल का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न




डोंगरगढ़, 23 जुलाई (देशबन्धु)। माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति का अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु मनोज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु पीताम्बर स्वामी को निर्विरोध घोषित किया गया। अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावक चंद्र प्रकाश मिश्रा एवं अनुमोदक महेन्द्र भाई पटेल एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावक अनिल गट्टानी एवं अनुमोदक नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल एवं सेवा मंडल के सभी सदस्यों ने प्रस्ताव एवं अनुमादक के रूप मे उपस्थित थे, निर्वाचन अधिकारी जे.आर. बरिहा ने उक्त जानकारी देते हुए निर्वाचन कार्य मे समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त कर भविष्य मे सहयोग की अपेक्षा की है तथा उक्त कार्य हेतु प्रशासनिक पुलिस अधिकारी स्थानीय प्रशासन द्वारा सुचारू रूप् से निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु समयनुसार उपस्थिर रहने पर निर्विध्न चुनाव सम्पपन् कराने हेतु आभार व्यक्त किया।

# जिलें में कल होगा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन

**गर्भवती माताओं के लिए स्वास्थ्य जांच की विशेष पहल, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मिलेगा निःशुल्क लाभ**

बेमेतरा, 23 जुलाई (देशबन्धु)।कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन 25 जुलाई 2025, दिन शुक्रवार को किया जाएगा। सामान्यतः यह अभियान प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को आयोजित किया जाता है, परंतु इस माह 24 जुलाई को शासकीय अवकाश होने के कारण, शासन के निर्देशानुसार यह अभियान एक दिन पश्चात आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में इस दिन गर्भवती माताओं की निश्शुल्क प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इस दौरान माताओं को जरूरी सलाह, जाँच, रक्तचाप, हिमोग्लोबिन, वजन, पोषण स्थिति, टीकाकरण सहित समुचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। सीएमएचओ कार्यालय ने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे 25 जुलाई को अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर इस अभियान का लाभ उठाएं और सुरक्षित मातृत्व की दिशा में सहयोग करें। यह अभियान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने तथा मातृत्व को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की यह पहल ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

## वार्ड क्रमांक 14 की खसरा नंबर 1141 की भूमि सुरक्षित करने की मांग

तिल्दा, 23 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 14 की खसरा नंबर 1141 की भूमि जो लगभग एक एकड़ से अधिक होगी उस पर अवैध कब्ज़ा किया जा रहा था नेवरा की पुरानी बस्ती में निवासरत सतनामी समाज, मेहर समाज, कुर्मी समाज, निषाद समाज, धोबी समाज और यादव समाज के लोगों ने अपने अपने समाज के लिए सामुदायिक भवन बनाने के लिए सुरक्षित करने के लिये मुख्य नगर पालिकाधिकारी ,एस डी एम ,तहसीलदार ,और थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा को आवेदन दिया है समाज के प्रतिनिधियों ने बताया की सामाजिक कार्यों के लिए भवन न होने से समाज के लोगों को कार्यक्रमों के आयोजन में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# लोलेसरा में आज होगा मानस हरेली पर्व का दिव्य आयोजन

**परंपरा, भक्ति और संस्कृति का संगम बनेगा लोलेसरा ग्राम**

थान खम्हरिया, 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं में विशिष्ट स्थान रखने वाला हरेली पर्व इस वर्ष ग्राम लोलेसरा में अद्वितीय भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर श्री गुरु पद सत्संग सेवा समिति, लोलेसरा के तत्वावधान में माँ भद्रकाली जिला मानस संघ के निर्देशन में विशाल मानस हरेली महापर्व का दिव्य आयोजन किया गया है।

हरेली पर्व को छत्तीसगढ़ में कृषि आरंभ का प्रतीक माना जाता है, और इसे वर्ष का पहला पर्व होने का गौरव प्राप्त है। इस दिन किसान अपने खेती-बाड़ी के औजारों की पूजा करते हैं एवं प्रकृति पूजन की परंपरा निभाई जाती है। इसी श्रृंखला में धर्म, अध्यात्म और लोक संस्कृति के समागम को दर्शाते हुए लोलेसरा ग्राम में मानस भक्ति की गंगा बहेगी।

इस कार्यक्रम में जिले की सभी तहसीलों से पंजीकृत मानस मंडलियाँ अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ देंगी। आयोजक समिति के गजेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रामचरितमानस में वर्णित ऋषुचरित्र, देव लीलाओं एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का सजीव चित्रण विद्वान वक्ताओं एवं मानस मंडलियों के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह है। साथ ही श्रद्धालुओं की उपस्थिति को लेकर विशेष तैयारी की गई है। माँ भद्रकाली जिला मानस संघ के पदाधिकारीगण भी इस ऐतिहासिक आयोजन में आमंत्रित किए गए हैं।

## निधन

**उर्मिला बाई चंदेल**



रायपुर, 23 जुलाई। ग्राम मानिकचौरी (अभनपुर) निवासी श्रीमती उर्मिला बाई चंदेल (75 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानिकचौरी मुक्तिधाम में बुधवार को ही किया गया। आप अभनपुर क्षेत्र की पूर्व जनपद सदस्य तथा मानिकचौरी सोसायटी की पूर्व उपाध्यक्ष रही हैं। आप बाबूलाल चंदेल की पत्नी, मनहरण, डेरहा, रमेश, रुक्मणी जोगी (पूर्व पार्षद) तथा उषा की माता तथा चेतन चंदेल व टीकम चंदेल की चाची थी।

**प्रदीप गुप्ता**



नवापारा राजिम 23 जुलाई देशबंधु। नगर के प्रसिद्ध डॉ स्व प्यारे लाल गुप्ता के द्वितीय पुत्र प्रदीप गुप्ता उम्र 68 वर्ष का आकस्मिक निधन बिलासपुर में 20 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ प्रकाश गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता के भाई ,शुयश गुप्ता के पिता एंव प्रणव, ड्रा प्रशान्त गुप्ता के चाचा थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक जन, शुभचिंतकों सहित परिजन लोग शामिल हुए।

**भागवत ताम्रकार**



दुर्ग, 23 जुलाई (देशबन्धु)। गवली पारा निवासी भागवत ताम्रकार का निधन आज बुधवार 23 जुलाई को रायपुर के एम्स हास्पिटल में शाम 4 बजे हो गया है। स्व. भागवत ताम्रकार भाजपा नेता राजेश ताम्रकार के बड़े भाई एवं पत्रकार रविप्रकाश ताम्रकार व भारती ताम्रकार के पिता थे। अंत्येष्टि कार्यक्रम आज गुरूवार 24 जुलाई को सुबह 10 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

**श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि**



राजनांदगांव, 23 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित कालीचरण परिवार हमालपारा निवासी श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि ध.प. स्व. कालीचरण गुप्ता का 23 जुलाई को देवलोक गमन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 4.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे श्यामचरण अग्रहरि, श्याम सुन्दर अग्रहरि की माता और प्रवीण अग्रहरि, पंकज अग्रहरि, प्रशांत अग्रहरि, आकाश अग्रहरि, विकास अग्रहरि, राहुल अग्रहरि की दादी थी। उनकी अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक सहित समाज के लोगों की उपस्थिति रही जिन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खरोरा में कांग्रेस का चक्का जाम प्रदर्शन

## ईडी कार्रवाई और अडानी के जंगल कटाई के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी




खरोरा, 23 जुलाई (देशबन्धु) प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर आज खरोरा के आजाद चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी और अडानी समूह द्वारा कथित जंगल कटाई के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि नरेंद्र मोदी सरकार ईडी जैसे केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज़ को दबा रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि अडानी के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं को झूठे मामलों में फंसा कर जेल भेजा जा रहा है, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर भी चिंता जाहिर की। पूर्व सांसद छाया वर्मा ने कहा, च्भाजपा सरकार ईडी का सहारा लेकर कांग्रेस की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। जो भी अडानी के खिलाफ बोलता है, उसे परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस इसका डटकर विरोध करेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि च्मोदी सरकार प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को अडानी के हवाले कर छत्तीसगढ़ को लूटने का काम कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

युवा कांग्रेस नेता रविंद्र 'बबलू' भाटिया, अंकित वर्मा और जुबैर अली ने आरोप लगाया कि प्रदेश के आदिवासी समाज के अधिकारों का हनन कर जंगलों की कटाई की जा रही है। भाजपा के नेता, यहां तक कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक पेड़ को अपनी 'माँ' के नाम पर समर्पित कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ ईडी की कार्रवाई विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है, और इसका सशक्त विरोध पूरे प्रदेश में किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवव्रत नायक, महामंत्री अश्विनी वर्मा, पार्षद सुरेंद्र गिलहरे, जितेंद्र चंद्राकर, प्रदीप मढ़रिया, सरपंच अभिषेक वर्मा, पन्ना देवांगन, धनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# पशुओं का निशुल्क चिकित्सा एवं दवाइयों का वितरण



डोंगरगढ़, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पशु चिकित्सा मोबाइल यूनिट एवं पशु औषधालय मड़ीयान के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मड़ीयान के गौठान में पशुओं का निशुल्क चिकित्सा एवं दवाइयों का वितरण किया गया। जिसमे मोबाइल यूनिट के डाक्टर विकाश सर ,नीतू सिंह ,लारेश और पशु औषधालय मड़ीयान से पुष्पलता कांडे ,रवि साहू उपस्थित थे। बताया जा रहा है कि बरसात के मौसम में पशुओं को कई प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए सरकार की योजना के तहत मोबाइल यूनिट द्वारा निशुल्क चिकित्सा एवं दवाइयां का वितरण किया जा रहा है इसी कड़ी में अभियान को आगे बड़ाते हुए पशु चिकित्सा मोबाइल यूनिट द्वारा डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव क्षेत्र के विभिन्न गांव में सीधे पशु मालिकों से संपर्क करके पशुओं की स्थिति पर जानकारी लेकर उन्हें बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से टीकाकरण एवं निशुल्क दवाइयो का वितरण किया जा रहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

**प्रोफेसर रेशमा लाकेश ...**

जर्नल में सम्पादक मण्डल की सदस्य है साथ ही उनके निर्देशन में अनेक सम-सामयिक विषयों पर शोध कार्य सम्पन्न हो रहे है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत ...**

ब्रिज की ऊंचाई छोटी होने से अनाज इत्यादि की भी ट्रांसपोर्टिंग संभव नहीं होगी अतः इसकी ऊंचाई 6 मीटर की जाये। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जलभराव की स्थिति में किसानों को होने वाले नुकसान के एवज में मुआवजा देने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन हरमुख, सरपंच अंजोरा ख संतोष सारथी, सरपंच थनौद मेनका देशमुख, तथा ग्राम पंचायत बिरेझर, चंगोरी के अलावा धनराज देवांगन, भोजराम सिन्हा, सहित्अनेक ग्रामवासी शामिल थे।

# मोहंदी आंगन बाड़ी केंद्र के छत का गिरा प्लास्टर , जांच में पहुंचे जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर




बागबाहरा, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा ब्लॉक में स्थित अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति खस्ताहाल है। कल मोहंदी ग्राम के आंगन बाड़ी केंद्र का छत का प्लास्टर अचानक गिर गया हालांकि नौनिहाल को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है लेकिन महिला बाल विकास की बड़ी लापरवाही सामने आ गई है। बतादे की बागबाहरा ब्लॉक में कुल 381 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे है जिसमें 3 से 6 वर्ष के बच्चे खेलकूद के साथ पढ़ाई करने आते है। ब्लॉक में संचालित 381 आंगनबाड़ी केंद्रों में , 3 आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय भवनों में संचालित है 5 आंगनबाड़ी सामुदायिक भवनों में संचालित हो रहे है। ब्लॉक के 14 आंगनबाड़ी केंद्र अति जर्जर हो चुके है वही 152 आंगनबाड़ी केंद्रों को त्वरित ही मेंटेनेंस की जरूरत है जिसके लिए लगातार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ब्लॉक परियोजना अधिकारी को भी अवगत कराया जाता रहा है लेकिन आज भी ये आंगनबाड़ी केंद्र डिस्टिमेंटल होने के बजाय भगवान भरोसे चल रहे इन जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की न ही अधिकारी सुध ले रहे है। जिसके चलते नौनिहालों के सर पर हमेशा खतरा मंडराता है।

ग्राम मोहंदी के आंगनबाड़ी केंद्र के छत का प्लास्टर गिरने की खबर पाकर जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर , मधुलिका चंद्राकर (महिला बाल विकास सभापति) , भूमिका रामलाल सिन्हा (सभापति) , रामलाल सिन्हा , एडीसन ठाकुर , मोहित सेन सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि बागबाहरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी आंगन बाड़ी केंद्रों का यथा स्थिति को समझकर अति जर्जर भवनों को डिस्टिमेंटल के आदेश करवाने एवं जर्जर भवनों को रिपेयर करवाने के लिए कहा गया। केशव चंद्राकर ने कहा कि नौनिहाल के भविष्य के साथ साथ उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी जिम्मेदारी है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जल्द ही ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच के एक टीम बनाकर औचक निरीक्षण कर जांच भी किया जाएगा। केशव चंद्राकर ने बताया कि ब्लॉक में कई आंगनबाड़ी केंद्रों में असुविधा का ऐसा आलम है कि जहां पर बच्चों के खेलने के लिए आंगन , शौचालय एवं शुद्ध पेय जल , सभी बच्चों के एक साथ बैठने सहित सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल तक की सुविधा नहीं है। वही कुछ ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जिनकी दीवारे जर्जर है तो कही बारिश में छत से पानी टपकने की शिकायतें लगातार आ रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि नौनिहालों के लिए शासन एवं प्रशासन दोनों के रवैए उदासीन है जिसके चलते हर वक्त नौनिहालों के सर पर खतरा मंडराता रहता है। बागबाहरा ब्लॉक में विगत 3 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र के मरम्मत के किसी भी प्रकार की राशि आबंटित नहीं किया गया सिर्फ रंगाई पुताई के लिए 3 हजार की राशि मिलती है ऐसे में इन जर्जर भवनों की स्थिति नहीं सुधरी जा सकती है शासन प्रशासन को चाहिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर उसकी स्थिति के अनुसार राशि आबंटित करे। अब जनपद स्तर में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुपरवाइजर एवम महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ मीटिंग कर जल्द ही आंगन बाड़ी केंद्रों में हो रही कमियों के लिए कार्ययोजना तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि जल्द से जल्द बागबाहरा ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण सुविधायुक्त हो सके।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान, मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम

## खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने किया मातृत्व और पर्यावरण को समर्पित वृक्षारोपण

**बेमेतरा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत परिसर, बेमेतरा में आज च्एक पेड़ माँ के नामज्ज अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भावनात्मक और पर्यावरणीय चेतना से परिपूर्ण मुहिम के तहत नीलगिरी के पौधे का रोपण किया गया, जो मातृप्रेम और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बना। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने एक पेड़ माँ के नाम के तहत नीलगिरी का पौधा रोपित किया। उनके साथ जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमा दिवाकर, सभी जनपद सदस्यगण और आमजन ने भी इस पुनीत कार्य में भाग लेकर इस पहल को सार्थकता प्रदान की।



**मातृत्व को समर्पित वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा**

च्एक पेड़ माँ के नामज्ज अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि समाज में मातृत्व के सम्मान को प्रकृति से जोड़ना है। यह पहल हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि जैसे माँ हमें जीवन देती है, वैसे ही पेड़ हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन), छांव, जल और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं। माँ और वृक्ष दोनों जीवनदाता हैं। नीलगिरी का पौधा, जो औषधीय गुणों से भरपूर और वायुमंडल को शुद्ध करने वाला वृक्ष है, इस मुहिम के लिए विशेष रूप से चयनित किया गया। यह न केवल वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहायक होता है, बल्कि भूमि की उर्वरता को भी बढ़ाता है।

**सामूहिक संकल्प- हर व्यक्ति लगाए एक पेड़ अपनी माँ के नाम**

इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने लोगों से आग्रह किया कि वे भी इस अभियान से जुड़ें और कम से कम एक पौधा अपनी माँ के नाम पर अवश्य लगाएँ। यह कदम न केवल भावनात्मक श्रद्धांजलि है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। सभी ने मिलकर च्हरियाली बढ़ाओ, माँ का मान बढ़ाओज्ज का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। एक पेड़ माँ के नामज्ज न केवल एक वृक्षारोपण कार्यक्रम है, बल्कि यह एक आंदोलन है, मातृत्व के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति संवेदना का। यदि हर व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाए, तो यह पृथ्वी और भावी पीढ़ियों के लिए सबसे सुंदर उपहार होगा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी द्वारा ग्राम सोंढ़ स्थित सेवा सहकारी समिति एवं राशन दुकान का निरीक्षण

**बेमेतरा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। आज बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने ग्राम सोंढ़ का दौरा कर वहाँ स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित, किसान कुटीर भवन एवं राशन दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद-बीज वितरण, स्टॉक की उपलब्धता तथा हितग्राहियों तक शासकीय योजनाओं के लाभ की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की।



श्रीमती तिवारी ने समिति प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि बेमेतरा कृषि प्रधान जिला है, अत: किसानों को किसी भी प्रकार की खाद, बीज एवं दवाई की किल्लत न हो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों के लिए भरपूर मात्रा में खाद-बीज की आपूर्ति की जा रही है, अत: किसानों को बाजार से खरीदने की नौबत नहीं आनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के अभिलेखों की जांच की एवं व्यवस्थाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके साथ ही राशन दुकान में हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्होंने वास्तविक स्थिति की जानकारी ली तथा वितरण प्रक्रिया की समीक्षा की।

उन्होंने साफ-सफाई, सामग्री की गुणवत्ता और कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की और संतोषजनक कार्यप्रणाली के लिए संबंधित अधिकारियों की सराहना की।

इस अवसर पर श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने कहा हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक किसान और ग्रामीण नागरिक को शासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ मिले और कोई भी हितग्राही वंचित न रहे। नियमित निरीक्षण से न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होती है, बल्कि कार्यप्रणाली में जवाबदेही भी आती है। आने वाले समय में जिले के विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य जनसुविधाओं की व्यवस्थाओं का भी गहन निरीक्षण किया जाएगा ताकि शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में परंपरा, पर्यावरण और नेतृत्व के संग मनाया गया हरेली पर्व

**बेमेतरा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रथम त्यौहार हरेली का पर्व साजा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में बड़े ही धूमधाम, उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को हरियाली से सजाया गया और छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण हरे रंग की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान पाठिका श्रीमती हिम कल्याणी सिन्हा द्वारा हरेली पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए कहा कि हरेली हमारे छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार है, जो कृषि, पर्यावरण, परंपरा और समृद्धि का प्रतीक है। सावन मास की अमावस्या को यह पर्व वर्षा ऋतु के आगमन और नई फसल के स्वागत में मनाया जाता है। यह त्योहार किसान और प्रकृति के बीच आत्मीय संबंध को दर्शाता है।



इस अवसर पर किसानों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले पारंपरिक कृषि औजारों जैसे नागर, कुदाली, रापा, हसिया, टंगिया आदि की पूजा की गई। बच्चों ने भी गेड़ी चढ़कर छत्तीसगढ़ी पारंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। हरेली को गेड़ी त्यौहार भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन बच्चे गेड़ी पर चढ़कर उत्सव का आनंद उठाते हैं। शिक्षिका श्रीमती हेमलता ठाकुर ने बच्चों को नीम वृक्ष के औषधीय गुणों की जानकारी दी और पर्यावरण की रक्षा में वृक्षों की भूमिका को सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर बच्चों ने तुलसी, नीम, नींबू सहित कई उपयोगी पौधों का रोपण कर हरियाली को बढ़ावा दिया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी हरेली गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबू पूरे वातावरण में फैल गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को जलेबी वितरित कर पारंपरिक मिठास के साथ पर्व को पूर्णता प्रदान की गई।

**बाल संसद का गठन- नेतृत्व विकास की ओर एक कदम**- इस अवसर पर विद्यालय में बाल संसद का गठन भी किया गया, जिसमें बच्चों को विभिन्न जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया। बच्चों ने गुलाल लगाकर नवगठित बाल संसद के पदाधिकारियों का स्वागत किया और नेतृत्व, जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। हरेली पर्व के माध्यम से शासकीय प्राथमिक शाला अकोला ने न सिर्फ संस्कृति और परंपरा को जीवंत किया, बल्कि पर्यावरण चेतना और बाल नेतृत्व विकास की मिसाल भी प्रस्तुत की।

# छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज (बेमेतरा) के जिला प्रमुख अध्यक्ष नियुक्त हुए हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा

**बेमेतरा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंघ जी पप्पू भाटिया हरिकिशन सिंघ ने राजा को बनाया बेमेतरा जिला प्रमुख अध्यक्ष, रायपुर सिक्ख समाज सेवक परविंदर सिंघ भाटिया जी ने भी राजा छाबड़ा को बधाई दी और सिक्ख समाज क़ौम के कार्य करने की प्रेरणा दी राजा छाबड़ा ने कहा मुझे पूरे जिले का प्रमुख बनाया गया मैं छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज का दिल से आभारी हूँ सुखबीर सिंघ सिंघोत्रा जी जिन्होंने मुझे मान सम्मान आशीर्वाद दिया।



राजा छाबड़ा ने परविंदर सिंघ भाटिया जी का भी आभार तहे दिल से व्यक्त किया और कहा पिछले 15 साल से पप्पू भाटिया जी मेरे मार्गदर्शक हैं मुझे इनसे बहुत प्यार और सहयोग मिलता रहा हैं मुझे हमेशा सिक्ख समाज के अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। रायपुर बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा के अध्यक्ष हरिकिशन सिंघ ने राजा छाबड़ा को बधाई दी आशीर्वाद दिया। गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल बेमेतरा के अध्यक्ष हरजीत सिंघ खनूजा ने भी राजा को मिलकर बधाई दी छत्तीसगढ़ धर्म प्रचार कमेटी कवर्धा गुरदीप सिंघ पहुजा ने भी राजा को बधाई शुभकामनाएं दी

# आरबीआई द्वारा रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## छात्रों को डिजिटल ठगी से बचाव की दी गई सलाह

**खैरागढ़,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, खैरागढ़ में बुधवार 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे से भारतीय रिजर्व बैंक (आर बी आई) की ओर से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बी.के. प्रसाद, प्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक धोखाधड़ी और डिजिटल ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। वहीं अभिषेक मालवी, सहायक प्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक ने धोखाधड़ी की स्थिति में बैंक में लिखित शिकायत कैसे की जाए, इस विषय पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर सी.एस. ठाकुर, लीड बैंक प्रबंधक, खैरागढ़, छन्नू चंदेल, सी.एफ.एल. काउंसलर तथा मेलेश्वर, सी.एफ.एल. कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ से डॉ. जितेन्द्र साखरे, सतीश महला, एस.के. अडवानी, यशपाल जांगड़े, भबिता मंडावी, मनीषा नायक एवं मोनिका सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं में वित्तीय जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।



# शासकीय हाई स्कूल बाजार चौक कुम्हारी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

■ अतिथियों ने एक पेड़, माँ के नाम के तहत शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया




**कुम्हारी,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कुम्हारी संकुल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बाजार चौक कुम्हारी में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम में मुख्य आतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीश सोनी सांसद प्रतिनिधि रहें। विशेष अतिथि पार्षद अश्वनी देशलहरें श्रीमती उमेश्वरी साहू, रामकुमार सोनी एवं डॉ आर. के. सिदार के आतिथ्य में हुआ। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कक्षा पहली, छटवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगाकर साथ ही नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं नि:शुल्क गणवेश प्रदाय कर सम्मान किया गया। श्रीमती असीमा मंडी प्रभारी प्राचार्य शा.हाई स्कूल कुम्हारी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विद्यालय की उपलब्धि, योजनाओं और सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने संबोधित कियें। श्रीमती मीना वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि च्बच्चों को देखकर अपने बचपन के स्कूली जीवन की याद आ जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ईमानदारी से पढ़ने एवं नियमित शाला आना चाहिए क्योंकि शिक्षा जीवन के लिए नितांत आवश्यक है। उन्होंने सभी बच्चों को भविष्य की शुभकामनाये दी। सांसद प्रतिनिधि गिरीश सोनी ने कहा की हम सब मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में और भी बेहतर काम करेंगे, ताकि हमारे बच्चे एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें यह हमारा विश्वास है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डोमार यादव एवं लेखराम गेन्ड्रे व आभार प्रधान पाठक पारसमणि चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अजय सिंह संकुल शैक्षिक समन्वयक कुम्हारी, श्रीमती मंजू ठाकुर प्रधान पाठक, बृजेश सिंह प्रधान पाठक,व्याख्याता मीनल देशमुख, आशा सोनपिपरे, शिक्षक आशा कश्यप, रमा देवांगन, शैलजा श्रीवास्तव, किरण मिश्रा, ए.एम खान, खिन्नीलाल वर्मा देवदत्त चौधरी सहित अभिभावक बच्चें एवं नगरवासी उपस्थित रहें।

# तांत्रिक साधना के नाम पर रिटायर्ड बैंक कर्मी से लाखो की ठगी

**गुरुर,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। शासन प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान के बाद भी लोग ठगी का शिकार होने लगे हैं, बालोद जिले में भी तांत्रिक साधना का झांसा देकर रिटायर्ड बैंक कर्मचारी से लाखों रुपए ठगी का मामला सामने आया है, पुलिस थाना पुरुर से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया है कि, 4 अगस्त 2024 को अज्ञात दो व्यक्ति पुरूर स्थित उनके दुकान में पहुचे थे, एक व्यक्ति ने कहा कि हम तंत्र साधना जानते हैं। दुकान का बंधन कर दूंगा तथा परिवार को भी सुरक्षित कर दूंगा, जिसके बाद अपनी बातों से प्रभावित करके 57 हजार रुपए ले लिए, पैसा देने के बाद दुकान में तंत्र मंत्र करने लगा तथा दुकान में बांधने के लिए एक ताबीज व पीतल का एक कील भी दिया, इसके बाद आरोपियों द्वारा तंत्र मंत्र पूरा करने के लिए हर सप्ताह पैसा मांगने लगा।



पीड़ित के मुताबिक वह उसकी बातों में भरोसा करके पैसा देता रहा। आरोपी ने कहा कि जब तक जरूरी काम नहीं होगा, तब तक साधना तंत्र मंत्र पूरा नहीं हो पाएगा, इस तरह कह कर आरोपियों ने अलग अलग किस्त में पैसे की मांगकर लाखों रुपए की ठगी किया है, ग्राम पुरूर निवासी रिटायर्ड बैंक कर्मचारी जीवन लाल साहू से 17 लाख 8 हजार 921 रुपए धोखाधड़ी हुआ है, घटना की शिकायत के बाद अब पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर के आधार पर लखनऊ उत्तरप्रदेश निवासी शाहबाज अली और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ, धारा 318 4, 3 5 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पीड़ित के अनुसार उन्होंने ठगी का पूरा रिकॉर्ड व दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराया है। पुलिस के अनुसार पिछले साल से दो आरोपी रिटायर्ड बैंककर्मी को साधना का झांसा देकर धोखाधड़ी कर रहे थे, फिलहाल जांच जारी है।

# हौसला के साथ उफनती नदियों और घने जंगलों को पार करते भावना बोहरा और कांवड़ियों ने की गौरकांपा तक यात्रा

■ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने फोन कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी



**कवर्धा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की समृद्धि और जनता के सुख-शांति की कामना हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ लगभग 300 कांवड़ यात्रियों ने माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर कि अपनी यात्रा के दूसरे दिन लम्हनी से वन ग्राम महमाई तक कि यात्रा की। इस दौरान बारिश की वजह से नदी में बाढ़ आने के कारण पंडरिया विधायक भावना बोहरा व उनके साथ सभी कांवड़ियों ने वन ग्राम महमाई में ही रात्रि विश्राम किया और अगले दिन सुबह उफनती नदी की पूजा-अर्चना कर चौथे दिन गौरकांपा तक के लिए अपनी यात्रा हेतु प्रस्थान किया। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी ने फोन के माध्यम से पंडरिया विधायक भावना बोहरा से बातचीत कर उत्साहवर्धन किया और सभी को इस पुण्य यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

यात्रा के दौरान भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों का खुड़िया चौक, दुल्लापुर, डोंगरिया,डिंडौरी, नवरंगपुर, राम्हेपुर एवं गौरकांपा में आगमन हुआ जहां ग्रामवासियों, पंडरिया विधानसभा के भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं,युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठनों, शिव भक्तों तथा ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह व उल्लास के साथ पुष्पवर्षा कर सभी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया साथ ही भक्ति मार्ग के इस पुण्य प्रयास के लिए भावना बोहरा एवं उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे सभी कांवड़ियों का अभिनंदन किया। उबड़-खाबड़ रास्तों, पहाड़ों, घने जंगलों एवं उफनती नदियों के बीच से होकर उनकी यात्रा गुजरी जिसका सभी ने पूरे उत्साह और भोलेनाथ जी के प्रति अपनी आस्था का परिचय देते हुए सभी बाधाओं को पार करने में सफल रहें और चौथे दिन भी सभी में वही उत्साह दिखा जब उन्होंने अमरकंटक से अपनी 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि दिन-प्रतिदिन हमारी यात्रा सभी अवरोधों को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है और उसके साथ ही सभी कांवड़ियों का उत्साह भी बढ़ रहा है। सभी कदम से कदम मिलाकर और भगवान भोलेनाथ के जयकारे के साथ भक्ति भाव एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति दृढ़ विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ की खुशहाली व सुख-समृद्धि हेतु कामना कर रहें हैं। कांवड़ यात्रा के तीसरे दिन वन ग्राम महमाई में उफनते नदी की पूजा-अर्चना करने के पश्चात गौरकांपा तक की यात्रा हेतु उत्साहित मन और बोल बम के जयघोष के साथ सभी ने प्रस्थान किया। छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-शांति और प्रदेश की समृद्धि की यह यात्रा सनातन संस्कृति, संस्कार और च्शिवजीज्की अनंत आस्था की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है। यह लोक-उत्सव है। जहाँ कांवड़ में एक तरफ माँ नर्मदा का जल, तो दूसरी ओर भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था एवं विश्वास है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने फोन के माध्यम से बातचीत की और हम सभी का उत्साहवर्धन कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी जिसके प्रति मैं कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। इसके साथ ही खुड़िया चौक, दुल्लापुर, डोंगरिया,डिंडौरी, नवरंगपुर, राम्हेपुर एवं गौरकांपा आगमन पर जिस उत्साह के साथ ग्रामवासियों, भाजपा के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा के सदस्यों तथा विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठनों, शिवभक्तों एवं ग्रामवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर हम सभी का स्वागत किया उसके लिए मैं समस्तजनों के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। जनता का अपार स्नेह, अपनत्व एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था ही हमारी ऊर्जा है जो हमें भक्ति मार्ग पर चलकर सर्वमंगल की कामना हेतु इस यात्रा को निरन्तर जारी रखने के लिए प्रेरित कर रही है।

# प्रतिभा स्पॉटलाइट कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**कुम्हारी,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को भारतीय जैन संघटना (क्छ्रस्) द्वारा विचक्षण जैन विद्यापीठ के प्रांगण में च्प्रतिभा स्पॉटलाइटज्ज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक, खेल, संगीत और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने हेतु आयोजित किया जाता है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एम. राजीव, अधीक्षक ङ्क जीएसटी विभाग, रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश सावनसुखा अध्यक्ष विचक्षण जैन विद्यापीठ, सुनील जैन, राजेन्द्र पारेख एवं प्रकाश चंद चोपड़ा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा, खेल, संगीत और कला के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए छात्रों को भी मंच पर सम्मानित किया गया सम्मानित विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से अर्हम जैन सी ए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण, पुलकित सुराना ष्टश्वञ्ज परीक्षा उत्तीर्ण एवं रजत जैन जे ई ई मेन 2025 शामिल हैं।

इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ए. पी. सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि च्ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है बल्कि यह प्रेरणा का स्रोत भी बनता है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# प्रधानमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी से कांग्रेस ने लोकतंत्र की मर्यादा तोड़ीः भाजपा

**उत्तर एवं दक्षिण मंडल ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा**



**राजनांदगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कल 22 जुलाई को कथित चक्काजाम के समय कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया गया था, उसके विरोध में शहर भाजपा के दोनों मंडलो द्वारा आज राज्यपाल के नाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को ज्ञापन सौपा गया।

शहर भाजपा उत्तर मंडल एवं दक्षिण मंडल ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर डोंगरगढ़ की विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान एवं अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता जिन्होंने अपशब्दों का प्रयोग किया उन सब के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई है। सुमित सिंह भाटिया एवं गोलू गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा जिस पार्टी का ना कोई नीति है ना कोई सिद्धांत है, ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता बेलगाम हो जाते हैं, और अपने शीर्ष नेता को खुश करने के लिए चाटुकारिता करने के लिए अपनी मर्यादा लांघ जाते हैं।

अध्यक्ष द्वय ने कहा कि ऐसे मर्यादा विहीन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना चाहिए एवं तत्काल उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए।

अध्यक्ष द्वय ने यह आरोप लगाया कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को और कार्यकर्ताओं को अपने और दूसरे नेता की चिंता होती विशेष कर वह कथित नेता जो अनपढ़ हैं और जेल में बंद है, कवासी लखमा तथा जो भी अनेक भ्रष्टाचार एवं घोटाले में जेल में बंद है उनके समर्थन में ना तो कोई चक्का जाम किया और ना ही किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन चैतन्य बघेल जो की पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के पुत्र हैं और अनेक भ्रष्टाचार के मामलों मे लिप्त हैं उनके खिलाफ की गई कार्यवाही के विरुद्ध चक्का जाम किया एवं प्रदर्शन किया। यह इस बात को स्पष्ट करता है की एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी को खुश करने के लिए यह सब किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रेकर ने बताया कि शाम को 4 सिविल लाइन स्थित महापौर करने में कार्यकर्ता पहुंचे, वहां से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा गया और कड़े शब्दों में कांग्रेसियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।

इस दौरान प्रमुख रूप से सुमित सिंह भाटिया,पारस वर्मा, शिव वर्मा,मोनू बहादुर सिंह, गोलू सूर्यवंशी,प्रखर श्रीवास्तव,रवि सिंह,हकीम खान,हर्ष रामटेके, अरुण साहू, अशोकादित्य श्रीवास्तव,बलवंत साहू, चंद्रभान जंघेल, विनोद भारती, सज्जन सिह ठाकुर, हेतल भोजनी, दामू भूतड़ा,गीतेश गुप्ता, नरेंद्र हंसा, प्रवीण शुक्ला,प्रकाश मार्कण्डे, सुरेश साहू,मिठलेश्वरी वैष्णव,शालू वर्मा,नेहा शर्मा, रानू मेशराम, प्रेमा सोनकर, मनीष जैन, क्षितिज आर्य, मनीष श्रीवास्तव,नितेश नायक, सुविवेश श्रीवास्तव,रवि सिंह राजपुत, रोहित सिन्हा, सौरभ सिह राजपूत, प्रवेश गांधी, सैयाम नौलखा, राज सोनकर,नरेश सारथी, मनोज मिश्रेकर, यश जैन, करुणा राजपूत, रेणु सूर्यवंशी, उत्तरा निषाद,किरण मेश्राम, मनोज यादव, सुमित अजमानी,मनोज शुक्ला, कृष्ण तिवारी, आदित्य पराते, पप्पू चंद्राकर, रिभाय यादव, कबीर साहू,करण कोसरे, अनिकेत,मयंक मेश्राम, नरेश कोचरे, अंकित गढ़ेवाल ,अशोक सिन्हा, सौरभ सिन्हा, समीर श्रीवास्तव, मनीष मानिकपुरी संतोष सिह,टीकाराम त्यागी, आशुतोष सिह, सुभाष हरिहरणी, चंदन राजपूत,सलीम कुरैशी, मनोहर साहू, हर्ष चौधरी, राघव ठक्कर, साकेत वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ऐसा कर्म करें कि मृत्यु महोत्सव बन जाएः मुनि वीरभद्र

## जैन बगीचे में विराग मुनि का प्रवचन

**राजनांदगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कि सम्यक दृष्टि अपनाइए और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपनी प्रसन्नता ना खोयें। उन्होंने कहा कि शरीर का नाश तो होना ही है किंतु आत्मा का कभी नाश नहीं होता। मृत्यु तो आनी ही है फिर इससे क्यों घबराना। सम्यक दृष्टि अपनायें और ऐसा कर्म करें कि मृत्यु महोत्सव बन जाए।



जैन बगीचे के नए हाल में आज अपने नियमित प्रवचन में मुनि वीरभद्र (विराग )जी ने कहा कि दीपक वह है जो रोशनी भी देता है और जला भी देता है। हवा का एक झोंका आता है और दीपक बुझ जाता है। ठीक इसी तरह हमारे जीवन की स्थित भी है, हवा का एक झोंका आता है और जीवन का दीप बुझ जाता है। सम्यक दृष्टि अपनायें और मृत्यु को महोत्सव बनाएं। उन्होंने दृष्टि के बारे में कहा कि पहली और दूसरी दृष्टि सामान्य होती है। तीसरी दृष्टि में प्रेम, वात्सल्य, सद्भाव आना शुरू हो जाता है। चौथी दृष्टि में भक्ति अर्थात अहो भाव आना शुरू हो जाता है।

मुनि श्री ने कहा कि पांचवी दृष्टि धर्म या स्थिरा दृष्टि होती है। यह वास्तविक दृष्टि होती है। इस दृष्टि वाले व्यक्ति को धर्म से कोई डिगा नहीं सकता। वह धर्म के प्रति श्रद्धावान रहता है, जिस प्रकार रत्न की चमक खत्म नहीं होती उसी प्रकार जीव में धर्म की दृष्टि सदैव बनी रहती है और वह अंतिम दृष्टि की ओर बढ़ता जाता है। इस दृष्टि में आने वाला जीव आत्ममुखी हो जाता है।

मुनि वीरभद्र( विराग ) जी ने कहा कि इस दृष्टि वाला जीव अन्य की पीड़ा को भी अपना ही पीड़ा समझता है। ऐसा जीव संसार को सुखी देखना चाहता है और इसी तरह का पुरुषार्थ करना चाहता है कि कोई दूसरा दुखी ना हो। धर्म के प्रति उसकी प्रबल इच्छा रहती है और वह समय मिलने पर आत्म कल्याण के मार्ग की ओर बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि सद्गति और दुर्गति बाह्य परिणामों की वजह से नहीं बल्कि अभ्यंतर परिणामों की वजह से होती है। उन्होंने कहा कि अपने आप को कषायों से मुक्त करें और सम्यक दृष्टि अपनाते हुए आत्म कल्याण के मार्ग की ओर बढ़ जाएं।

# डोंगरगांव में बाबा भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा आज

**राजनांदगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। सावन महोत्सव मनाते हुए डोंगरगांव में 24 जुलाई को बाबा भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर पालकी यात्रा हनुमान मंदिर प्रांगण से दोपहर एक बजे नगर भ्रमण के लिए निकलेगी।



महाकाल मंदिर संस्थान सिंघोला के प्रमुख पवन डागा और उनकी टीम के साथ स्थानीय भक्तों के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित यात्रा में भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर के साथ साथ अघोरी नर्तक दल, राजनांदगांव का प्रसिद्ध अखाड़ा,राउत नाच,और भजन गायक संजीव भाई और उनकी टीम का संगीतमय चलित कार्यक्रम शामिल होगा। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पालकी धारण करने वालो की भीड़ बढ़ने का अनुमान है यात्रा के विभिन्न आकर्षक भक्तिमय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए हनुमान मंदिर में समय पूर्व पहुंचने का आग्रह आयोजक समिति ने किया है पालकी यात्रा का अंतिम पड़ाव शिव मंदिर संकेत धाम में आरती के साथ सम्पन्न होगा।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले, नौ सूत्रीय स्थानीय समस्याओं पर किया चर्चा

**कवर्धा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफ. आर. वर्मा से मुलाकात कर शिक्षकों के नौ सूत्रीय स्थानीय समस्याओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि 24 जुलाई को छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण त्यौहार हरेली होने के बावजूद स्कूली विद्यार्थियों के जिला स्तरीय खेल का आयोजन रखा गया है, जो उचित नहीं है। शिक्षक एल. बी. संवर्ग के सेवापुस्तिका एवं सीजीपीएफ पासबुक का अद्यतन संधारण कर संबंधित शिक्षकों का हस्ताक्षर भी लिया जावे। सहायक शिक्षकों को प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति दिया जावे। दो शिक्षक वाले प्राथमिक शालाओं के लिए प्रतिदिन अध्यापन हेतु जिला स्तर से समय-सारणी जारी किया जावे, ताकि दो शिक्षक पांच कक्षाओं के 18 पीरियड को व्यवस्थित रूप से पढ़ा सकें। जिले के समस्त शिक्षकों को फार्म-16 निःशुल्क प्रदान किया जावे, ताकि आईटीआर निर्धारित समय-सीमा में भर सकें। कई शिक्षकों का इन्क्रीमेंट समय पर नहीं जोड़े जाने की शिकायत प्राप्त होता है, जो उचित नहीं है। डीईओ ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि सेवापुस्तिका व पासबुक का अद्यतन संधारण एवं फार्म-16 निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु सभी बीईओ व डीडीओ प्राचार्य को निर्देशित किया जाएगा। प्राथमिक शालाओं के शिक्षक अपने व्यवस्था अनुसार अध्यापन करेंगे। हरेली के दिन आयोजित जिला खेल को संशोधित कर 25 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

# आज शनि अमावस्या हरेली पर्व पर साहू सदन में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रमः भागवत साहू

## वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिलेभर के पदाधिकारी होंगें शामिलः नीलमणी साहू

**राजनांदगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बसंतपुर जिला अस्पताल समिप जिला साहू संघ में स्थित स्वदन सदन में आज दिनांक 24/07/2025 दिन गुरुवार समय दोपहर दो बजे से हरियाली अमावस्या तिथि के पावन पर्व पर जिला अध्यक्ष भागवत साहू की मौजूदगी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित है। जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने कहा कि हरेली पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक शुभ अवसर है,



जिसमें वृक्षारोपण को विशेष महत्व दिया जाता है। यह महापर्व हमें प्रकृति से साथ जुड़ने और उसकी रक्षा करने की याद दिलाता है। इस दिन फलदार और कृषि उपयोगी पौधों का रोपण किया जाता है, जो न केवल पर्यावरण को संरक्षित करता है, बल्कि हमें शुद्ध हवा और फल भी प्रदान करता है जिला साहू संघ के विशाल प्रांगण में होने वाले इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने सभी नगर तहसील ,नगर सहित जिले के पदाधिकारियों से तय समय सीमा में उपास्थित की अपील की है।

# छग टूरिज्म को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय मंच, आईआईटीएम प्रदर्शनी में पर्यटन मण्डल अध्यक्ष नीलू शर्मा होंगे शामिल

**राजनांदगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बेंगलुरु के त्रिपुरा वासिनी पैलेस ग्राउंड्स में 24 से 26 जुलाई 2025 तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट में इस बार छत्तीसगढ़ पर्यटन खास आकर्षण रहेगा। पर्यटन मंडल अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा तीन दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजन में भाग लेंगे और छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक स्थलों, आदिवासी संस्कृति व जल पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे।



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को सस्टेनेबल और इको-टूरिज्म हब के रूप में पेश करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। मार्ट में 15 देशों और 20 राज्यों से 600 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जहाँ छत्तीसगढ़ अपनी विशिष्ट पहचान के साथ वैश्विक मंच पर उभरेगा।

# 16 हजार 5 सौ पौधों का रोपण कर वन विभाग ने लिखा नया अध्याय

**गुरुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। वन विभाग का लक्ष्य हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, इसी उद्देश्य को पुरा करने गुरुर ब्लाक मे वन विभाग द्वारा वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया, जंहा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी मां के नाम पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल पर वन विभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण सह वन महोत्सव मनाया गया, जंहा 16 हजार 5 सौ पेड़ लगाया गया, वही बालोद जिले मे सभी वर्गो के लोगो के द्वारा कुल 01 लाख 74 हजार पौधों के रोपण के फलस्वरूप एक साथ वृहद स्तर पर इतनी बड़ी संख्या में पौधरोपण करने का जिले में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

विभागीय जानकारी के अनुसार मंगचुवा बीट के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक आरएफ 42 नाहंदा परिसर मे 63.777 के 15.000हेक्टेयर मे 16500 पौधा का रोपण किया गया है जिसमे साजा, बीजा, हर्रा, बहेड़ा, बांस अमलतास, हल्दू, मुंडी, नीम, कुसुम, चार, तेंदू, कचनार, सागौन, खैर जैसे अन्य प्रजाति के पौधे लगाए गए है।



रेंजर हेमलता उईके, ने कहा कि जो भी हम पौधारोपण कर रहे हैं उसे तब तक देखरेख करें जब तक वह एक वृक्ष बनने के लिए तैयार नहीं हो जाता, 3 साल इसे हम पानी खाद समय-समय पर देते रहे तो हर एक पौधा वृक्ष बनकर तैयार हो जाएगा सिर्फ पौधा लगाना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं हमारी जिम्मेदारी तब खत्म नहीं होगी जब हम इसे एक वृक्ष नहीं बना देते ।उन्होंने कहा कि हमारे पुराणों में उल्लेख किया गया है कि एक पेड़ लगाने के पुनीत कार्य को दस पुत्रों के बराबर माना गया है। प्रत्येक नागरिकों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर उनके सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के दिशा में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करने की अपील की।

डिप्टी रेंजर आरपी अवस्थी ने बताया कि वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों में छायादार, फलदार और औषधीय पौधे शामिल हैं, जो जीवन के लिए उपयोगी हैं, पौधों की सुरक्षा और देखभाल के लिए विभाग द्वारा भी काम किया जा रहा है, और लोगों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है।

बता दे कि वन विभाग स्थानीय मिट्टी और जलवायु के अनुकूल पौधों का रोपण करता है, पौधों की सुरक्षा के लिए गैबियन लगाता है, पौधों की देखभाल के लिए स्थानीय लोगों को भी शामिल करता है।

# सोरर में विभिन्न फर्म के संचालकों ने राशि दिलाने के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

**गुरुर**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बालोद जिले में विभिन्न फर्म के संचालक इन दिनों अपनी मेहनत की राशि के लिए इधर उधर भटकने लगे हैं, ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत में कई बार आवेदन देने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं हुआ, तो पीड़ित संचालकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई।



पूरा मामला जनपद पंचायत गुरुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोरर की है। पीड़ित संचालकों में गोपी किशन कुंभज, कोमेन्द्र साहू, दिलेश्वर पटेल, देवेंद्र पटेल, किशोर कुमार, युवराज कोसरे शामिल है, मिली जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में ग्राम पंचायत सोरर के माध्यम से विभिन्न सामानों की खरीदी की गई है, इसके अलावा ग्राम पंचायत के माध्यम से गांव के विकास हेतु विभिन्न कार्य कराया गया है, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया है, ऐसे में संचालकों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत द्वारा गोपी किशन कुंभज के किराना दुकान से सामानों की खरीदी की गई है, कोमेन्द्र साहू द्वारा समियाना लगाया गया था, दिलेश्वर पटेल द्वारा हैमर मशीन से नाली खनन एवं मोटर पंप कार्य किया गया है, देवेंद्र पटेल द्वारा वेल्डिंग कार्य तथा किशोर पटेल द्वारा साफ सफाई के नाम पर गाड़ी की व्यवस्था किया गया है, इसी तरह पंचायत के अंतर्गत युवराज कोसरे ने इलेक्ट्रॉनिक काम किया है, इसके अलावा ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में स्थित कबीर इलेक्ट्रॉनिक एवं जनता इलेक्ट्रॉनिक से सामानों की खरीदी की गई है, जिसका ग्राम पंचायत द्वारा अब तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

पीड़ित संचालकों का कहना है कि यह सभी कार्य एवं सामानों की खरीदी पूर्व सरपंच एवं सचिव के रहते हुए किया गया है, लेकिन वर्तमान में नए सरपंच एवं सचिव द्वारा उपरोक्त राशि का भुगतान करने से मना किया जा रहा है, ऐसे में पीड़ित संचालकों ने बालोद कलेक्टर से मुलाकात कर राशि का भुगतान करने के लिए मांग किया है।

# शासकीय स्कूल बना शिक्षा के आकर्षण का केन्द्र

**पार्षद की पहल पर जन सहयोग से हुआ काम, आकर्षक पढ़ाई के साथ वातावरण में हुआ बदलाव**

**राजनांदगांव**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कुछ बेहतर करने की सोच अगर हो तो काम आसान होते चले जाते हैं। मदद खुद चल कर आती है। कुछ ऐसा ही उदाहरण शहर के मोहारा वार्ड के एक शासकीय स्कूल को संवारने में सामने आया है। यहां के पार्षद आलोक श्रोती ने एक पहल की और बिना किसी शासकीय मदद के जन सहयोग की एक फ़िज़ा ऐसी चली की शासकीय स्कूल की दशा ही बदल गई।

मोहारा शासकीय प्राथमिक शाला अब बच्चों के लिए स्कूल ही नहीं बल्कि शिक्षा के आकर्षण का केंद्र बन गया है। यहां दीवारें पर शिक्षा संबंधी आकर्षक पेंटिंग बच्चों को स्कूल से जोड़े रखती हैं। कभी उजाड़ दिखने वाले इस स्कूल के फर्श से लेकर छत तक सब कुछ बदल गया है। यह शासकीय स्कूल अब किसी प्राइवेट स्कूल से कम नजर नहीं आता है। स्कूल के नाम के नीचे लिखा कर्म ही पूजा है का स्लोगन यहां अपना सहयोग देने वाले लोगों के कार्यों को दर्शाता है।

### कायाकल्प की सोच

शासकीय स्कूल के कायाकल्प की सोच को लेकर मोहारा वार्ड के पार्षद आलोक श्रोती का कहना है कि पार्षद बनने के बाद पहली प्राथमिकता इस स्कूल की दशा ठीक करनी थी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल की फर्श कई जगह से उखड़ गई थी और फर्श के नीचे पेड़ों की जड़े निकल आई थी। इस फर्श को हटाकर टाइल्स लगाने की सोच आई। ग्रीष्मकालीन अवकाश के भीतर ही यह कार्य करना था, ऐसे में सरकारी मदद में वक्त लग जाता इसलिए जन सहयोग मांगा गया। टाइल्स लगाने का कार्य शुरू करने के दौरान दीवारों पर उखड़ी हुई पुताई देखकर शिक्षाप्रद वॉल पेंटिंग करने की सोच आई और इसका एस्टीमेट बनाया गया तो लगभग 45 हजार रुपए लगने का अनुमान हुआ। इसके बाद जन सहयोग से सभी मदद हुई, किसी ने रेत दिया, किसी ने सीमेंट, किसी ने टाइल्स और पेंट की व्यवस्था कर दी।



### शिक्षकों ने दिया वेतन

पार्षद की इस पहल में यहां के शिक्षकों ने भी अपना योगदान दिया। स्कूल की दशा सुधारने के लिए, स्कूल की पेंटिंग और अन्य कार्यों में सहयोग करते हुए शिक्षकों ने अपने वेतन से 6-6 हजार रुपए की राशि दी।

### मजेदार हो गई पढ़ाई

शिक्षा को आकर्षक और मजेदार बनाने के लिए स्कूल की दीवारों पर मात्राओं की पहचान चक्र, प्रेरणादायक स्लोगन, हिंदी से अंग्रेजी वर्णमाला उच्चारण, ऋतुओं का परिचय, हिंदी अंग्रेजी से दिन - महीनों के नाम, कंप्यूटर पार्ट्स, सूर्य और चंद्रग्रहण, जल चक्र, खाद्य श्रृंखला, रंगों के नाम पहचान, फल- सब्जियों के चित्रण, आकाश, जंगली और पालतू जानवर, अंग्रेजी - हिंदी में पहाड़ा, गिनतियों, सौर मंडल सहित विभिन्न चित्रण किया गया है, जिससे बच्चों को पढ़ाई में आसानी हो रही है और याद रखने में मदद मिल रही है।

### डोम शैड का हुआ निर्माण

अंत में स्कूल परिसर में धूप और पानी से बचने के लिए यहां पर सिर्फ डोम सैड का निर्माण पार्षद निधि से किया गया। अब बच्चों को प्रार्थना के लिए धूप में खड़े नहीं होना पड़ता है। वही बारिश में भी बच्चे इस डोम सैड के नीचे खेल रहे हैं।

### व्हाइट बोर्ड बना आकर्षण

शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में ब्लैक बोर्ड की जगह अब कान्वेंट स्कूल की तरह व्हाइट बोर्ड नजर आते हैं। यहां ब्लैकबोर्ड नहीं बदला बल्कि पढ़ाई की व्यवस्था ही बेहतर हो गई। अब बच्चों को इस वाइट बोर्ड में समझाने के लिए शिक्षक भी अपनी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। अलग-अलग रंगों के मार्कर से व्हाइट बोर्ड में लिखकर बच्चों को समझाया जा रहा है जिससे पढ़ाई दिलचस्प बन गई है। शिक्षक भानु प्रताप साहू का कहना है कि ब्लैकबोर्ड में लिखने से चौक का डस्ट काफी उड़ता था। अब साफ सुथरी शिक्षा व्यवस्था हो गई है।

### उपस्थिति में इज़ाफ़ा

मोहरा प्राथमिक शाला के प्राचार्य हरिराम साहू ने बताया कि स्कूल में आकर्षक पेंटिंग, बेहतर व्यवस्था, टाइल्स लगने से न सिर्फ स्कूल के वातावरण में बदलाव आया बल्कि बच्चों की उपस्थिति भी शत प्रतिशत हो गई है। पालक जितेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि अब स्कूल काफी आकर्षक लगता है तो बच्चे भी बच्चे स्कूल आने उत्साहित रहते हैं।

### अब कोई नहीं आता नंगे पैर

मोहरा वार्ड श्रमिक बाहुल्य होने के चलते यहां लगभग 130 की दर्ज संख्या में आधे से ज्यादा बच्चे नंगे पैर स्कूल आते थे,जिसे देखते हुए शाला विकास समिति के युवा सदस्यों के सहयोग से सभी बच्चों को जूते, मोजे, टाई, बेल्ट वॉटर बॉटल की व्यवस्था कराई अब इस स्कूल में कोई भी बच्चा नंगे पांव नहीं आता है।

उल्टा पुल्टा

पति-पत्नी में झगड़ा हो रहा था।
पत्नी- मैं पूरा घर संभालती हूं किचन संभालती हूं, बच्चों को संभालती हूं और तुम क्या करते हो?
पति- मैं खुद को संभालता हूं, तुम्हारी नशीली आँखें देखकर।
पत्नी- आप भी ना, अच्छा चलो बताओ आज क्या बनाऊँ आपकी पसंद का?
पति- सुखी संसार के सूत्र।

## संपादकीय

# मौसमी बीमारियों से बचें

मानसून के आते ही कुछ बीमारियों का प्रकोप होता है, जिनमें से मुख्यत: मलेरिया, डायरिया, आंखें आना आदि हैं। इन सभी से बचकर रहने की ज़रूरत है। छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में अभी से इन रोगों की चपेट में काफी लोग आते दिखाई दे रहे हैं। इनसे बचने के लिये सारे उपाय किये जाने चाहिये। साथ ही सरकार यह सुनिश्चित करें कि इन बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिये अस्पतालों में समुचित व्यवस्था हो, विशेषकर पर्याप्त दवाएं उपलब्ध रहें। नागरिकों को भी चाहिये कि वे इनकी उपेक्षा न करें तथा चिकित्सकों से तत्काल सम्पर्क करें। मलेरिया तथा डायरिया का सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है।

बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड में विभिन्न गांवों में मलेरिया का प्रसार काफी होता दिख रहा है। यहां के 14 गांवों के डेढ़ दर्जन से ज्यादा मरीज इसी बीमारी से अस्पतालों में पहुंच चुके हैं। ये लगभग सारे के सारे सुदूरवर्ती ग्राम हैं जिनमें आसान पहुंच नहीं हैं। इसके कारण स्थिति गम्भीर हो सकती है। हर वर्ष इस इलाके में बड़ी संख्या में मलेरिया के लोग प्रभावित होते हैं। पिछले साल इसी ब्लॉक के 9 लोगों की मृत्यु इस रोग से हुई थी। उधर जांजगीर-चांपा के विभिन्न अस्पतालों में 20 से ज्यादा मरीज ऐसे हैं जिन्हें डायरिया ने अपनी लपेट में ले रखा है।

कोटा की तरह ही बस्तर एवं सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्रों में मलेरिया की आमद हर वर्ष होती है। बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित होते हैं। इन इलाकों में डब्ल्यूएचओ प्रमाणित मच्छरदानियां बंटवाई जायें। सर्वत्र साफ-सफाई ज़रूरी है। मच्छर न पनपने पायें इसके लिये घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। ऐसे ही, डायरिया से बचाव के लिये ज़रूरी है कि साफ-सुथरा खान-पान किया जाये। यदि दस्त व उल्टियां ज्यादा हों तो ये डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। बच्चे जल्दी प्रभावित होते हैं। इसके लक्षण दिखते ही ओआरएस पिलाया जाना चाहिये जो नमक व शक्कर का घोल होता है। मरीजों को हल्का भोजन दिया जाये। बरसातों के रूक-रूककर होने में कई बार आंख आने की बीमारी भी फैलती है जिसे कंजेक्टिवाइटिस कहते हैं। आंखें लाल होती हैं व खून के थक्के जमते हैं।

उपरोक्त तीनों ही तरह की बीमारियों के लक्षण दिखने की स्थिति में तत्काल चिकित्सकों के पास जाना चाहिये। लोग खान-पान पर भी ध्यान दें। बासी खाना न खाएं वरना इसके चलते फुड प्वाइज़निंग हो सकती है। स्वच्छ जल पियें। मुख्य बात यह है कि किसी भी बीमारी में अपने मन से दवा न लें। सरकार को चाहिये कि वह सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में इन बीमारियों की रोक-थाम के लिये सभी आवश्यक प्रबन्ध कर रखे। विशेषकर उन इलाकों पर पहले ध्यान दिया जाये जिनमें प्रत्येक वर्ष ये रोग स्थानीय परिस्थितियों के कारण होते हैं।

# ललित सुरजन जयंती पर डॉ. सुशील त्रिवेदी का हुआ व्याख्यान




**डॉ. त्रिवेदी को वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल ने भेंट किया स्मृति चिन्ह**

**बलौदाबाजार,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष के तत्वाधान में देश के प्रतिष्ठित पत्रकार, साहित्यकार, चिंतक, देशबन्धु पत्र समुह के प्रधान संपादक एवं देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष के संस्थापक ललित सुरजन की जयंती के अवसर पर 22 जुलाई को व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित थें। अध्यक्षता श्री राजेश्री महंत डा. रामसुंदरदास ने किया। जबकि समकालिन पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर आयोजित व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में डा. सुशील त्रिवेदी आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त उपस्थित थें।

मायाराम सुरजन स्मृति ''लोकायन'' में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बडी संख्या में पत्रकार, साहित्यकार एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थें। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शिव टावरी ने स्वागत भाषण के साथ संस्था के विस्तार से जानकारी दी। जहां संस्था के सचिव एस. आर. घाटगे ने कार्यक्रम का सफ्ल संचालन करते हुए कार्य योजना की संपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के सभी अतिथियों ने देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष की स्थापना से लेकर ललित सुरजन जी की जीवनी एवं उनके पत्रकारिता को लेकर सारगर्भित विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में के.के. सुगंधी द्वारा लक्ष्मीदेवी सुगंधी शिक्षक अवार्ड एवं डा. अशोक शर्मा द्वारा स्थापित प्रो. विजयलक्ष्मी शर्मा स्मृति एवं शिवप्रसाद शर्मा स्मृति सम्मान भी प्रदान किया गया। देशबन्धु भोपाल के संपादक पलाश सुरजन ने अतिथियो के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी बीच अतिथियों के सम्मान के क्रम में डा. सुशील त्रिवेदी आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त का आयोजन समिति की ओर से प्रदत्त स्मृति चिन्ह को बलौदाबाजार के वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्यूरो चीफरामाधार पटेल ने प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक श्रीमती माया सुरजन, श्रीमती तरूशिखा सुरजन, देशबन्धु पत्र समुह रायपुर के उपाध्यक्ष शरद जैन, माहाप्रबंधक एस के महंती, श्री दीपक व देशबन्धु परिवार के साथ आयोजन समिति के पदाधिकारी व ट्रस्टी उपस्थित थें।

# शराब पीकर पर्यटनस्थल पहुंचने वालों पर पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई



**घटारानी में बाइक चालकों पर लगा 1 लाख का जुर्माना**

**राजिम,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घटारानी में शराब पीकर लापरवाही से बाइक चलाना अब महंगा साबित हो रहा है। फिंगेश्वर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत 12 बाइक सवारों का कुल 1 लाख 20 हजार रुपए का चालान किया है। प्रत्येक बाइक चालक पर 10 हजार रुपए रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार हाल ही में छुट्टी के दिन घटारानी में भारी भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान कई लोग शराब पीकर बाइक चला रहे थे और हंगामा कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने नशे में वाहन चल रहे युवकों को पकड़ लिया और तुरंत चालान की कार्रवाई की।

फिंगेश्वर थाने के एएसआई चिंता राम देशमुख ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानूनी तौर पर अपराध है, बल्कि इससे पर्यटकों और आम जनता की जान को भी खतरा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे घटारानी जैसे धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों पर व्यवस्था बनी रहेगी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। इसके अलावा जिले के जतमई, चिंगरा पगार और अन्य पर्यटन स्थलों पर शराब पीकर आने और तीन सवारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

**प्रशासन की अपील:** पुलिस ने सभी पर्यटकों से पर्यटन स्थलों पर संयम और शालीनता बनाए रखने और लापरवाही या नशे में वाहन न चलाने की अपील की है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मडेली गांव में हर्बल खेती की ओर सशक्त कदम, सिंदूर की खेती से बढ़ेगी ग्रामीण आय

**औषधीय पौध बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राव ने किया निरीक्षण**

**धमतरी,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। धमतरी जिले के ग्राम मडेली में आज औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पौध बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे.ए.सी. एस. राव ने गांव पहुंचकर औषधीय पौधों के संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थानीय स्व-सहायता समूह की दीदीयों एवं किसानों के साथ हर्बल खेती को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान श्री राव ने मडेली में हर्बल गार्डन की स्थापना हेतु संभावित स्थल का भी निरीक्षण किया और सिंदूर पौधे की खेती को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने जानकारी दी कि एक सिंदूर पौधे से औसतन 1 किलो उपज प्राप्त होती है, जिसकी बाजार में कीमत 500 रूपये प्रति किलो है। यदि कोई परिवार 50 पौधे लगाता है, तो उसे



लगभग 25 हजार रूपये तक की अतिरिक्त वार्षिक आय हो सकती है। ग्राम मडेली के 298 परिवारों की बाड़ियों में सिंदूर पौधे लगाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। स्व सहायता समूह की दीदीयों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

श्री राव ने इसके साथ-साथ सिंगपुर क्षेत्र के बुटीगढ़ का भी दौरा किया, जहां 5 एकड़ भूमि पर 50 हजार औषधीय पौधे लगाए जाने की योजना है। यह कदम पारंपरिक औषधीय खेती को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारीगण, जनपद पंचायत मगरलोड के सीईओ, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायत मडेली की स्व सहायता समूह की सदस्याएं और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कूटरचना कर उद्योग को बेची जमीन का मामला गरमाया

**महासमुंद,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम बिरकोनी में दस्तावेजों में कूटरचना कर जमीन बेचने का मामला गरमाने लगा है। जनदर्शदन में की गई शिकायत में कहा गया है कि तालाब को खेत बताकर बेचा गया है वही अब तालाब को पाटने का षड्यंत्र रचकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की जा रही है। शिकायत कर्ताओं ने तत्कालीन तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू पर गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने पूर्व और वर्तमान में तालाब की स्थिति रिकार्ड कर जानकारी देते हुए बताया कि कैसे तालाब के मेढ़ को खोदकर समतल किया जा रहा है। तत्काल नही रोका गया तो साक्ष्य मिटाकर समतल किया जा सकता है। आवेदक तोषण चंद्राकर पिता तेजराम, ओमप्रकाश चंद्राकर पिता खोमनलाल, अखिलेश चंद्राकर पिता खोमनलाल तथा



**साक्ष्य मिटाने तालाब पाटने की हो रही कोशिश**

नवीन चंद्राकर पिता मनहरण लाल ने कलेक्टर को सौंपे शिकायत पत्र में कहा है कि ग्राम बिरकोनी में उनकी खानदानी कृषि भूमि है। उक्त भूमि में से पुराना खसरा नंबर 1220 रकबा 14.24 एकड़, खसरा नंबर 1221 रकबा 1.88 एकड़, खसरा 1685 रकबा 5.13 एवं खसरा 1775 रकबा 2.56 एकड़ वर्ष 1955.56 के अधिकार अभिलेख पंजी के अनुसार पूर्व में 9 लोगों के नाम रही है। 1990.91 के खसरा पांचसाला में भूस्वामियों की मृत्यु उपरांत उनके वारिसानों का नाम दर्ज किया गया। आवेदक गण उनके वारिस हैं। अब दीनबंधू पिता मनराखन चंद्राकर बिरकोनी द्वारा तत्कालीन तहसीलदार से भू स्वामियों का राजस्व रिकार्ड विलोपित कराकर नया खसरा 2613, रकबा 1.90 हे. खसरा 2617 रकबा 0.99 हे. खसरा 2800 सहित अन्य भूमियों को मनोरमा इंडस्ट्रीज को विक्रय किया जा रहा है। जिसके संबंध में रिपोर्टकर्तागण द्वारा दिनांक 30 जून को उप पंजीयक पंजीयन कार्यालय महासमुंद के समक्ष आपत्ति दर्ज करा दी गई है। वर्तमान में मनोरमा इंडस्ट्रीज बिरकोनी थाना, तहसील व जिला महासमुंद >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विवेक शर्मा ने संयुक्त संचालक रायपुर शिक्षा विभाग को दी ईश्वरीय सौगात भेंट

**राजिम,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग रायपुर संभाग के संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव के राजिम आगमन पर राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल द्वारा शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए दिए गए निर्देश की जानकारी संयुक्त संचालक को दी गई एवं पवित्र श्रावण मास के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का चित्र ईश्वरीय



**शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए की चर्चा**

सौगात के रूप में दी, इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति रामविशाल पाण्डेय सेजेस राजिम की अध्यक्ष श्री मति सुजाता शर्मा एवं सदस्य गणों लोकेश पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, संजीव साहू, सलमा कौसर, महेंद्र कश्यप, चंदन बंजारे विजेता देवानी उपस्थिति रही। शाला प्रबंधन एवम विकास >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नशे में हुल्लड़बाजी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**धमतरी,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। धमतरी शहर के रत्नाबांधा चौक क्षेत्र में 22 जुलाई की रात्रि लगभग 10 बजे दो युवक नशे की हालत में मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार में हुल्लड़बाजी करते हुए पाए गए। एसपी. धमतरी के निर्देश पर, धमतरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर मौजूद



पुलिस टीम द्वारा दोनों युवकों को तत्काल रोका गया और उन्हें हिरासत में लिया गया। दोनों युवकों कमल कुमार पिता विजय कुमार, उम्र 29 वर्ष पता रत्नाबांधा, पी.जी. कॉलेज मोड़ धमतरी और जावेद खान पिता लतीफ खान उम्र 25 वर्ष पता रत्नाबांधा पी.जी. कॉलेज मोड़ धमतरी का तत्काल मेडिकल परीक्षण (मुलाहिजा) कराया गया, जिसमें उनके नशे में होने की पुष्टि हुई। मोटरसाइकिल को जब्त कर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई।

इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्थान पर अशांति फैलाने व शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के मद्देनज़र दोनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170/126, 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

# विधायक ने श्रम विभाग के योजना तहत हितग्राही को दी सिलाई मशीन

**महासमुंद,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवार को विद्यायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने कार्यालय में श्रम विभाग के योजना के तहत एक हितग्राही को सिलाई मशीन प्रदान किया। सिलाई मशीन मिलने पर हितग्राही आरती सिन्हा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए शासन एवं विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि स्वयं के रोजगार के लिए उन्हें साधन की आवश्यकता थी, जो शासन की योजना के तहत उन्हें प्राप्त हुई है। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इससे हर वर्ग



लाभान्वित हो रहे हैं। किसान और मजदूर वर्ग के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। ऐसे ही योजनाओं में श्रम विभाग के अंतर्गत असंगठित कर्मकार सिलाई मशीन सहायता योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य मजदूर वर्ग की महिलाओं को स्वयं का रोजगार देना है। कई महिलाएं कार्य करना चाहती है पर साधन नहीं होने के कारण नहीं कर पाती है। इसलिए इन्हें कार्य के अनुरूप उपकरण प्रदान किया जाता है। श्रम विभाग द्वारा राजमिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कारपेंटर, पोर्टर, चित्रकार आदि जैसे विभिन्न ट्रेडों के श्रमिकों के लिए भी योजनाएं चलाई जाती हैं, जिसमें उन्हें वित्तीय सहायता या उपकरण किट प्रदान की जाती है। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेता राजू साहू, शरद राव, आकाश पांडे, शुभम पांडे सहित अन्य उपस्थित थें।

# विरोध एवं समर्थन के साथ संपन्न हुआ कोट लाइम स्टोन क्वारी विस्तार का जनसुनवाई

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर द्वारा कोट लाईम स्टोन चरी ग्राम कोट तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार स्थित कुल रकबा 6.118 हेक्टर मे चूना पत्थर (गौड खनिज) उत्खनन क्षमता 84,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत जन सुनवाई का आयोजन ग्राम कोट मे अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल प्रकाश रावडे, एस डी एम रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल, उप संचालक खनिज कुन्दन बंजारे, खनिज अधिकारी अवधेश बारिक की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। जिसमे सुनवाई के दौरान कुल 98 लोगो ने अपने विचार रखे जिसमे 45 लोगो ने खदान उत्खनन के पक्ष मे अपना विचार रखे वहीं 53 लोगो ने विपक्ष मे अपना विचार रखे।

जन सुनवाई के दौरान कुछ समय के लिये माहौल तनाव पूर्ण हो गया था। ग्राम कोट के कुछ ग्रामीण मांग कर रहे थे की चल रहे खदान और क्रेशर को बंद करने की लिखित आश्वासन दिया जावे जिस पर अधिकारीयों का कहना था कि इस तरह के लिखित हम लोग नहीं दे सकते जिस पर कुछ ग्रामीणों के बहकावे मे आकर अधिकारीयो का रास्ता रोक कर धरने पर बैठ गये थें। अपर कलेक्टर, एस डी एम तथा प्रर्यावरण के क्षेत्रीय अधिकारी ने धरना



**जन सुनवाई के पश्चात कुछ समय के लिये माहौल हो गया था तनाव पूर्ण**

दे रहे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया कि यह जन सुनवाई खदान खोलने या बंद करने के लिए नही है बल्कि खदान के उत्पादन क्षमता बढाने हेतु परियोजना प्रस्तावक रमेश साहू ने शासन को आवेदन किया था जिसके प्रर्यावरणीय स्वीकृति के लिये आज जन सुनवाई का आयोजन हुआ है पर लोग समझने को तैयार नहीं थे। विभिन्न ग्राम प्रमुखो तथा देवरीकला के सरपंच संप्रति जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 के प्रतिनिधि बालेश्वर दास बैष्णव(बजरंगी) ने कमान संभाला और धरने पर बैठे ग्रामीणों को यह स्पष्ट तौर पर समझाईस दी की ग्रामीणों के हित रक्षा करते हुए कारर्वाइ की जावेगी जिस पर ग्रामीण मान गये और अधिकारीयों को जाने का रास्ता दिये। इस संबंध मे परियोजना प्रस्तावक रमेश साहू ने बताया कि संचालित क्रेशर चूना पत्थर खदान से अब तक प्रति वर्ष लगभग 32 लाख रुपये रायल्टी के रुप मे शासन को जमा होता है जिसमे से 80 प्रतिशत कोट पंचायत को शासन की ओर से ट्रान्सफर किया जाता है जिससे पंचायत अपने विकास कार्य मे खर्च करती है, यदि शासन उत्पादन क्षमता बढाने की मंजूरी देती है तो प्रति वर्ष रायल्टी लगभग एक करोड शासन को जमा होगी जिससे पंचायत को मिलने वाली रायल्टी की राशि पर्याप्त होगी जहां विकास के अनेको कार्य कराये जा सकेगे।

# शासकीय वनभूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**महासमुंद,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। राजस्व विभाग द्वारा बुधवार को नगर के बीटीआई रोड स्थित शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को सख्ती से हटाया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन प्रशिक्षण केंद्र के समीप शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। मौके की जांच उपरांत इसे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मानते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, नायब तहसीलदार मोहित अमिला एवं आरआई मनीष श्रीवास्तव सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



# जन चौपाल में भारत को मिला मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल एवं देवमति को मिला श्रम कार्ड



**महासमुंद** 23 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल एक बार फिर आमजन के लिए राहत और उम्मीद का मंच साबित हुआ। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जन चौपाल में कुल 45 आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई। इस जन चौपाल की सबसे त्वरित समाधान के रूप में ग्राम खल्लारी निवासी भारत ध्रुव को तत्काल मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्राप्त हुआ। उनके आवेदन पर कलेक्टर श्री लंगेह ने मौके पर ही समाज कल्याण विभाग को निर्देशित कर तत्काल ट्रायसाइकिल प्रदाय कराई। श्री ध्रुव ने हर्षित भाव से कलेक्टर के हाथों मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्राप्त की और कहा कि यह सहायता उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि उनके जीवन में गति और सम्मान भी लौटाएगा। वहीं ग्राम तिलईदादर की श्रीमती देवमति ध्रुव के श्रम कार्ड प्रकरण में भी त्वरित समाधान किया गया। तकनीकी कारणों से लंबित आवेदन को निरस्त कर नया पंजीयन कराया गया और श्रम अधिकारी को आज ही श्रम कार्ड देने निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में श्रम विभाग द्वारा उन्हें नया श्रम कार्ड जारी कर दिया गया। इसी तरह ग्राम नर्रा कोमाखा़न निवासी लीलाराम पटेल ने जमीन अतिक्रमण पर रोक लगाने हेतु आवेदन, ग्राम आमकोनी निवासी श्रीमती सुशीला बाई चक्रधारी ने पीएम आवास अंतर्गत रोजगार गारंटी का पैसा दिलाने हेतु आवेदन, ग्राम पंचायत जगदीशपुर पिथौरा में श्मशान भूमि को मुक्त कराने हेतुए ग्राम तिलाई दादर निवासी श्रीमती पुष्पा निर्मलकर ने वात्सल्य योजना से लाभ दिलाने एवं श्रीमती देवमती ध्रुव ने श्रमिक कार्ड बनवाने, ग्राम ठाकुरदियाखुर्द निवासी लालचंद पटेल ने ट्रांसफार्मर लगाने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर श्री लंगेह ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय नेहरू हॉकी में बेमचा की टीम बनीं विजेता

**महासमुंद** 23 जुलाई (देशबंधु)। विकासखंड स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उमावि बेमचा महासमुंद में 21 जुलाई को आयोजित किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में महासमुंद की टीम को शासकीय उ मा विद्यालय बेमचा ने 4.0 से हराकर विजेता बनीं एवं बालक वर्ग में भी बेमचा विजेता बनीं एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जिला हॉकी संघ अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता में पदक जीतने शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तर में विजेता बनने पर बधाई दीं। आयोजन को सफल बनाने में डॉ सेवन दास मानिकपुरी, ब्लॉक आयोजन प्रभारी हिरेंद्र साहू, डॉ सुनील कुमार भोई, इंद्राणी भास्कर, कामता साहू, तृषा शर्मा, वेदराम, दुलामनी, इमरान अली, रामेश्वरी दीवान का सहयोग रहा। 5 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें महासमुंद जिले की टीम शामिल होगी। इससे पहले लगातार 3 सालों से बेमचा की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करते आ रहीं हैं। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत हॉकी खेल को संचालित करने एवं हॉकी में खिलाड़ी तैयार करने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संसाधन उपलब्ध कराया गया है जिसके माध्यम से खेलों का नियमित अभ्यास एवं खेल प्रतियोगिता की तैयारी कराई जा रही हैं। जिससे बेमचा से 14 वर्ष में सागर सेन की राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में भागीदारी रही। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन कर राज्य एवं स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने एवं पदक जीतने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य बेमचा एसआर पाटकर ने शुभकामनाएं दी।



# जनदर्शन में अवैध नूतन इस्पात संचालित होने का लगाया आरोप



**महासमुंद** 23 जुलाई (देशबंधु)। संयुक्त किसान मोर्चा ने जनदर्शन में आवेदन देकर करणी कृपा कृपा उद्योग के अंदर अवैध नूतन इस्पात एवं पावर प्राइवेट लिमिटेड उद्योग का सत्याग्रही किसानों ने भंडाफोड़ किया, तो सभी अधिकारी सकते में आ गए। उद्योग विभाग के अधिकारी ने स्वीकार किया कि नूतन इस्पात एवं पावर प्राइवेट लिमिटेड पंजीयन के लिए दिया गया है, किन्तु आवेदन पंजीयन नहीं है। जिस पर कलेक्टर ने जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। जनदर्शन में ज्ञापन सौंपने में जिला संगठन प्रभारी अशोक कश्यप, हेमसागर पटेल, नाथूराम सिन्हा, बृजबिहारी साहू, देवनारायण साहू, नरेंद्र दीवान, भगवान सिंह दिवान, दीवान आदि शामिल थे।

# इन्टैक की विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कल

**महासमुंद** 23 जुलाई (देशबंधु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक के विरासत,शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग नई दिल्ली एवं महासमुन्द अध्याय द्वारा शालेय छात्र.छात्राओं के लिए राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 25 जुलाई शुक्रवार को सुबह साढ़े 10 बजे नवकिरण अकादमी के व्याख्यान कक्ष में किया जा रहा है। अध्याय के संयोजक दाऊलाल चन्द्राकर ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक प्राकृतिक, सांस्कृतिक, जीवित, मूर्त एवं अमूर्त विरासत के प्रति जागरूकता, रखरखाव और उसे सुरक्षित रखने की दिशा में कार्य करती है। यह प्रतियोगिता भारत के इतिहास, विरासत एवं संस्कृति पर आधारित है तथा इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने देश के प्रति जागरुकता लाना है । आज के संदर्भ में अपने देश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। श्री चन्द्राकर ने बताया कि नगर स्थित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को अपने विद्यालय के 10 विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में शामिल कराने की अपील की गई है। प्रतियोगिता के नियम व शर्तों के बारे में सह.संयोजक राजेश्वर खरे ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 7 वीं से लेकर कक्षा दसवीं तक के 10 विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे। यह प्रतियोगिता व्यक्तिगत न होकर टीम आधारित है। प्रत्येक विद्यालय से दो . दो विद्यार्थियों की 5 टीम रहेगी। प्रतियोगिता में भारत देश से संबंधित 20 प्रश्नों के लिखित उत्तर देने होंगे । जिसमें राष्ट्रीय स्तर के 12, छत्तीसगढ़ राज्य स्तर के 5 एवं इन्टैक संबंधित तीन प्रश्न शामिल रहेंगे। लिखित प्रश्नोंत्तरी के प्रतिभागियों में से 4 टीम उच्चतम प्राप्तांकों के आधार पर मौखिक प्रश्नोत्तरी के लिए पात्र होंगी। मौखिक प्रश्नोत्तरी में राष्ट्रीय और छत्तीसगढ़ राज्य स्तर के 5 प्रश्न बारी.बारी से पूछे जायेंगे। मौखिक प्रश्नोत्तरी में प्राप्त उच्चतम अंको के आधार पर विजेता टीम घोषित की जायेगी। इस विजेता टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों प्रमाण.पत्र प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता का संचालन हमारी टीम के सदस्य करेंगे।

# सड़क हर गांव के स्वच्छता की पहली पहचान:सुधा योगेश्वर

**महासमुंद** 23 जुलाई (देशबंधु)। ग्राम कौंदकेरा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए जनपद पंचायत संचार एवं संकर्म सभापति सुधा योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा किसी गाँव की समृद्धि उस गांव की सड़क की स्थिति से बखूबी समझी जा सकती है। बेहतर सड़क, नाली और सफाई व्यवस्था हर गाँव का जितना अधिकार है उतना ही उसका बेहतर रख रखाव हम सबकी जिम्मेदारी है। सरकार में बैठे जनप्रतिनिधि और व्यवस्था उपलब्ध करा सकते है पर जन सहयोग के बिना लम्बे समय तक टिके रहना मुश्किल होता है ऐसे में जरूरत है हम अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का समुचित निर्वहन करे जहाँ जल संरक्षण के लिए सोखता का प्रयोग करे वही कचरा निष्पादन के लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें अपने घर के साथ साथ अपने आसपास भी सफाई व्यवस्था रखे निश्चित ही साफसुधरे और बेहतर वातावरण का प्रभाव हमारे परिवार और बच्चों के संस्कार पर भी पड़ता है आज बनने वाली सड़क हमारे बेहतर कल की पहली पंक्ति है आने वाले समय में गांव और क्षेत्र का विकास मेरे पहली प्राथमिकता होगी और मेरा प्रयास होगा मेरे क्षेत्र में सरकार की हर योजना का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम के उप सरपंच कन्हैया यादव ,कमलेश चन्द्राकर,कार्तिक बंजारे,सुयश चन्द्राकर,मोतीराम टण्डन एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# रक्षाबंधन को लेकर खाद्य पदार्थों की जांच

**महासमुंद** 23 जुलाई (देशबंधु)। राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार आगामी पर्व रक्षाबंधन को दृष्टिगत रखते हुए 21 जुलाई को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में पनीर एवं खोवा की गुणवत्ता जांच हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महामसुंद हरिशंकर पैकरा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा जिले के बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने संकलित किए गए। जांच के तहत प्रतिष्ठानों से विधिक खाद्य नमूने लिए गए। जिसमें मेसर्स विश्वा फैमिली रेस्टोरेंट एण्ड ढाबा बागबाहरा से पनीर एवं पका चावल, मेसर्स छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट बागबाहरा से पनीर, मेसर्स हर्षद मिष्ठान भंडार, बागबाहरा से खोवा संकलित किया गया। ये सभी खाद्य नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर को परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम.2006 के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत माह में भी कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अभियान चलाकर 05 पनीर के खाद्य नमूने संकलित कर राज्य प्रयोगशाला को भेजे गए थे।



# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद** 23 जुलाई (देशबंधु)। मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। विधि विधान से पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही अतिथियों का स्वागत भी किया गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता संदीप घोष, गोविंद ठाकुर, पीयूष साहू, शरद राव सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थें। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि धर्म के प्रति समर्पित संगठन धर्म की रक्षा के साथ.साथ अनेक अच्छे कार्य करती है। हमें अपने धर्म के प्रति गर्व होना चाहिए और धर्म की प्रगति के बारे में सोचना चाहिए। अपने धर्म के रीति रिवाज को हमें भूलना नहीं चाहिए। यही तो हमारा मूल है, हम आज जो हैं वो धर्म से ही सीख रहे हैं। शिक्षा, संस्कार भी धर्म से ग्रहण किया जा सकता है। इसके लिए संगठनों का योगदान होता है। इसलिए राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य भी बधाई के पात्र हैं कि वे इस संगठन के माध्यम से धार्मिक कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं। हिंदू धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है जो अनंत काल से चला आ रहा है। धर्म के प्रति समर्पण होकर कार्य करना जरूरी है। आज को हम गर्व से कहते हैं कि हम हिंदू हैं, यह सिर्फ बोलने के लिए नहीं होना चाहिए अपितु इस लायक कार्य भी हमें करने चाहिए।



# ग्राम पंचायत बनसांकरा में आंगनबाड़ी क्रमांक 4 का हुआ लोकार्पण



**सिमगा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। आज सिमगा समीपस्थ ग्राम पंचायत बनसांकरा में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4 लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी सरपंच राहुल सिंह ठाकुर उप सरपंच फत्तेलाल साहू यशवंत तिवारी केवल साहू पंच यमुना साहू कौशल्या साहू संतोषी साहू परस पाटकर कुंदन साहू नेहा सोनवानी ज्योति सोनवानी उपस्थित रहे ।

आंगनबाड़ी केंद्र में टीसा घृतलहरे कार्यकर्ता एवं दुर्गा नायक सहायिका कि नव नियुक्त किया गया है ।

# बीज निगम छेरकापुर से किसान परेशान

**लवन,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। लवन से लगे ग्राम करदा के किसान आजुराम साहू एवं चंदराम साहू ने बताया कि बीज निगम छेड़कापुर के द्वारा धान बीज खरीदी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है किसान आजू राम ने बताया कि 6 –7माह पहले 168 कुंटल धान 3800 दर के हिसाब से बीज के लिए धान को बेचे थे जिसका पावती आज भी उपलब्ध है धान का पैसा 3800 के बजाय 128 कुंटल धान का ?3100 दर से प्रदान किया गया शेष 40 कुंटल धान को वापस ले जाने के लिए लिखित परिपत्र जारी किया है किसान ने कहा कि सात माह बाद धान को कैसे वापस लाएं जबकि वर्तमान में ?1500 प्रति चिंटल बाजार में भाव है किसान का कहना है कि बीज निगम छेरकापुर में प्रबंधक द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है इसी तरह ग्राम करदा के ही चंदराम साहू ने 142 कुंटल धान दिया हैं जिन्हें भी धान वापस ले जाने के लिए पत्र लिखे हैं किसानों का कहना है कि धान को बीज के लिए खरीदी करने के पहले चयन अधिकारी बीज निगम छेरकापुर से पूरा टीम के साथ ग्राम करदा में स्थल निरीक्षण कर धान को चयन किए हैं इसके बावजूद ग्रेडिंग के अभाव में धान वापसी का पत्र भेजे हैं इससे किसान भारी परेशान है इस संबंध में सी आर पटेल बीज प्रबंधक बीज प्रक्रिया केंद्र छेरकापूर ने पूछने पर बताया कि विस्तार से जानकारी बीज निगम में ही दे सकते हैं अभी मैं बाहर हूं।

# राज्य गतका सेमिनार, प्रशिक्षण और तकनीकी अधिकारी शिविर का आयोजन

**पिथौरा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य गतका सेमिनार, प्रशिक्षण और तकनीकी अधिकारी शिविर–2025 का सफल आयोजन 20 जुलाई 2025 को भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दुर्ग में किया गया। गतका सेमिनार में 16 जिलों के 54 टेक्निकल ऑफिशल्स ने भाग लिया और गतका खेल की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

मुख्य अतिथि- अमरजीत सिंह छाबड़ा (चेयरमैन, द गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं कैबिनेट मंत्री, अध्यक्ष अल्पसंख्यक राज्य आयोग छत्तीसगढ़ शासन)अरविंद सिंह खुराना (समाजसेवी) अरुण अरोड़ा (प्रिंसिपल, भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दुर्ग)उद्घाटन के पश्चात हरविंदर सिंह (चेयरमैन, रेफरी बोर्ड) ने खेल की बारीकियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कोच ध्यान सिंह एवं हरमीत (हड्डुस) द्वारा प्रैक्टिकल डेमो और तकनीकी प्रशिक्षण समिति के प्रमुख सदस्य उपस्थित- अमित तिवारी (भाटापारा), आलोक मिश्रा (बलोदा बाजार), अजय राणा (राजनांदगांव), भूमेश कुमार पांडे (मुगेली), जयकुमार (बिलासपुर), धीरेंद्र (धमतरी), नीरज (मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर), राजवीर (रायपुर), कृष्ण (रायपुर), कोंडल राव (दुर्ग), अब्बास आलम (भिलाई), कृष्ण एक्का (सरगुजा), राहुल रेड्डी (दुर्ग) मौजूद रहे।



छत्तीसगढ़ राज्य गतका आगामी चैंपियनशिप कार्यक्रम 16–17 अगस्त 2025, भिलाई (दुर्ग)। इसमें 16 जिलों के लगभग 350 खिलाड़ी (11–30 वर्ष, पुरुष एवं महिलाएं) शामिल होंगे। इसी प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय दल का चयन किया जाएगा, जो दिल्ली में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेगा।

छत्तीसगढ़ शासन ने 1 लाख रुपए राशि से पुरस्कृत किया

गतका एसोसिएशन के खिलाड़ी अमितोज सिंह ने खेलो इंडिया यूथ गेम, बिहार 2025 में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। छत्तीसगढ़ शासन ने 16 जुलाई 2025 को उन्हें एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। अमितोज को हार्दिक बधाई एवं संघ के सभी सम्मानित अधिकारियों को शुभकामनाएं।

# भाजपा कि सरकार किसानों के उन्नति व विकास कि सोच रखकर आगे बढने वाली सरकार: शिवरतन शर्मा

**भाटापारा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। विकास खंड भाटापारा के कृषि विभाग मे कृषको को खरीफ मौसम मे लगने वाले फसलों के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय एवं सहायक संचालक कृषि बी एन वर्माद्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

योजनानतर्गत 64 कृषको को स्प्रेयर एवं दलहन क्षेत्र विस्तार हेतु अरहर बीज का वितरण भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा जी के द्वारा किया गया जिसमे उनके द्वारा कहा गया कि भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी किसानों के हितों के लिये अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ अन्नदाता किसानों को मिल रहा है भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूर्व के कांग्रेसी शासन मे किसानों के हितों को लेकर कोई विशेष ध्यान नही दिया गया जो कि वर्तमान के भाजपा डीएमएफ योजना के अंतर्गत स्प्रेयर व दलहन क्षेत्र विस्तार हेतु अरहर बीज का वितरण किसानों को किया जा रहा है जो कि चक्रीय फसलों को प्रोत्साहन फसलों के गुणवत्ता मे सुधार फसलों के वृध्दि व विकास व किट रोग नियंत्रण मुख्य उद्देश्य है क्षेत्र के किसानों को उन्नत कृषि विस्तार को लेकर बधाई व शुभकामनाएं भी दिये सरकार द्वारा दिया जा रहा है ! इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अमर मण्डवी जिला सदस्य खनिज संस्थान न्यास व सरपंच संघ अध्यच संकेत अग्रवाल ,कृषि स्थाई समिति के सभापति संतोष साहू, कोदवा सरपंच चन्द्रिका दिलीप रात्रे, खपरी सरपंच पिंकी नारायण यादव,धौरभठा सरपंच हीराबाई ध्रूव, चिचपोल सरपंच सुखमती ध्रूव,निपानिया मंडल के अध्यक्ष मथुरा यादव विक्की वर्मा एवं अधिक संख्या मे कृषक उपस्थित थे! एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण रामटेके, सियाराम हिरवानी, सौरभ सिंह, वीरेंद्र, विनोद कुर्रे सहदेव साहू, ज्योति वर्मा मुकेश तिवारी अंकिता अग्रवाल उपस्थित थे

# खल्लारी विधानसभा में करोड़ों के निर्माण कार्य स्वीकृत: अलका चंद्राकर

**बागबाहरा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छाया विधायक श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सहकारी समितियों एवं ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपयों के विकास कार्यो हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।



भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अलका चंद्राकर ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी है। तब से खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य स्वीकृत हो रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प पूर्ण हो रहा है।

श्रीमती चंद्राकर द्वारा स्वीकृत विकास कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि मण्डी बोर्ड रायपुर द्वारा ग्राम पंचायत गांजर के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम पंचायत घोटियापानी के नवीन धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम पंचायत घुंचापाली कला के नवीन धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम पंचायत बसुलाडबरी में धान खरीदी केंद्र तक 132 मीटर सीसी रोड निर्माण हेतु 9.97 लाख, ग्राम पंचायत गबौद में मेन रोड से धान खरीदी केंद्र तक 132 मीटर सीसी रोड निर्माण हेतु 9.97 लाख, ग्राम पंचायत मुनगासेर में मेन रोड से धान खरीदी केंद्र तक 198 मीटर सीसी रोड निर्माण हेतु 14.95 लाख, ग्राम पंचायत सम्हर में धान खरीदी केंद्र तक 105 मीटर सीसी रोड निर्माण हेतु 7.93 लाख, ग्राम पंचायत कसेकेरा में मेन रोड से धान खरीदी केंद्र तक 105 मीटर सीसी रोड निर्माण हेतु 7.93 लाख, ग्राम पंचायत बीकेबाहरा के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 15.45 लाख, ग्राम पंचायत ओंकारबंद के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 5.45 लाख, ग्राम पंचायत कछारडीह के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम पंचायत परसूली के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 5.45 लाख, ग्राम पंचायत साल्हेभांठा के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 5.45 लाख, ग्राम पंचायत आमाकोनी के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 5.45 लाख, ग्राम पंचायत बोडराबाँधा के धान खरीदी केंद्र में फड़ शेड निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम पंचायत खेमडा के धान खरीदी केंद्र में किसान कुटीर निर्माण हेतु 13.50 लाख, बागबाहरा कृषि उपज मण्डी प्रांगण में फड़ शेड निर्माण हेतु 5.45 लाख, ग्राम पंचायत गांजर के दुर्गा चौक से रिखीराम कटारे के घर तक 117 मीटर सीसी रोड निर्माण हेतु 6.97 लाख रुपयों की विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभिन्न विकास कार्यो के स्वीकृति प्रदान करने के लिए खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की जनता एवं किसान भाइयों की ओर से श्रीमती अलका चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु दावा-आपत्ति 26 जुलाई तक**

बलौदाबाजार, 23 जुलाई (देशबन्धु)। पंण्डित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित लिखित चयन परीक्षा में सम्मिलित छात्रध्छात्राओं का परीक्षा परिणाम का प्रकाशन आदिवासी विकास के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। प्रकाशित मेरिट सूची अनुसार किसी भी आवेदक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा-आपत्ति 26 जुलाई 2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलौदाबाजार में सप्रमाण कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है।



# कलेक्टर ने बिलाईगढ़ क्षेत्र के स्कूल, छात्रावास और अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

### कलेक्टर ने 3 शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए



**बिलाईगढ़**, 23 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे बुधवार को बिलाईगढ़ ब्लॉक के दौरे पर रहे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में पंजीयन, दवा वितरण, महिला व पुरुष वार्ड, प्रसव केंद्र, एक्सरे कक्ष, प्रयोगशाला, ओपीडी आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने भर्ती मरीजों से बातचीत कर हॉस्पिटल द्वारा दी जा रही दवा, खाना और इलाज के बारे में जानकारी ली। बीएमओ ने हॉस्पिटल के बिजली वायरिंग खराब होने की जानकारी देने पर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला खनिज न्यास में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला सहित बीएमओ सहित अन्य डॉक्टर नर्स आदि उपस्थित थे।

### छात्रावास और स्कूल का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने डोकरीडीह के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वे प्राथमिक शाला के बच्चों से गिनती, पहाड़ा, अक्षर ज्ञान, वाक्य को पढ़ना आदि के बारे में पूछकर बच्चों की पढ़ाई का जायजा लिया। कलेक्टर ने वहां उपस्थिति पंजी, शिक्षकों का डेली डायरी, मध्याह्न भोजन राशन आदि का अवलोकन किया। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोकरीडीह के स्कूली बच्चों से राष्टीय और छत्तीसगढ़ के बारे में सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। इन दोनों स्कूलों के पढ़ाई में बच्चों के बेसिक शिक्षा में कमी पाए जाने पर 3 शिक्षकों के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद मध्याह्न भोजन रसोइया से खाना बनाने के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी लेकर उन्हें निर्देशित किया कि, बच्चों को अच्छा खाना खिलाएं। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें जर्जर शौचालय को नष्ट कर नवीन शौचालय बनाने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत बिलाईगढ़ को दिए। साथ ही शौचालय को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बिलाईगढ़ के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास और स्वामी आत्मानंद विद्यालय का कलेक्टर ने निरीक्षण किया।

### एसडीएम ऑफिस का निरीक्षण और फॉरेस्ट सर्वे की बैठक

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ एसडीएम कार्यालय का अवलोकन कर वहां राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया, जिसमें वन और राजस्व भूमि के संबंध में अधिकारियों ने जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम वर्षा बंसल, तहसीलदारगण और वन अधिकारी उपस्थित थे।

# फसल बीमा के,नाम पर किसानों को लूट रही सरकार:शैली भाटिया



**सिमगा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)।क्षेत्र के उन्नत किसान एवं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने विज्ञप्ति जारी कर बतलाया कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान विष्णु देव साय सरकार प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत फिर से एक बार किसानों को लूटने का काम कर रही है उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने ऐच्छिक रखा था मतलब यदि कोई किसान सहकारी बैंकों के माध्यम से कर्ज लेता तो उनकी मर्जी के अनुरूप उनकी फसल का बीमा होता था मगर वर्तमान भाजपा सरकार के तानाशाही रवैया के चलते किसानों द्वारा लिए गए कर्ज पर सिंचित जमीन पर 1200/ रू प्रति हेक्टेयर एवं असिंचित जमीन पर 900/ रु प्रति हेक्टेयर के हिसाब से एचडीएफसी एग्रो कंपनी के द्वारा किसान की मर्जी के खिलाफ बीमा किया जा रहा है सोसाइटी के कर्मचारियों का कहना है कि हमें मौखिक जानकारी दी गई है अब जिस किसान को अपना बीमा नहीं कराना है वे 31/7/2025 तक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से अपना फसल बीमा निरस्त करा सकते हैं उक्त आदेश दो दिन पूर्व दिया गया है जबकि किसानों को जानकारी होने पर सोसाइटियों पर इस योजना से अपना नाम हटाने किसानों की लंबी कतारें देखने को मिल रही है जबकि एचडीएफसी एग्रो का नेटवर्क लगभग बंद सा पड़ा है कुल मिलाकर किसान परेशान है क्योंकि अभी वह कृषि कार्य हेतु खेतों में जाएं या अपना फसल बीमा निरस्त करने सोसाइटियों के चक्कर लगाए श्री भाटिया ने बतलाया की छत्तीसगढ़ मैदानी इलाका है यहां खरीफ फसल में धान की खेती की जाती है जबकि यहां किसी प्रकार के बादल फटने या ओले की समस्या नहीं रहती इसके पूर्व भी रमन सिंह सरकार ने इफको टोक्यो कंपनी के साथ मिलकर किसानों को लूटने का कार्य किया था वहीं पुन: यह सरकार किसानों को फसल बीमा के नाम पर लूट रही है इस योजना से किसान का जबरन प्रीमियम काटा जा रहा है जबकि नुकसान होने पर इन बीमा कंपनियों के द्वारा क्लेम नहीं मिलता और बीमा कंपनियां का जवाबदेह ना होना भी एक कारण है श्री भाटिया ने बतलाया कि जब भी किसान बीमा की राशि के लिए दावे करता है तो कंपनियां बहाने बनाकर क्लेम रिजेक्ट कर देती हैं या फिर क्लेम बहुत कम कर देर से देती हैं जब तक किसान अपनी फसल का चक्र शुरू कर चुका होता है या फिर पूरी बर्बाद फसल की रिपोर्ट में कहा जाता है की फसल का नुकसान 33त्न से कम है इसलिए बीमा नहीं मिलेगा जिसके चलते किसान ठगा सा महसूस करता है इन्हीं कारणों से बीमा कंपनियों को छत्तीसगढ़ से फायदा होता है क्योंकि उन्हें प्रीमियम ज्यादा वसूल कर क्लेम भुगतान कम करना पड़ता है जिसके चलते छत्तीसगढ़ के किसान इन बीमा कंपनियों के लिए चारागाह है इस योजना के चलते लगभग प्रत्येक सोसाइटियों में 8 से 10 लाख रुपए का बीमा होना है और छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 3000 सोसाइटियों के माध्यम से अरबो रुपए का फायदा इन बीमा कंपनियों की जेब में जाता है श्री भाटिया ने सरकार से मांग की है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए फसल बीमा को पुन: ऐच्छिक किया जाए और ओटीपी के माध्यम को हटा दें ताकि किसानों को इस बीमा कंपनी की लूट से बचाया जा सके।

# अहिल्दा में विधिक सेवा शिविर का आयोजन



**लवन**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के समीप ग्राम अहिल्दा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 22 जुलाई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अमिता जयसवाल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बलोदा बाजार के मार्गदर्शन में पैरालिगल वॉलिंटियर पोस कुमार साहू थाना लवन अश्वनी कुमार साहू थाना गिधौरी केशव प्रसाद साहू थाना कसडोल के द्वारा कक्षा छठी से आठवीं के छात्र-छात्राओं को विधिक सेवा शिविर के माध्यम से गुड टच बेड टच बाल विवाह पीड़ित क्षतिपूर्ति पास्को एक्ट एफ आई आर साइबर क्राइम साथी अभियान जिसके तहत ऐसे छात्र छात्राएं जिनके माता-पिता नहीं है उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी की जानकारी रोचक ढंग से बच्चों को दी गई इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा ईश्वर प्रसाद साहू समन्वयक सुशील कुमार सोनवानी आदि उपस्थित थे

# शासकीय महाविद्यालय में पत्रकारिता कार्यशाला

### विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण



**पलारी**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय बृजलाल वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पलारी में एक दिवसीय पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों को पत्रकारिता के क्षेत्र में आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। कार्यशाला में जिले के दो अनुभवी पत्रकारों — इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े कुश अग्रवाल तथा आकाशवाणी के उद्घोषक व वक्ता दीपक तिवारी ने सहभागिता की और छात्रों को अपने अनुभवों से लाभान्वित किया।

कार्यशाला की शुरुआत में पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों पर चर्चा की गई। छात्रों को बताया गया कि समाचार कैसे एकत्र किए जाते हैं, किस प्रकार की सूचनाएं समाचार बनती हैं और रिपोर्टिंग में निष्पक्षता क्यों आवश्यक है। समाचार संकलन की प्रक्रिया में साक्षात्कार, प्रेस विज्ञप्तियां, सार्वजनिक दस्तावेज़ और प्रत्यक्ष निरीक्षण जैसे स्रोतों का उपयोग कैसे किया जाता है, इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके बाद छात्रों को विभिन्न समाचार लेखन शैलियों का प्रशिक्षण दिया गया। जैसे — समाचार रिपोर्ट, फीचर लेख, संपादकीय आदि। कुश अग्रवाल ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में रिपोर्टिंग की तकनीक, लाइव कवरेज, कैमरा फेसिंग, बाइट लेने की प्रक्रिया और सोशल मीडिया की भूमिका पर भी गहन जानकारी दी। वहीं, दीपक तिवारी ने आकाशवाणी के अनुभवों को साझा करते हुए भाषा शैली की बारीकियों, सटीक शब्द चयन, इंटरव्यू लेने की कलात्मक विधियां तथा हिंदी पत्रकारिता के प्रमुख स्तंभों — जैसे रघुवीर सहाय, प्रभाष जोशी आदि के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने पत्रकारिता में नैतिकता, सत्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। छात्रों के साथ संवादात्मक सत्र के माध्यम से दोनों विशेषज्ञों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की। छात्रों ने भी विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका विशेषज्ञों ने सरल एवं प्रेरणादायक उत्तर दिया।

इस कार्यशाला से छात्रों को पत्रकारिता के व्यावहारिक पहलुओं की गहरी समझ मिली। महाविद्यालय प्रबंधन ने इसे एक सफल आयोजन बताते हुए भविष्य में इस प्रकार की और कार्यशालाओं के आयोजन की बात कही।

# छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षक रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए खोमन गुरुजी बिलासपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित



*फिंगेश्वर, 23 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय तोखन साहू जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राज्य भर से चयनित श्रेष्ठ शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों में हमारे क्षेत्र के सम्मानित शिक्षक खोमन सिन्हा भी शामिल रहे, जिन्हें यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर समर्पण, नवाचार, और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।*

*मंत्री तोखन साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि च्शिक्षक समाज की नींव हैं। उनका कार्य राष्ट्र निर्माण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण है। इस प्रकार का सम्मान, शिक्षकों के योगदान की सराहना मात्र नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस सम्मान से समूचे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का वातावरण है।*

# बलौदाबाजार जिले मे आत्मानंद विद्यालय शिक्षक भर्ती बना मजाक

कसडोल/बलौदाबाजार, 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के 16 आत्मानंद विद्यालयों मे 5 महीने पहले भर्ती निकली हुई थी जो प्रक्रिया अब तक पूर्ण नही हो पाई है। अब इस भर्ती मे नयी रोचक एव अनोखी चीज सामने आ रही है जो की किसी भी जिले मे शायद पहली बार है। यह भर्ती प्रकिया लगभग ठंडे बस्ते मे चली गयी थी लेकिन यह भर्ती प्रक्रिया के शुरु होने के लगभग 4-5 माह बाद 17 से 20 जून के आस पास इस प्रक्रिया की अंतिम चरण याने दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण हुई जिसमे मेरिट के आधार मे 1 अनुपात 10 मे आवेदको को बुलाया गया और यह प्रक्रिया पूर्ण हुई।

## निधन

### उर्मिला बाई चंदेल



**रायपुर**, 23 जुलाई। ग्राम मानिकचौरी (अभनपुर) निवासी श्रीमती उर्मिला बाई चंदेल (75 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानिकचौरी मुक्तिधाम में बुधवार को ही किया गया। आप अभनपुर क्षेत्र की पूर्व जनपद सदस्य तथा मानिकचौरी सोसायटी की पूर्व उपाध्यक्ष रही हैं। आप बाबूलाल चंदेल की पत्नी, मनहरण, डेरहा, रमेश, रुक्मणी जोगी (पूर्व पार्षद) तथा उषा की माता तथा चेतन चंदेल व टीकम चंदेल की चाची थी।

### प्रदीप गुप्ता



**नवापारा राजिम** 23 जुलाई देशबंधु। नगर के प्रसिद्ध डॉ स्व प्यारे लाल गुप्ता के द्वितीय पुत्र प्रदीप गुप्ता उम्र 68 वर्ष का आकस्मिक निधन बिलासपुर में 20 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ प्रकाश गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता के भाई ,शुयश गुप्ता के पिता एंव प्रणव, ड्डा प्रशान्त गुप्ता के चाचा थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक जन, शुभचिंतकों सहित परिजन लोग शामिल हुए।

### भागवत ताम्रकार



**दुर्ग**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। गवली पारा निवासी भागवत ताम्रकार का निधन आज बुधवार 23 जुलाई को रायपुर के एम्स हास्पिटल में शाम 4 बजे हो गया है। स्व. भागवत ताम्रकार भाजपा नेता राजेश ताम्रकार के बड़े भाई एवं पत्रकार रविप्रकाश ताम्रकार व भारती ताम्रकार के पिता थे। अंत्येष्टि कार्यक्रम आज गुरूवार 24 जुलाई को सुबह 10 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया

# खरोरा में कांग्रेस का चक्का जाम प्रदर्शन

## ईडी कार्रवाई और अडानी के जंगल कटाई के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी




**खरोरा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)।प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर आज खरोरा के आजाद चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी और अडानी समूह द्वारा कथित जंगल कटाई के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि नरेंद्र मोदी सरकार ईडी जैसे केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज़ को दबा रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि अडानी के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं को झूठे मामलों में फंसा कर जेल भेजा जा रहा है, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर भी चिंता जाहिर की। पूर्व सांसद छाया वर्मा ने कहा, च्भाजपा सरकार ईडी का सहारा लेकर कांग्रेस की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। जो भी अडानी के खिलाफ बोलता है, उसे परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस इसका डटकर विरोध करेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि च्मोदी सरकार प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को अडानी के हवाले कर छत्तीसगढ़ को लूटने का काम कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

युवा कांग्रेस नेता रविंद्र 'बबलू' भाटिया, अंकित वर्मा और जुबैर अली ने आरोप लगाया कि प्रदेश के आदिवासी समाज के अधिकारों का हनन कर जंगलों की कटाई की जा रही है। भाजपा के नेता, यहां तक कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक पेड़ को अपनी 'माँ' के नाम पर समर्पित कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ ईडी की कार्रवाई विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है, और इसका सशक्त विरोध पूरे प्रदेश में किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवव्रत नायक, महामंत्री अश्विनी वर्मा, पार्षद सुरेंद्र गिलहरे, जितेंद्र चंद्राकर, प्रदीप मढ़रिया, सरपंच अभिषेक वर्मा, पन्ना देवांगन, धनेंश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# वार्ड क्रमांक 14 की खसरा नंबर 1141 की भूमि सुरक्षित करने की मांग



**तिल्दा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 14 की खसरा नंबर 1141 की भूमि जो लगभग एक एकड़ से अधिक होगी उस पर अवैध कब्ज़ा किया जा रहा था नेवरा की पुरानी बस्ती में निवासरत सतनामी समाज, मेहर समाज, कुर्मी समाज, निषाद समाज, धोबी समाज और यादव समाज के लोगों ने अपने अपने समाज के लिए सामुदायिक भवन बनाने के लिए सुरक्षित करने के लिये मुख्य नगर पालिकाधिकारी ,एस डी एम ,तहसीलदार ,और थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा को आवेदन दिया है समाज के प्रतिनिधियों ने बताया की सामाजिक कार्यों के लिए भवन न होने से समाज के लोगों को कार्यक्रमों के आयोजन में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए कोई भी स्थायी भवन उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें सार्वजनिक स्थलों या खुले मैदानों में असुविधा के बीच कार्यक्रम करने पड़ते हैं। खसरा नंबर 1141 की भूमि, जो कि शासकीय है, को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सुरक्षित किया जाए, जिससे क्षेत्र के सभी समाजों को एक उचित मंच और सुविधा उपलब्ध हो सके। समाज के लोगों ने प्रशासन से इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेने और संबंधित भूमि को स्थायी रूप से सामाजिक भवन निर्माण के लिए आवंटित करने की मांग की है। इस मांग के समर्थन में समाज के कई गणमान्य नागरिक, प्रतिनिधि एवं स्थानीय युवा वर्ग भी आगे आए हैं।

प्रशासन से की अपील समाज केप्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर यह अनुरोध किया है कि खसरा नंबर 1141 की भूमि को समाजों के लिए सामुदायिक भवन हेतु आरक्षित किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सशक्त और संगठित मंच मिल सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभापति रानी सौरभ जैन ,पोषण वर्मा ,सौरभ जैन ,पार्षद सतीश निषाद ,सुखदेव वर्मा ,विकास वर्मा सहित समाज के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कूटरचना कर उद्योग...

द्वारा खसरा नंबरों में निर्मित तालाब चुहरी डबरी और आसपास के कृषि भूमि का घेराबंदी कर चुहरी तालाब जल स्त्रोत को पाटकर समतल करने के उद्देश्य से निरंतर जेसीबी मशीन एवं अन्य यंत्रों द्वारा मेड़ को तोड़कर मौके पर उक्त जल स्त्रोत को पाटकर समाप्त किया जा रहा है। चुहरी तालाब आसपास के ग्रामीणों और मवेशियों के निस्तार हेतु पूर्व से ही सुरक्षित भूमि है। इस बात को जानते हुए भी इंडस्ट्री के संचालक एवं उनके कर्मचारी निरंतर जल स्त्रोत को पाटने का प्रयास जारी रखे हैं।

### राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी...

समिति की अध्यक्ष श्रीमति सुजाता शर्मा द्वारा सेजेस राजिम की अन्य विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा की गई इस अवसर पर फिंगेश्वर विकासखंड के शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, बी आर सी सी सुभाष शर्मा, , एन सी सी प्रभारी सागर शर्मा ,सेजेस राजिम के शिक्षक गण और कर्मचारी गण उपस्थित थे। संयुक्त संचालक द्वारा यथा संभव समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वासन दिया गया।

# मोहंदी आंगन बाड़ी केंद्र के छत का गिरा प्लास्टर , जांच में पहुंचे जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर




**बागबाहरा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा ब्लॉक में स्थित अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति खस्ताहाल है। कल मोहंदी ग्राम के आंगन बाड़ी केंद्र का छत का प्लास्टर अचानक गिर गया हालांकि नौनिहाल को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है लेकिन महिला बाल विकास की बड़ी लापरवाही सामने आ गई है । बतादे की बागबाहरा ब्लॉक में कुल 381 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे है जिसमें 3 से 6 वर्ष के बच्चे खेलकूद के साथ पढ़ाई करने आते है । ब्लॉक में संचालित 381 आंगनबाड़ी केंद्रों में , 3 आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय भवनों में संचालित है 5 आंगनबाड़ी सामुदायिक भवनों में संचालित हो रहे है । ब्लॉक के 14 आंगनबाड़ी केंद्र अति जर्जर हो चुके है वही 152 आंगनबाड़ी केंद्रों को त्वरित ही मेंटेनेंस की जरूरत है जिसके लिए लगातार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ब्लॉक परियोजना अधिकारी को भी अवगत कराया जाता रहा है लेकिन आज भी ये आंगनबाड़ी केंद्र डिस्टिमेंटल होने के बजाय भगवान भरोसे चल रहे इन जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की न ही अधिकारी सुध ले रहे है । जिसके चलते नौनिहालों के सर पर हमेशा खतरा मंडराता है ।

ग्राम मोहंदी के आंगनबाड़ी केंद्र के छत का प्लास्टर गिरने की खबर पाकर जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर , मधुलिका चंद्राकर (महिला बाल विकास सभापति ) , भूमिका रामलाल सिन्हा (सभापति) , रामलाल सिन्हा , एडीसन ठाकुर , मोहित सेन सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहे । जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि बागबाहरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी आंगन बाड़ी केंद्रों का यथा स्थिति को समझकर अति जर्जर भवनों को डिस्टिमेंटल के आदेश करवाने एवं जर्जर भवनों को रिपेयर करवाने के लिए कहा गया । केशव चंद्राकर ने कहा कि नौनिहाल के भविष्य के साथ साथ उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी जिम्मेदारी है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जल्द ही ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच के एक टीम बनाकर औचक निरीक्षण कर जांच भी किया जाएगा। केशव चंद्राकर ने बताया कि ब्लॉक में कई आंगनबाड़ी केंद्रों में असुविधा का ऐसा आलम है कि जहां पर बच्चों के खेलने के लिए आंगन , शौचालय एवं शुद्ध पेय जल , सभी बच्चों के एक साथ बैठने सहित सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल तक की सुविधा नहीं है। वही कुछ ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जिनकी दीवारे जर्जर है तो कही बारिश में छत से पानी टपकने की शिकायतें लगातार आ रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि नौनिहालों के लिए शासन एवं प्रशासन दोनों के रवैए उदासीन है जिसके चलते हर वक्त नौनिहालों के सर पर खतरा मंडराता रहता है। बागबाहरा ब्लॉक में विगत 3 वर्षो से आंगनबाड़ी केंद्र के मरम्मत के किसी भी प्रकार की राशि आबंटित नहीं किया गया सिर्फ रंगाई पुताई के लिए 3 हजार की राशि मिलती है ऐसे में इन जर्जर भवनों की स्थिति नहीं सुधरी जा सकती है शासन प्रशासन को चाहिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर उसकी स्थिति के अनुसार राशि आबंटित करे । अब जनपद स्तर में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुपरवाइजर एवम महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ मीटिंग कर जल्द ही आंगन बाड़ी केंद्रों में हो रही कमियों के लिए कार्ययोजना तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि जल्द से जल्द बागबाहरा ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण सुविधायुक्त हो सके।

# विप्र फाउंडेशन का मेघ मल्हार उत्सव



**भाटापारा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की ओर से पिछले दिनों सावन मास मेघ मल्हार महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों के साथ-साथ अतिथियों व बच्चों ने भी पूरे उत्साह से भाग लिया। मुख्य अतिथि की आसंदी से श्रीमति अंजु भृगु प्रदेश सरंक्षिका, श्रीमति शिवानी शर्मा प्रदेश मार्गदर्शक मंडल, श्रीमति चंद्रकिरण शर्मा प्रदेश सहसचिव, श्रीमति बबिता भृगु अध्यक्ष आदि गौड़ ब्राह्मण समाज, श्रीमति नेहा शर्मा अध्यक्ष लालसोट महिला मण्डल, श्रीमति उषा मिश्रा अखंड ब्राह्मण, प्रांतीय अध्यक्ष, श्रीमति सीमा तिवारी अखंड ब्राह्मणकोषाध्यक्ष उपस्थित रहीं। शिवजी अभिषेक थाली प्रतियोगिता जज श्रीमति क्षमा मिश्रा रहीं। संरक्षक अंजू भृगु ने प्रेरणादायक वक्तव्य से सभी महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनने की प्रेरणा दी। सचिव उमा पटाक व सुश्री पारीका शर्मा ने मंच संचालन से समारोह में समा बांधा। प्रदेश पदाधिकारियों ने विप्र फाउंडेशन के सभी सदस्यों और अध्यक्ष उमा शर्मा सेवाका को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। संस्था की अध्यक्ष उमा रेखराज शर्मा (सेवाका) के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। ऑन द स्पॉट गेम, स्लोगन व शिवजी का अभिषेक हेतु पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता में सबने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिवजी का अभिषेक थाली तैयार करने में प्रथम सुलेखा शर्मा, द्वितीय स्नेहल ओझा, तृतीयआशापुरोहित, और सांत्वना पुरस्कार में उमा पटाक व शशि पांडे को प्रदान किया गया। मारवाड़ी गाने में नृत्य प्रस्तुतियां एक से बढ़कर एक रही। जिसमें प्रमुख नाम है -ड्यूएट में - बेला शर्मा व शिवांशी शर्मा, एकल में- वंदनाशर्मा, प्रियंका शर्मा, विद्याश्री शर्मा, स्नेहल ओझा, साक्षी जोशी, ऋषिता शर्मा। घुमर में विशेष - घुमर की कोरियोग्राफी सुश्री शिवांशी शर्मा ने की जिसमें उमासेवाका, आशापुरोहित, मीता शर्मा, पिंकी शर्मा, उमा पटाक, शिवानी शर्मा, साक्षी शर्मा, ममता मादुका और बेला सेवाका ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और सुहाग सामग्री देकर सम्मानित किया गया। मणिशर्मा, सुलेखा शर्मा, उषा भृगु, लता शर्मा, सुशीला तिवाड़ी, आशा सेवाका, चंदा शर्मा, नीलिमा शर्मा, सुनीता हटीका, मोहिनी शर्मा, ज्योति शर्मा, वंदना शर्मा, नीतू भृगु, उमा पटाक, आशा पुरोहित, साक्षी जोशी, मीता शर्मा, शशि पांडे, प्रियंका शर्मा, साक्षी शर्मा, ममता मादू, बेला शर्मा, पिंकी शर्मा आदि सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी से प्रतिभागिता निभाई। आयोजन के समापन पश्चात् अध्यक्ष उमा शर्मा सेवाका ने सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया। उपर्युक्त जानकारी मीडिया प्रभारी वंदनागोपाल शर्मा ने दी।

# हरेली में बीजकुटनी मांगने की प्रथा : ज्योति किरण



**महासमुंद**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। डा. ज्योति किरण चद्राकर ने बताया कि हरेली का त्यौहार कृषि से संबंधित त्यौहार है, जो कि सावन माह में अमावस्या के दिन मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में मुख्य रूप से कृषक निवास करते हैं और हरेली का त्यौहार इसलिए धूमधाम से मनाया जाता है। हरेली के दिन कृषक वर्ग आँगन में मुरम बिछाकर कृषि औजारों को उस पर रखकर विधि-विधान से पूजा करते हैं। यह त्यौहार पशुधन संरक्षण का संदेश देता है। इस दिन राउत अपने मालिक के घर चौखट में नीम की टहनी टाँगते हैं। ऐसा ग्रामीण अँचल में प्रचलित है कि इससे घर में विपत्ति नहीं आती। इसी दिन लोहार दरवाजे में कील ठोकते हैं इसके पीछे यह लोकविश्वास है कि ऐसा करने से विपत्ति टल जाती है। इस दिन राउत लोहार एरऊतईन और औरपौनी. पसारी; अन्य जाति के लोगद्ध को गृहस्वामी के द्वारा अन्न, चीला, चाँवलपुरी दूधफरा प्रसाद स्वरूप दिया जाता है। अँचल में राउतईन द्वारा बीजकूटनी मांगने की परंपरा भी की जाती है। राउतईन इस दिन गोबर से या रंग से घर की बाहरी दीवारों पर भित्तिचित्र अंकित करती है। लोकमानस में माना जाता है कि इससे परिवार के लोगों पर कोई बुरा प्रभाव व नजर नहीं लगता। राउतईन के द्वारा भित्तिचित्र अंकित करने पर गृहस्वामी द्वारा स्वेच्छा से पैसा व अन्नदान दिया जाता है। इस परंपरा को बीजकुटनी मांगना कहा जाता है। ग्रामीण अंचल में हरेली के पहले दिन राउत जंगल से दशमूल जड़ी व जंगली प्याज व खम्हारपत्ता बरगंडापत्तालाकर हँडी में उबालते हैं। अगले दिन हरेली के दिन गेहूं आटा को गुँथकर उसमें दशमूल जड़ी एगाँदली व नमक डालकर गोलाकार लोई बनाते हैंए और खम्हार पत्ता में लपेटकर पशुओं को खिलाते है। ऐसा माना जाता है कि इससे चौपायों को खुरहा. चपका व अन्य बरसाती बीमारियों से सुरक्षित किया जाता है। इस प्रकार यह त्यौहार पशुधन संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

# दिव्यांग पंचराम को मिला बैटरी चलित ट्रायसिकल



**बलौदाबाजार**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग पंचराम रात्रे को बैटरी चलित ट्रायसिकल दिया। जिससे अब आने-जाने में उन्हे सुविधा होगी। पलारी विकासखंड के ग्राम कुसमी निवासी पंचराम रात्रे (आयु 36 वर्ष) जो कि बचपन से ही पोलियोग्रस्त हैं तथा लगभग 80 प्रतिशत शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, उन्हें अब आवागमन और दैनिक कार्यों में सहूलियत मिलेगी। पंचराम रात्रे ने ट्रायसिकल प्राप्त होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब तक दैनिक कार्यों और आने-जाने में काफी कठिनाई होती थी, परंतु अब इस बैटरी चलित ट्रायसिकल से काफी सहूलियत होगी। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए समय-समय पर आवश्यक सहयोग एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा ऐसे हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

# जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरुकता को लेकर जल, जंगल यात्रा का आयोजन

**बलौदाबाजार**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। वनमंडल अधिकारी धम्मशील गणवीर के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत देवरी परिवृत में जल-जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन एवं जल के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय ग्रामवासियों और विद्यार्थियों को वन्य जीव व वनस्पतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम अंतर्गत राजदेवरी के हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों और ग्रामीणों को वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष पैकरा के नेतृत्व में एक विस्तृत वन भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों एवं बच्चों को वनों से निकलने वाले नालों में कराए गए विभिन्न भू-जल संरक्षण कार्यों



**स्कूली छात्र एवं ग्रामीण वन्य जीव व वनस्पति से हुए रुबरु**

के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिससे उन्हें भूजल को संरक्षित करने के महत्व को समझने में मदद मिली। वन्य जीव और वनस्पति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की वन्य वृक्ष प्रजातियों और वन्यप्राणियों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से तितलियों और पक्षियों के विकास और उनके पारिस्थितिकी तंत्र में भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। इससे सभी प्रतिभागियों को प्रकृति के प्रति एक गहरी समझ विकसित करने का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को भविष्य में वन सुरक्षा और संरक्षण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें अपनी पढ़ाई की दिशा में सही विषय चुनने हेतु करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया ताकि वे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल राजदेवरी के परिसर एवं सहायक परिवृत आवासीय परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सरपंच राजदेवरी, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल चंद्रहास ठाकुर वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, समिति सदस्य, छात्र छात्राएं, शिक्षकगण, ग्रामवासी, परिक्षेत्र के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण एवं सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास उन्मूलन कार्यक्रम में विज्ञान के चमत्कारों का प्रदर्शन



**बागबाहरा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुसरुपाली, संकुल केंद्र नवाडीह खुर्द में अंधविश्वास उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अपर कलेक्टर तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम, मिडिल स्कूल कसेकेरा के प्रधानपाठक डॉ विजय शर्मा तथा मिडिल स्कूल हाथीबाहरा के प्रधान पाठक खेमचंद चक्रधारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विश्वास मेश्राम ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि अंधविश्वास केवल भय और भ्रम का जाल है, जिससे बाहर निकलकर वैज्ञानिक सोच को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने पानी डालकर आग बुझाने के स्थान पर नारियल में पानी डालकर आग लगाने और इस प्रकार भूत भस्म करने के नाम पर होने वाली ठगी को स्वयं प्रैक्टिकल कर दिखाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुनियां में कहीं भूत प्रेत जादू टोना नहीं होता। कोई महिला टोनही नहीं होती और जादू टोने के नाम पर हमारे डर का फायदा उठाकर हमें ठगा जाता है। उन्होंने मंत्र शक्ति से अग्नि प्रज्वलित करने का प्रदर्शन करते हुए बताया कि यह पोटैशियम परमैगनेट पर ग्लिसरीन की रासायनिक क्रिया है जिससे आग उत्पन्न हो जाती है और हमें लगता है कि किसी ढोंगी बाबा ने अपनी मंत्र शक्ति से अग्नि प्रज्वलित कर दिया। उन्होंने बच्चों से ढेर सारे सवाल पूछे और उन्हें सवाल पूछने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि हर घटना का कोई न कोई कारण होता है। वैज्ञानिक अभिक्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बच्चों को आश्चर्य में डाला लेकिन फिर उन्होंने स्पष्ट किया कि इन घटनाओं का जादू-टोना से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों और बच्चों को भूत-प्रेत, तंत्र-मंत्र जैसी मान्यताओं से बचने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने सर्पदंश से बचाव हेतु जानकारी दी और किसी भी व्यक्ति को जहरीले सांप के काटने पर तत्काल सरकारी अस्पताल जाकर डाक्टर की देखरेख में एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी।

मीडिल स्कूल कसेकेरा के प्रधानपाठक डॉ विजय शर्मा ने भी बच्चों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में आज भी अंधविश्वास गहराई तक फैला हुआ है। जो सामाजिक प्रगति में बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और तर्क के माध्यम से ही इन कुरीतियों का समाधान संभव है। उन्होंने बच्चों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने, किसी भी घटना को समझने का प्रयास करने और अंधश्रद्धा से दूर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को बचपन से ही जागरूक बनाना जरूरी है, ताकि भविष्य में एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाला समाज तैयार हो सके। कार्यक्रम का संचालन खुसरुपाली मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक प्रेमचंद डडसेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक धीरज तिवारी और इको क्लब की प्रभारी शिक्षिका उषा चंद्राकार की भी उपस्थिति रही जिन्होंने स्कूल को पर्यावरण अनुकूल बनाकर पर्यावरण शिक्षा में अतुलनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

# पिथौरा के हेमंत खुटे को मिला लक्ष्मीदेवी सुगंधी स्मृति शिक्षक सम्मान



**पिथौरा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। देश के प्रतिष्ठित पत्रकार - साहित्यकार - चिंतक ललित सुरजन की जयंती के अवसर पर रायपुर के लोकायन में आयोजित व्याख्यान एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में पिथौरा के हेमंत खुटे को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी एकांतिक कर्मनिष्ठा अनुकरणीय सेवा भावना, दीर्घकालिक सेवा एवं नई पीढ़ी को उच्च संस्कार प्रदान करने के उनके सफल प्रयत्नों के लिए श्रीमती लक्ष्मीदेवी सुगंधी स्मृति शिक्षक सम्मान दिया गया।

यह सम्मान व्याख्यान एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, अध्यक्षता कर रहे राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास तथा प्रमुख वक्ता डॉ सुशील त्रिवेदी ( आई ए एस सेवानिवृत) पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त के करकमलों प्रदाय किया गया। ज्ञात हो कि यह सम्मान प्रदेश स्तर पर केवल पांच प्रतिभाओं को दिया गया।

हेमंत को इस उपलब्धि के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डडसेना, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम, सचिव डॉ वाय के सोना बिनोद कुमार लाल, मेजर डॉ एच के एस गजेंद्र, नंदकुमार चक्रधारी, प्रो निधि सिंह, डॉ पी आर धृतलहरे, डॉ दिनेश मिश्र, सोनित कुमार, अखिल भारतीय शतरंज संघ के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया, प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, रजिंदर खनूजा, अंतर्यामी प्रधान, बीजू पटनायक, सुधीर पाण्डेय, बिंदिया, काजल सिंह राजपूत, श्रुति एवं विराट ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# संवेदनशीलता से करें पेंशन प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर

**बलौदाबाजार**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिला पंचायत के सभागार में जिला कोषालय द्वारा पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आभार पोर्टल के संचालन, ई-बिल में जीएसटी व टीडीएस कटौती, पेंशन प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया, तकनीकी दिक्कतों के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

**पेंशन प्रकरण एवं जीएसटी बिल को लेकर कार्यशाला आयोजित**

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा सभी विभाग अपने यहां लंबित पेंशन प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों के लिए पेंशन ही उनकी आमदनी का जरिया होता है। यह काफी संवेदनशील और भावुक कर देने वाला विषय है। उन्होंने कहा कि जीवन पर्यन्त सेवाएं देने के बाद एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की यही अपेक्षा होती है कि उसे समय पर पेंशन का भुगतान हो जाये। उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारियों को एक दिन सेवानिवृत्त होना ही होता है इसलिए हमें पेंशन प्रकरण का निराकरण पूरी संवेदनशीलता से मिशन मोड पर करना चाहिए। आप यह सुनिश्चित करे कि किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। कार्यशाला में जिला कोषालय अधिकारी सुश्री सौम्या शर्मा ने सभी विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारी (डीडीओ), लेखाधिकारियों को पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आ रही परेशानियों का समाधान भी किया।

# अफसरों ने कुपोषित बच्चे लिए गोद, 6 माह तक पोषण आहार का उठाएंगे पूरा खर्च

**गरियाबंद**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में गंभीर कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों

- **कलेक्टर ने कामेश और अपर कलेक्टर ने यश की ली ज़िम्मेदारी**
- **दोनों को मिलेगा नियमित पौष्टिक आहार**

ने एक अनुकरणीय पहल की है। महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में चलाए जा रहे जन सहभागिता के तहत कलेक्टर भगवान सिंह उइके और अपर कलेक्टर नवीन कुमार भगत ने दो कुपोषित बच्चों को गोद लेकर छह महीने तक उनके पोषण आहार और स्वास्थ्य देखभाल का संपूर्ण



खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। कलेक्टर उइके ने जिला मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 रावनभाठा के तीन वर्षीय गंभीर कुपोषित बालक कामेश ध्रुव को गोद लिया है। वहीं अपर कलेक्टर भगत ने आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 मजरकट्टा के तीन वर्षीय यश कुमार ध्रुव को गोद लेकर छह महीने तक उनके लिए निर्धारित पौष्टिक सामग्री और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की सहमति दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह पहल बच्चों को गंभीर कुपोषण से निकालकर मध्यम या सामान्य पोषण श्रेणी में लाने में मदद करेगी, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर तरीके से हो सकेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय ने बताया कि जिले में अब तक 920 गंभीर कुपोषित बच्चे चिन्हांकित किए गए हैं, जिनमें से 680 बच्चों को समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा गोद लिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि गोद लिए गए बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य परीक्षण और निगरानी दी जा रही है। इस अवसर पर सीडीपीओ चन्द्रहास साहू, सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पालकगण भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मनाई जयंती




**बलौदाबाजार**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद, बाल गंगाधर तिलक की जयंती एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री बिसाहु दास महंत की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसजनों ने इस अवसर पर उनका पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद बाल गंगाधर तिलक की जयंती एवं पूर्व मंत्री बिसाहु दास महंत की पुण्यतिथि के अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरें, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय दिनेश यदु, हितेंद्र ठाकुर, राकेश वर्मा, श्रीमती सीमा वर्मा, सतीश अग्रवाल, परमेश्वर यदु ने शहीदों का पूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि भारत देश की आजादी में चंद्रशेखर आजाद बाल गंगाधर तिलक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके द्वारा आजादी के आंदोलन को एक नई दिशा मिली। मध्य प्रदेश में कैबिनेट मंत्री व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के रूप में उनके ऐतिहासिक कार्य निर्वहन की क्षमता को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता। स्वर्गीय महंत जी कबीरपंथी होने के साथ-साथ गांधीवादी विचारक थे। सादा जीवन उच्च विचार की गरिमा को हर हमेशा जीवन की उच्चतम मूल्य मानते थे। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, रूपेश ठाकुर, गुरुदयाल यादव, सुनील कुर्रे, आर्यन शुक्ला, रोहित साहू, पद्मेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, मनोज प्रजापति, धर्मेंद्र वर्मा, जितेंद्र नवरत्न, सूर्यकांत वर्मा, जय सिंह ठाकुर, प्रवीण सेन, वैभव केसरवानी, दिवाकर मिश्रा, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# नेवरा शाला में वृक्षारोपण



**तिल्दा**, 23 जुलाई (देशबन्धु)। नारायण दास बगड़िया पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा में वृहद वृक्षारोपण खुशी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर मोहनानी शिक्षा सभापति न.पा. रानीसौरभ जैन, पार्षद श्रीमती ज्योति नागवानी, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा, संकुल श्रोत समन्वयक संतोष शर्मा, संकुल प्राचार्य राजेश चंदानी, प्रधानपाठक विरेंद्र टंडन, एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं, पालकगण एवं विद्यालयीन छात्र - छात्राएं द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर सामूहिक रूप के वृक्षारोपण किया। जिसमें कुल 100 पेड़ लगाएं। इस अवसर पर डॉक्टर मोहनानी ने अपने उद्बोधन में कहा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं जिससे हमारा प्रकृति हर भरा और प्राकृतिक रूप से सुंदर हो सकें।

संकुल समन्वयक, संकुल प्राचार्य एवं प्रधानपाठक ने बताया कि शासन द्वारा 8000 पौधें तिल्दा परिक्षेत्र के लिए प्रदान किया गया है।

# 4.65 करोड़ से बनेगा कन्या महाविद्यालय का भवन, डोंगरी में 15 एकड़ जमीन पर होगा निर्माण

■ विधायक रोहित साहू ने महाविद्यालय का जायजा लिया, निर्माण कार्य शुरू करने लोक निर्माण विभाग को दिए निर्देश




**गरियाबंद,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। शिक्षा के क्षेत्र में गरियाबंद की बेटियों के लिए एक बड़ी सौगात मिली है। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गरियाबंद को जल्द ही अपना अलग और सुसज्जित भवन मिलेगा। इसके लिए 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंगलवार को विधायक रोहित साहू ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया और शीघ्र टेंडर जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक रोहित साहू कहा कि बेटियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिले यह हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरियाबंद में शासकीय कन्या महाविद्यालय के लिए नवीन भवन की सौगात दी है। जल्द ही 4.65 करोड़ की लागत से पूर्ण सुसज्जित कन्या महाविद्यालय भवन प्राप्त होगा। यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा का सशक्त माध्यम बनेगा। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ मछुवा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक रोहित साहू का आभार जताते हुए, कहा कि विगत कई वर्षों से पृथक भवन की मांग की जा रही थी। अब यह मांग पूरी होती देख क्षेत्र में हर्ष है।

### सुरेंद्र साय महाविद्यालय में हो रहा संचालन

ज्ञात हो कि कन्या महाविद्यालय विगत दो वर्षों से वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय भवन में द्विपाली सत्र में संचालित हो रहा है, जिससे छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसके लिए ग्राम डोंगरी में 15 एकड़ आरक्षित भूमि अब विधिवत महाविद्यालय के लिए आबंटित कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है कि तय समयसीमा में टेंडर जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ करें ताकि आगामी सत्र में ही छात्राएं नए भवन में अध्ययन प्रारंभ कर सकें। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य ने शिक्षकों की नियुक्ति एवं विषयों की स्वीकृति का प्रस्ताव रखा, जिस पर विधायक साहू ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ, छात्राएं और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, प्रशांत मानिकपुरी, हरीश साहू, पार्षद सूरज सिन्हा, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, प्रतीक तिवारी, पप्पू ठाकुर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंडरीपानी मे शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन एवं छात्र छात्राओ को गणवेश वितरण



**बिलाईगढ़** 23 जुलाई (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंडरीपानी मे शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन किया गया। छात्र छात्राओ को गणवेश वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत पंडरीपानी के सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद साहू शामिल रहे। इस दौरान श्री साहू ने छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की च्चशिक्षाज्ज मनुष्य की जीवन में सबसे महत्व स्थान रखती है शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन पशुता के समान है शिक्षा से ही गाँव , क्षेत्र और देश की विकास संभव है, बच्चों को प्रत्येक दिन नियमित रूप से स्कूल आने एवं अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया और बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु स्वयं की राशि से सभी बच्चों को टाई ,बेल्ट, मोजा, देने और कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को चाँदी की मेडल से सम्मानित करने हेतु घोषणा किया इसी दौरान शाला प्रबन्धन विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू ने भी अपने तरफ से कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को 1100 -1100 रुपये से सम्मानित करने की घोषणा की कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला विकास समिति उपाध्यक्ष चरण लाल रात्रे, शिक्षाविद् कमलेश साहू उपसरपंच नाजनीन बानो अब्दुल खान, हरिशंकर साहू पंच, साहेब लाल साहू पंच , संजना रात्रे पंच, पवन जांगड़े, ललिता रात्रे सदस्य, राधिका महंत सदस्य सभी शिक्षक गण, पालकगण, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# नक्शा-बटांकन, स्वामित्व योजना व डिजिटल कार्यों की प्रगति पर कलेक्टर की सख्ती, पटवारियों की कार्यशैली की समीक्षा

**धमतरी,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के सभाकक्ष में जिले के पटवारियों की कार्यप्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने नक्शा-बटांकन, सीमांकन, डिजिटल हस्ताक्षर, आधार सीडिंग एवं स्वामित्व योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी, एसडीएम प्रीती दुर्गम, नभसिंह कोसले, जनपद पंचायतों के सीईओ, आरआई एवं पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि हर दो माह में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिन पटवारियों ने अब तक नक्शा-बटांकन, डिजिटल हस्ताक्षर एवं अन्य कार्य पूर्ण नहीं किए हैं, वे निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करें। जनता से संबंधित राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध और पारदर्शी निपटारा किया जाए। शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने उन पटवारियों प्रशंसा की जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में सभी नक्शा-बटांकन, डिजिटल और तकनीकी कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। कलेक्टर ने शेष पटवारियों से भी इसी तरह की सक्रियता और प्रतिबद्धता की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा, 'आपका कार्य ही हमारे जिले की पहचान बनाता है। उच्चस्तरीय समीक्षा में जिले का प्रदर्शन आपके काम से ही आंका जाता है। ऐसे में सभी पटवारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।' बैठक में राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के जरिए पटवारियों के कामकाज की जानकारी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर उन्होंने स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड वितरण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल राजस्व सेवाओं की स्थिति पर भी अधिकारियों से जानकारी ली।

# जिले में कुष्ठ व टीबी रोगों की पहचान के लिए विशेष पखवाड़ा अभियान चलाएं: कलेक्टर

**बिलाईगढ़** 23 जुलाई(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों के साथ जिले के प्रगतिरत कार्यों और प्राप्त आवेदनों का समीक्षा समय सीमा की बैठक में किया। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. निराला को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में विशेष पखवाड़ा अभियान की रूपरेखा बनाकर टीबी, सिकलसेल, कुष्ठ से प्रभावित इलाकों का सघनता से घर-घर जाकर सर्वे कराएं। इस सर्वे कार्य में डॉक्टर, नर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन सभी का सहयोग लें। इसके साथ बीमारी की संभावित क्षेत्रों जैसे महानदी किनारे बसे गांवों में भी सर्वे (स्क्रीनिंग) करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस सर्वे से प्राप्त मरीजों का संबंधित हॉस्पीटल में इलाज के लिए समुचित व्यवस्था किया जाए। अधिक से अधिक मरीजों का चिन्हांकर कर उनको स्वास्थ्य का लाभ दें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि वे पुन: आयुष्मान शिविर सह आधार अपडेट का शिविर चलाएं और शत् प्रतिशत कार्य पूर्ण करें।



कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने विद्युत अधिकारी प्रफुल्ल चंद्र महानंदा को निर्देश दिए कि बिजली कटौती से संबंधित कोई रूकावट है तो उसका आवश्यक सुधार करें। साथ ही स्मार्ट मीटर जिन विभागों ने नहीं लगाया है, उन विभागों में स्मार्ट मीटर कार्य शीघ्रता से लगवाएं। भूअर्जन के प्रकरण में अब तक संतोषजनक कार्य नहीं होने पर कार्यपालन अभियंता पी एल पैकरा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को भी लगातार समय सीमा की बैठक में अनुपस्थित रहने और विभागीय कार्यों में संतोषजनक कार्य नहीं करने पर नोटिस जारी करन के निर्देश दिए। एम माह से अधिक समय तक बिना अनुमति शासकीय सेवक की अनुपस्थित पर उनके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही नहीं करने वाले प्राचार्य के साथ साथ बीईओ को भी नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने श्रम कार्यालय सहित सभी कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र और राशन दुकान सहित अन्य संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यालय के बंद होने, शिविर होने या कोई अन्य ड्यूटी में प्रस्थान करने के पूर्व अपने कार्यालय के दरवाजा या सूचना पटल में कार्यालय, संस्था या राशन दुकान बंद होने के कारण को दर्शाएं। कलेक्टर ने सभी सीईओ और अन्य अधिकारियों को कहा कि किसी भी प्र्रकार का निर्माण की मांग किया जाता है तो उसके पात्रता की सभी बिन्दुओं को दस्तावेज पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाए। यदि मांग के अनुरूप बजट या स्वीकृति विभाग से प्राप्त नहीं हुई है तो आवेदक को इसकी सूचना दिया जाए कि, इन कारणों से यह कार्य अब तक नहीं हो पाया है या नहीं किया जा सकता है। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत नि:शुल्क स्कूल गणवेश और पुस्तक वितरण, जाति प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी लेकर अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में धान उठाव, राशनकार्ड केवायसी, पीएम, जल जीवन मिशन आदि के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संदिग्ध राशन कार्ड की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों ने खरीफ फसल की धान बुआई कार्य प्रारंभ कर दिया है। ऐसे में उनके खेतों का सर्वे कार्य प्रारंभ करें। साथ ही किसानों को एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन करने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारी किसानों को प्रेरित कर पंजीयन कराएं और उन्हें समझाएं कि एग्रीस्टेक में पंजीयन करने पर ही किसान को प्रधानमंत्री फसल बीमा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि विभिन्न योजनाओं का लाभ होगा। धान खरीदी भी पंजीयन के बाद होगा। उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टेक भारत सरकार द्वारा विकसित भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए एक डिजिटल रिकार्ड है। इसका उद्देश्य किसानों के लिए एक संपूर्ण डेटाबेस तैयार करना है जिसमें उनकी पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, ऋण, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास की जानकारी शामिल है। किसान कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण मेगा शिविर

**गरियाबंद,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के वन विभाग ऑक्सन हॉल में शुक्रवार 25 जुलाई को मेगा हेल्थ शिविर लगेगा। इसमें जिले के 920 गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। यह परीक्षण राजधानी रायपुर के बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर और उनकी टीम द्वारा नि:शुल्क किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 26 जून को दिशा समिति की बैठक में जिले में कुपोषण दर कम करने का निर्णय लिया गया था। इसी के तहत यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। परीक्षण के बाद गंभीर कुपोषित बच्चों को समाजसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, नोडल अधिकारियों को गोद दिलाया जाएगा। रविवार 27 जुलाई को सांस्कृतिक भवन छुरा में भी स्वास्थ्य शिविर लगेगा। इसके बाद फिंगेश्वर, मैनपुर और देवभोग विकासखण्डों में भी मेगा हेल्थ शिविर होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, समाजसेवी संस्थाएं, स्वयंसेवी संगठन और व्यापारी संगठन बच्चों को गोद लेने में उत्साह दिखा रहे हैं। अब तक जिले के 680 बच्चों को गोद लिया जा चुका है। लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे।

# जिले में राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के रजत जयंती समारोह का होगा आयोजन

**गरियाबंद,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में रजत जयंती वर्ष 2025-26 मनाया जाएगा। 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक महाअभियान चलेगा। इसमें राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कृषि और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियां होंगी। इन कार्यक्रमों में युवा, महिला, किसान और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जनप्रतिनिधि, योजनाओं के लाभार्थी, विद्यार्थी, श्रमिक, भूमिहीन मजदूर और उद्यमी भी शामिल होंगे। मंगलवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आयोजन की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी विभाग तय समय में आयोजन की तैयारी करें। बैठक कलेक्टर बी.एस. उइके ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। लंबित प्रकरणों को तय समय में निराकरण के निर्देश दिये। जनदर्शन, जनचौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, लोक संवाद, सीपी ग्राम और उच्च कार्यालयों के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की समीक्षा की। स्वीकृत और निर्माणाधीन आवासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन आवासों को प्राथमिकता से पूरा करें। आवास की मूलभूत सुविधा से लाभ दिलाना जरूरी है। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि कार्यालय के लिए सामग्री जेम पोर्टल से ही खरीदें। सामग्री का भौतिक सत्यापन कर उपयोग में लाएं। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। अब सभी कार्य ई-ऑफिस से हों। इससे दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग, पारदर्शिता, समय की बचत और कार्यों की गति में सुधार होगा। नगरीय निकायों में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर संबंधितों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिये। कार्रवाई न करने पर जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने खरीफ सीजन की स्थिति की जानकारी ली। वर्षा की स्थिति, खाद-बीज के भंडारण और वितरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी समितियों में खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे। किसानों को कोई परेशानी न हो। वितरण में भी पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत, पंकज डाहिरे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला अधिकारी मौजूद रहे।



# गौ सेवा में समर्पित सौरभ अग्रवाल बने भारतीय गौ क्रांति मंच के महासमुंद जिला अध्यक्ष

**पिथौरा,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। गौ रक्षा एवं संवर्धन के क्षेत्र में लंबे समय से नि:स्वार्थ सेवाएं दे रहे सौरभ अग्रवाल (मोनू) को भारतीय गौ क्रांति मंच (रजि.), छत्तीसगढ़ प्रांत की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा महासमुंद जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री राजा पांडे द्वारा रायपुर में आयोजित सम्मेलन के दौरान प्रदान की गई।




सौरभ अग्रवाल की गौ सेवा, बचाव कार्य और जन-जागरूकता अभियानों से न केवल जिले में बल्कि पूरे प्रदेश में उन्हें ख्याति प्राप्त हुई है। उन्होंने गौवंश की सेवा कर समाज में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी सेवाओं से पूरा क्षेत्र गर्व महसूस करता है।

इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच प्रदेश संयोजक मनीष अग्रवाल, ईवन साहू, जिला संयोजक गौ सेवा, संकित जैन, जिला संयोजक गौ रक्षा स्वप्निल तिवारी, परमीत सिंह माटा एवं वरिष्ठ गौ सेवक राजा अग्रवाल ने भी सौरभ अग्रवाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा व दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर गौ सेवा के कार्य और अधिक गति से आगे बढ़ेंगे।

सौरभ अग्रवाल (मोनू) ने इस अवसर पर कहा कि वे प्रदेश कार्यकारिणी के विश्वास पर खरा उतरते हुए अपने नए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करेंगे तथा संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

गौ माता की सेवा को राष्ट्र सेवा मानने वाले सौरभ अग्रवाल की इस नियुक्ति पर अनेक स्थानों से लोगों ने उन्हें बधाइयाँ प्रेषित की हैं।

# नवनिर्वाचित सरपंचों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम अरोरा शिक्षण केन्द्र कुरुद में हुआ संपन्न

■ ग्राम पंचायतों के कंधो पर गांव के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी-अध्यक्ष अरूण कुमार सार्वा

■ सरपंच प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रशासनिक कौशल से होंगे मजबूत-सीईओ रोमा श्रीवास्तव

**धमतरी,** 23 जुलाई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कुरुद द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित सरपंचों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम अरोरा शिक्षण केन्द्र कुरुद में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण कुमार सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सभापति अजय ध्रुव, कुरूद जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सरपंचों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने कहा कि आज ग्राम पंचायतों के कंधो पर गांव के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी है। आप सभी सरपंच गांव के प्रतिनिधि हैं। आपकी नीतियां, कार्य शैली और दृष्टिकोण ही गांव के भविष्य को निर्धारित करेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि-ग्राम सभा को सशक्त बनाना ही पंचायत की आत्मा को जीवंत करना है। प्रशिक्षण से न केवल प्रशासनिक समझ बढ़ती है बल्कि नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। यह प्रशिक्षण आपके कामकाज को सरल और पारदर्शी बनायेगा।

जिला पंचायत धमतरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि- ग्राम पंचायतों का कुशल नेतृत्व ही ग्रामीण विकास की नींव है। सरपंच केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि ग्राम के विकास योजनाओं के संवाहक होते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके प्रशासनिक कौशल को मजबूत करेगा। उन्होंने सरपंचों से न्याय, पारदर्शिता और सहभागिता के सिद्धांतों पर चलकर अपने कार्यों का निष्पादन करने की अपील की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित जनप्रतिनिधियों को शासन की प्रमुख योजनाओं, निर्माण कार्यों की प्रक्रिया, नियमों एवं ग्राम पंचायत के प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूक एवं दक्ष बनाना है। आगे उन्होंने सरपंचों से संवाद एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।




सरपंचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सबसे पहले भंडार क्रय नियम के तहत निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्रियों की खरीदी के लिए आवश्यक भंडार क्रय नियमों की विस्तृत जानकारी लेखा अधिकारी जिला पंचायत श्री चंदन टंडन ने दी गई। आगे उन्होंने यह भी बताया गया कि पारदर्शिता, अनुमोदन की प्रक्रिया एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना ग्राम पंचायत के दायित्व में शामिल है। पंचायती राज अधिनियम के तहत उपसंचालक नकुल वर्मा नू बताया कि-पंचायतीराज अधिनियम केवल कानून नहीं ग्राम स्वराज की आधारशिला है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की मूल धाराओं और उनके प्रभाव को गहराई से समझें यह अधिनियम ग्रामसभा को सर्वोच्च मान्यता देता है। यह ग्राम विकास में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। आप सरपंच न केवल ग्राम पंचायत के मुखिया हैं बल्कि ग्रामसभा के भावना के संवाहक भी हैं। आगे उन्होंने यह भी बताया कि अधिनियम के माध्यम से पंचायतों को जो वित्तीय, प्रशासनिक और विकासात्मक अधिकार दिये गये हैं उनकी सही समझ से ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उद्देश, हितग्राहियों के चयन का आधार, बर्हिवेशन मापदंड, योजना ग्रामीण का चरणबद्ध क्रियान्वयन, वित्तीय सहायता,आवास की रूपरेखा, आवास निर्माण में हितग्राहियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश,योजना अंतर्गत कार्यरत मैदानी अमलो का कार्य एवं दायित्व,नवाचार योजना द्वारा ग्रामीण बिहान समूह महिलाओं का आजीवीका संवर्धन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया और अंत मे योजना अंतर्गत संभावित समास्या एवं उसके समाधान की जानकारी दी गयी।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ग्रामों में शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर जानकारी दी गई। सरपंचों को जनजागरूकता अभियान में भागीदार बनने का आह्वान किया गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 100 दिवस के रोजगार, मजदूरी भुगतान, कार्य की प्रविष्टि, मास्टर रोल, तकनीकी स्वीकृति एवं निगरानी की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। ग्राम पंचायत सरपंचों को बताया गया कि पारदर्शी क्रियान्वयन ही ग्राम विकास की कुंजी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रमुख माध्यम है। योजना के अंतर्गत कार्यरत स्वसहायता समूहों की संरचना, संचालन, बैंक लिंकेज आय मूलक गतिविधियों, सामुदायिक संस्थाओं और ग्राम संगठन की भूमिका की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुरुद के सीईओ, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव एवं योजना प्रभारी अधिकारियों ने विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से सरपंचों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

सरपंच प्रशिक्षण कार्यक्रम में चंदन टंडन जिला लेखा अधिकारी, नकुल प्रसाद वर्मा, धरम सिंह सहायक परियोजना अधिकारी, मोनेश साहू , रविन्द्र वर्मा, अनुराग मिश्रा, रतन लंझियाना, विनोद देवान ने योजनांतर्गत विस्तृत जानकारी से प्रशिक्षण दिया। अंत में अमित सेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद ने आभार प्रदर्शन किया।